TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 220
शुक्रवार 5 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 39°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-16 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


# अफसरों की जवाबदेही तय करे सरकार: हाईकोर्ट

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी, शासन-प्रशासन में जवाबदेही पर जोर

**प्रयागराज, 04 जून।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश की नौकरशाही और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वह इस वास्तविकता को स्वीकार करें कि अब समय आ गया है जब वरिष्ठ अधिकारियों और शीर्ष प्रशासनिक पदों पर बैठे अफसरों को उनके विभागों तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की चूकों के लिए जवाबदेह बनाया जाए। अदालत ने यहां तक कहा कि उपयुक्त मामलों में ऐसे अधिकारियों को आपराधिक रूप से भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य को 'उच्च जिम्मेदारी' के सिद्धांत को अपनाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

इस सिद्धांत के तहत प्रशासनिक व्यवस्था में उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों को केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं माना जाएगा, बल्कि उनके अधीन कार्यरत कर्मचारियों के आचरण, कार्यप्रणाली और प्रशासनिक परिणामों के लिए भी उत्तरदायी माना जाएगा।

### टिप्पणी
- मुख्यमंत्री से कहा-अधीनस्थों की चूक पर वरिष्ठ अधिकारी भी हों जिम्मेदार
- भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और प्रशासनिक विफलताओं पर आपराधिक दायित्व तक की टिप्पणी

अदालत ने अपने 16 पृष्ठों के आदेश में कहा कि सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी और पारदर्शी डिलीवरी सुनिश्चित करना वरिष्ठ अधिकारियों की पेशेवर और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। यदि उनके अधीनस्थों द्वारा भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, रिकॉर्ड छिपाने, सरकारी आदेशों की अवहेलना अथवा अन्य गंभीर अनियमितताएं की जाती हैं और उन्हें रोकने या दोषियों को दंडित करने में वरिष्ठ अधिकारी विफल रहते हैं, तो उनकी जवाबदेही केवल प्रशासनिक स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने संस्थागत पतन के दो प्रमुख रूपों का भी उल्लेख किया। पहला 'मन का भ्रष्टाचार', जिसमें निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित किया जाता है, और दूसरा 'पैसे का भ्रष्टाचार', जिसमें सार्वजनिक पद को व्यक्तिगत आर्थिक लाभ का माध्यम बना लिया जाता है। अदालत ने कहा कि ऐसी प्रवृत्तियां शासन व्यवस्था को कमजोर करती हैं और इनके लिए जवाबदेही तय होना आवश्यक है। यह टिप्पणी व्यवसायी अवनीश कुमार अग्रवाल द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान की गई। याचिकाकर्ता ने बरेली की विशेष अदालत द्वारा पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार किए जाने को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान अदालत के सामने यह तथ्य भी आया कि कुछ मामलों की जांच वर्षों से लंबित है। एक एफआईआर की जांच लगभग दो दशक से पूरी नहीं हो सकी, जबकि दूसरी एफआईआर में 18 वर्ष बाद आरोपपत्र दाखिल किया गया।



अदालत ने वर्ष 2023 में दिए गए अपने एक पूर्व आदेश का भी उल्लेख किया, जिसमें भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने पाया कि समिति का गठन लगभग दो वर्ष की देरी से दिसंबर 2025 में किया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने कहा कि न्यायालय के निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने में नौकरशाही के कुछ वर्गों की मानसिकता सबसे बड़ी बाधा है।

पीठ ने टिप्पणी की कि अपनी मनमानी शक्तियों को बनाए रखने की प्रवृत्ति और उन्हें खोने का भय ही प्रशासन में लालफीताशाही की प्रमुख वजह है।

शेष पेज 15 पर

## ट्रंप को झटका, ईरान कार्रवाई सीमित करने वाला प्रस्ताव पारित



- चार रिपब्लिकन भी समर्थन में, अब सीनेट में होगी परीक्षा

**वाशिंगटन, 04 जून।** अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई संबंधी अधिकारों को सीमित करने वाला महत्वपूर्ण 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' पारित कर दिया है। 215-208 मतों से पारित इस प्रस्ताव को ट्रंप प्रशासन के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

खास बात यह रही कि डेमोक्रेट्स के साथ चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान, उसकी सेना अथवा सरकार के खिलाफ अमेरिकी सशस्त्र बलों का उपयोग तब तक नहीं कर सकते, जब तक कांग्रेस औपचारिक रूप से युद्ध की घोषणा न करे या सैन्य बल प्रयोग की अनुमति देने वाला कानून पारित न कर दे। समर्थन करने वाले रिपब्लिकन सांसदों में ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्जपैट्रिक, मिशिगन के टॉम बैरेट और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल हैं।

हाउस विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ डेमोक्रेट सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने प्रस्ताव को युद्ध समाप्त करने की दिशा में पहला बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह ट्रंप के ईरान के खिलाफ 'अवैध और महंगे युद्ध' के खिलाफ द्विदलीय संदेश है।

हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के वरिष्ठ सदस्य एडम स्मिथ ने भी कहा कि संघर्ष अपने घोषित उद्देश्यों को हासिल नहीं कर सका और इसके शेष पेज 15 पर

## संक्षिप्त समाचार

### पहलाज निहलानी का निधन, फिल्म जगत में शोक

**मुंबई, 04 जून।** हिंदी सिनेमा ने एक ऐसे शख्स को खो दिया है, जिसने न सिर्फ कई सफल फिल्में दीं, बल्कि कई कलाकारों के करियर को भी नई दिशा दी। मशहूर फिल्म निमार्ता और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

वह मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती थे और वहीं उन्होंने गुरुवार, 4 जून को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के सांताक्रूज स्थित श्मशान घाट में आज दोपहर 3 बजे किया जाएगा, जिसकी जानकारी साझा की गई है। उनके निधन की खबर ने फिल्म जगत को गहरे शोक में डुबो दिया।

### चंद्रनाथ रथ हत्याकांड के आरोपी मोनू ने बलिया कोर्ट में किया सरेंडर

**बलिया, 04 जून।** पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ के हत्याकांड से जुड़े चर्चित मामले में आरोपी बताए जा रहे ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ 'मोनू' ने गुरुवार को बलिया की अदालत में एक गैंगस्टर मामले में आत्मसमर्पण कर दिया। इस बीच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी के घर से महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। ज्ञानेंद्र सिंह की पत्नी गरिमा सिंह ने दावा किया कि उनके पति को साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।

### मोदी आज गुजरात-दमन के दौरे पर, देंगे 22 हजार करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली, 04 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 जून को गुजरात और दमन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह करीब 21,770 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

साथ ही लक्षद्वीप के लिए 885 करोड़ रुपये की बंदरगाह विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री सबसे पहले गुजरात के सूरत जिले के हजीरा पहुंचेंगे, जहां वह औद्योगिक गतिविधियों और आधारभूत ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### मालवीय नगर अग्निकांड में शॉर्ट सर्किट की हुई पुष्टि

**नई दिल्ली, 04 जून।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आई है। जांच टीम को घटना के दौरान किसी भी एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट होने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि सिलेंडरों में कोई धमाका नहीं हुआ। घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए फोरेंसिक जांच जारी है। अग्निकांड के मामले में गिरफ्तार किए गए रेस्टोरेंट मालिक लवकेश बजाज को चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया।

## मुजफ्फरपुर के अस्पताल में भीषण आग, पांच मरीजों की दर्दनाक मौत

आईसीयू में मची अफरा-तफरी, कई मरीजों को सुरक्षित निकाला गया




**मुजफ्फरपुर, 04 जून।** बिहार के मुजफ्फरपुर शहर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद अस्पताल में लगी भीषण आग की घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

आग तड़के करीब 3 बजे अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगी थी। इसके बाद देखते ही देखते पूरे अस्पताल में धुआं फैल गया। इससे अस्पताल परिसर के अंदर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी तक की शेष पेज 15 पर

## सत्ता मिली तो अग्निवीर योजना खत्म करेंगे: राहुल

**देहरादून, 04 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा और पौड़ी में आयोजित कांग्रेस की जनसभाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। खराब मौसम के कारण राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर अल्मोड़ा नहीं पहुंच सका, जिसके चलते उन्हें पंतनगर से ही फोन के माध्यम से दोनों सभाओं को संबोधित करना पड़ा। उन्होंने जनसभाओं में शामिल न हो पाने के लिए खेद जताया और जल्द उत्तराखंड दौरे का भरोसा दिया।

राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुई डील से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हुई है। उनके अनुसार इस समझौते के तहत अमेरिकी किसानों के लिए भारतीय बाजार खोल दिया गया है, जिससे देश के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और कृषि क्षेत्र को नुकसान होगा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सरकार ने देश के महत्वपूर्ण आर्थिक हितों से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगों को कमजोर किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं।

### संबोधन



- खराब मौसम से अल्मोड़ा की जनसभा में नहीं पहुंच सके नेता प्रतिपक्ष, फोन के जरिए जनता से किया संवाद
- कहा-अमेरिका के किसानों के लिए भारत का बाजार खोलने से देश का किसान होगा बर्बाद

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसानों, युवाओं और छोटे कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है।

उन्होंने ऐलान किया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो सबसे पहले अग्निवीर योजना को समाप्त किया जाएगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह योजना युवाओं और सशस्त्र बलों के हित में नहीं है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और विदेश नीति का उल्लेख करते हुए भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री मोदी के संबंधों को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने उत्तराखंड की जनता का आभार जताते हुए कांग्रेस के पक्ष में समर्थन की अपील की।

## देश की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 04 जून।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ यहां भारत की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार का शुभारंभ किया। यह पहल मारुति सुजुकी द्वारा की गई है। गडकरी ने इस अवसर पर कहा कि फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों से उत्सर्जन में कमी आएगी, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी और लगभग 1.44 लाख करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा बचत संभव होगी। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर गतिशीलता के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह कदम बायोफ्यूल को बढ़ावा देगा, किसानों को सहारा देगा, ग्रामीण ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा और रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

## भारत-वेनेजुएला रिश्तों को मिली नई ऊर्जा

**नई दिल्ली, 04 जून।** भारत और वेनेजुएला के संबंधों को नई दिशा देने की कवायद के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, दवा उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। रोड्रिगेज पांच दिवसीय भारत यात्रा पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंची थीं। उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और वेनेजुएला के बीच सहयोग के नए आयाम तलाशना तथा मौजूदा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी मुलाकात से पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी उनसे भेंट की और भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत बनाने में उनकी दीर्घकालिक भूमिका की सराहना की। कार्यवाहक राष्ट्रपति के साथ विदेश मामलों, अर्थव्यवस्था एवं वित्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संचार एवं सूचना तथा परिवहन मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज इससे पहले विदेशमंत्री और उपराष्ट्रपति के रूप में कई बार भारत का दौरा कर चुकी हैं। यह उनकी छठी भारत यात्रा है।

### वार्ता
- हैदराबाद हाउस में मोदी-रोड्रिगेज की शिखर वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों पर मंथन
- ऊर्जा, निवेश, दवा और व्यापार सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

विदेश मंत्री जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि भारत, वेनेजुएला के साथ अपने संबंधों को अत्यंत महत्व देता है और प्रधानमंत्री मोदी तथा रोड्रिगेज की वार्ता दोनों देशों के सहयोग शेष पेज 15 पर

## पर्यटन से मिलेगी सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति: योगी

**लखनऊ, 04 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना तक सीमित न रखकर सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यटन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाने पर जोर दिया। शेष पेज 15 पर



लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

## ओबीसी अभ्यर्थियों के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**प्रयागराज, 04 जून (हि.स)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ओबीसी अभ्यर्थियों सतेंद्र कुमार व एक अन्य की याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचियों की शिकायत है कि 18 जून 2026 को सम्बंधित भर्ती प्रक्रिया का पोर्टल बंद हो जाएगा और वे आवेदन करने से वंचित रह जाएंगे। ओबीसी वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित है, जबकि याची क्रमशः 2024 और 2021 में यह आयु सीमा पार कर चुके हैं। याचियों का तर्क है कि पुराने विनियम 9( II) में प्रावधान था कि यदि किसी वर्ष चयन प्रक्रिया नहीं हुई तो अभ्यर्थी अगली भर्ती में भी आयु के आधार पर पात्र माने जाएंगे। यह प्रावधान 30 सितम्बर 2025 से हटा दिया गया। अंतिम विज्ञापन 2019 में जारी हुआ था और सात साल बाद 2026 में नई भर्ती आई है, जिसके कारण याची अब अधिक आयु की श्रेणी में आ गए।

### सुप्रीम कोर्ट ने समानता का अधिकार देकर बदली पूरी सामाजिक सोच

## शादी के बाद भी बेटी परिवार की धुरी

रमेश चंद्र

**नई दिल्ली, 04 मई।** कुछ फैसले कानून की किताबों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की सोच बदलने का काम भी करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय का हालिया फैसला ऐसा ही एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिसने उस धारणा को चुनौती दी है कि शादी के बाद बेटी अपने मायके के अधिकारों से दूर हो जाती है।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने दो जून 2026 को कुलसुम निशा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में स्पष्ट कहा कि विवाह किसी बेटी और उसके माता-पिता के रिश्ते को समाप्त नहीं करता।

अदालत ने माना कि केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी बेटी को परिवार की परिभाषा से बाहर करना संविधान में निहित समानता और भेदभाव-निषेध के सिद्धांतों के विरुद्ध है। मामला उत्तर प्रदेश की कुलसुम निशा से जुड़ा था। उनकी मां सरकारी उचित मूल्य की दुकान का संचालन करती थीं। मां की मृत्यु के बाद कुलसुम निशा ने आश्रित कोटे के तहत दुकान के आवंटन का दावा किया। प्रशासन ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि वह विवाहित हैं और परिवार की परिभाषा में शामिल नहीं हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी यही दृष्टिकोण अपनाया। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इस सोच को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि बेटी का विवाह उसे अपने पैतृक परिवार से अलग नहीं कर देता। फैसले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अदालत ने सामाजिक वास्तविकताओं को स्वीकार किया।

### नई परिभाषा
- फैसले ने रिश्तों की नई संवैधानिक परिभाषा गढ़ी
- बेटियों के सम्मान और अधिकार को मिली मजबूत ढाल

न्यायालय ने माना कि आज अनेक विवाहित बेटियां अपने माता-पिता की देखभाल करती हैं, उनके साथ रहती हैं और आर्थिक रूप से उनका सहारा बनती हैं। ऐसे में केवल विवाह के आधार पर यह मान लेना कि बेटी अब परिवार का हिस्सा नहीं रही, एक पुरानी और भेदभावपूर्ण सोच है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण सवाल भी उठाया।

यदि शादीशुदा बेटा परिवार का सदस्य बना रहता है, तो फिर शादीशुदा बेटी को अलग मानने का आधार क्या है? अदालत ने साफ कहा कि यह अंतर लैंगिक पूर्वाग्रहों पर आधारित है, संवैधानिक मूल्यों पर नहीं। शेष पेज 15 पर

## नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहली बार उतरा सुखोई

**नई दिल्ली, 04 जून।** भारतीय वायुसेना ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार अपने अत्याधुनिक लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सफलतापूर्वक उतारा।

इस ऐतिहासिक लैंडिंग को देश की सैन्य और नागरिक विमानन क्षमताओं के बेहतर समन्वय का प्रतीक माना जा रहा है। सुखोई-30 एमकेआई भारतीय वायुसेना का प्रमुख बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवाई श्रेष्ठता स्थापित करने के साथ-साथ सटीक जमीनी हमले करने में सक्षम माना जाता है। विमान के रनवे पर उतरते ही मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस उपलब्धि का स्वागत किया। विशेषज्ञों के अनुसार किसी नागरिक हवाई अड्डे पर लड़ाकू विमान की सफल लैंडिंग यह दशार्ती है कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे एयरपोर्ट का उपयोग सैन्य अभियानों, आपातकालीन तैनाती और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।

गौरतलब है कि इससे पहले अक्टूबर 2024 में इसी एयरपोर्ट के रनवे पर भारतीय वायुसेना के सी-295 परिवहन विमान ने पहली बार लैंडिंग की थी। उस दौरान सुखोई-30 एमकेआई ने फ्लाईपास्ट किया था, लेकिन अब पहली बार इस लड़ाकू विमान ने वास्तविक रूप से रनवे पर उतरकर नया इतिहास रचा है।

# प्राइवेट एसी बस पर जीएसटी टीम की छापेमारी



रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। प्राइवेट एसी बसों द्वारा दिल्ली से जनपद में लंबे समय से जीएसटी चोरी कर माल लाया जाता था जिसे जीएसटी विभाग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पकड़ा है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली से बस के माध्यम से विभिन्न प्रकार का सामान लाया जा रहा था। सूचना के आधार पर जीएसटी टीम ने त्रिपुला चौराहे पर बस को रोककर जांच शुरू की।

जांच के दौरान बस में मौजूद माल को उतरवाकर उसकी पड़ताल की गई। जीएसटी अधिकारियों ने माल से संबंधित बिल, ई-वे बिल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। साथ ही संबंधित व्यापारियों से भी माल के संबंध में जानकारी मांगी गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जीएसटी टीम द्वारा माल की वैधता और कर संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जीएसटी विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हलचल मची हुई है। मामले की जांच जारी है और विभागीय अधिकारी सभी पहलुओं की पड़ताल कर रहे हैं।

## एसपी ने थाना जगतपुर का किया औचक निरीक्षण

### अभिलेखों व व्यवस्थाओं की जांच



रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने गुरुवार को थाना जगतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संचालित विभिन्न शाखाओं और अभिलेखों का गहन परीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस, बैरक तथा बंदीगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, महिला एवं साइबर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की सुविधाओं की भी जानकारी ली गई और उन्हें बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। एसपी ने थाना स्टाफ को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आमजन के साथ शालीन व्यवहार करने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

# डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### जनपद के 23 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल परीक्षा सम्पन्न



रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की गई प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा 2026 को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु वैदिक इण्टर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, एस0जे0एस0 पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 03 व 04 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। आज की आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 9246 अभ्यर्थियों में से 4079 अभ्यर्थी उपस्थित व 5167 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 8862 अभ्यर्थियों में से 4045 अभ्यर्थी उपस्थित व 4817 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 18108 अभ्यर्थियों में से 8124 अभ्यर्थी उपस्थित व 9984 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सचिन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# ऐरा-अम्बरपुर तटबंध के स्पर पुनरुद्धार कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



लखीमपुर-खीरी, 04 जून (तरुणमित्र)। जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा न्यूनीकरण हेतु शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन पूर्णतः संवेदनशील है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शारदानगर बाढ़ खंड के अंतर्गत ऐरा पुल से अम्बरपुर तटबंध के किमी 2.600 पर क्रियान्वित किए जा रहे स्पर पुनरोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना की अद्यतन वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। ?393.58 लाख (अनुबंधित लागत ?336.00 लाख) की इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति का आंकलन करते हुए आसन्न मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए कार्य की गति को और तीव्र करने के कड़े निर्देश निर्गत किए।

मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत 165.00 मीटर की निर्धारित लंबाई में स्पर के पुनरोद्धार का कार्य प्रगति पर है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत भाग पूर्ण कराया जा चुका है। परियोजना के तकनीकी प्राविधानों के अनुसार, स्पर के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम दोनों ओर मिर्जापुर स्टोन बोल्डर को जीआई वायर क्रेट में भरकर स्लोप पिचिंग तथा लॉन्चिंग एप्रन डालने का कार्य किया जा रहा है।

डीएम ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु स्टोन बोल्डर तथा वायर क्रेट के नमूनों का सूक्ष्म तकनीकी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता के प्रति किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित कार्यदायी फर्म और बाढ़खंड के उत्तरदायी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून जनित जलभराव अथवा नदी के जलस्तर में वृद्धि से पूर्व, अवशेष 40 प्रतिशत कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए।

## पुलिस महकमे में फेरबदल, तीन डिप्टी एसपी का हुआ तबादला

रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। जनपद में तैनात तीन क्षेत्राधिकारियों (डिप्टी एसपी) का शासन स्तर से गैर जनपद तबादला कर दिया गया है। जारी तबादला सूची के अनुसार डिप्टी एसपी अमित सिंह का स्थानांतरण हरदोई, अरुण नौहवार का अंबेडकर नगर तथा अनिल सिंह का बस्ती जनपद किया गया है। वहीं रायबरेली को भी तीन नए डिप्टी एसपी मिले हैं। तबादला आदेश के तहत संतोष कुमार सिंह तृतीय, सुजीत कुमार राय और आशीष निगम का स्थानांतरण रायबरेली जनपद में किया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस प्रशासनिक फेरबदल को लेकर महकमे में चर्चाओं का दौर जारी है। नए अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद की कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दिल्ली होटल हादसे के बाद जागा रायबरेली प्रशासन

### सीएफओ ने होटल संचालकों व शोरूम मालिकों को दी सख्त चेतावनी



रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। दिल्ली में हाल ही में हुए होटल हादसे के बाद रायबरेली अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार व अग्निशमन मुख्यालय के निर्देश पर शोरूम मालिकों को बड़े संस्थानों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के होटल मालिकों, प्रबंधकों, बड़े शोरूम संचालकों एवं अन्य प्रमुख संस्थानों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत शहर के प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर अग्निशमन विभाग की टीम ने संचालकों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। सीएफओ ने कहा कि भवनों में आपातकालीन निकास मार्ग, फायर अलार्म सिस्टम, अग्निशमन यंत्र तथा विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने होटल एवं संस्थान संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। अभियान के दौरान लोगों को आग लगने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदमों तथा आपदा के समय सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग ने आम नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस को सूचना देने की अपील की है।

# कृष्ण की नगरी में सब राम भरोसे हादसों से नहीं लिया सबक!



मथुरा, 04 जून (तरुणमित्र)। मथुरा-वृंदावन में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी आगजनी का बड़ा खतरा बन चुकी है। होटलों और रेस्टोरेंट में अग्निशमन उपकरणों की कमी व अवैध निर्माण से श्रद्धालुओं की जान जोखिम में रहती है। रुक्मिणी विहार जैसे पॉश इलाकों में उद्घाटन कार्यक्रमों के दौरान भीषण अग्निकांड हो चुके हैं। प्रशासन के औचक निरीक्षणों (जैसे 400 इमारतों के सर्वे) में बड़ी संख्या में होटल और धर्मशालाएं फायर मानकों पर विफल पाए गए हैं। वायरिंग में लापरवाही के कारण अधिकांश आग शॉर्ट सर्किट से लगती है।

नियमों को ताक पर रखकर बिना लैंड-यूज बदले आवासीय भूखंडों या आश्रमों की जगह पर होटल और रेस्टोरेंट चलाए जा रहे हैं। संकरी गलियों और अवैध अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुँचने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। सात मई 2026 को नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र द्वारा मथुरा एवं वृन्दावन (छटीकरा मार्ग से प्रेम मंदिर मार्ग, चौतन्य विहार एवं रूकमणी विहार) वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत स्थित 22 होटल, गेस्ट हाउस, सराय जिनमें होटल मिडास, सुख प्यारी धाम, श्री वसुधा धाम, श्री राधा रमन कृष्णा कुंज, श्री धामोदर धाम, अनुकम्पा धाम आदि शामिल हैं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इनमें से कई होटल, गेस्ट हाउस, सराय संचालकों द्वारा सराय अधिनियम नीति के तहत पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है, जबकि होटल एवं अन्य पूरक आवास (नियंत्रण) विनियमावली 2023 के अन्तर्गत होटल, रिसोर्ट, अतिथि गृह, फार्म स्टे आदि को सराय अधिनियम के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। इस नियमावली के अनुसार यात्रियों के ठहरने के लिए प्रयुक्त होने वाली सभी इकाईयों का पंजीकरण आवश्यक है, परन्तु निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई होटलों, गेस्ट हाउस आदि में बिना पंजीकरण के कार्यवाही की जा रही है, साथ ही कई में सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है और न ही अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्राप्त की गयी है एवं आगन्तुक पंजिका में अतिथियों की सूचना सही से दर्ज नहीं की गयी है एवं पर्यटन मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित संचालकों को नोटिस देते हुए निर्देशित किया गया है कि सराय अधिनियम के तहत पर्यटन विभाग से पंजीकरण की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा यह भी अवगत कराया कि सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत सभी होटल, सराय, लॉज, मैरिज होम, गेस्ट हाउस एवं होम स्टे आदि आते हैं इन्हें सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत पंजीकरण पर्यटन विभाग से करवाना अनिवार्य होता है, जिसका निःशुल्क पंजीकरण फार्म किसी भी कार्यालय दिवस में पर्यटन कार्यालय अथवा कलक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है और वहीं फार्म जमा कराना होगा। होटल, सराय आदि के संचालन के लिए पुलिस, खाद्य सुरक्षा, अग्निशमन, पर्यटन, विद्युत, राजस्व, पर्यावरण विभाग व संबंधित नगर निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होता है एवं उक्त विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरान्त ही सराय एक्ट में नियमानुसार पंजीकरण की कार्यवाही की जाती है। इसके बाद भी हालातों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है।

**उद्घाटन के दिन लग गई थी होटल में आग-** इसी साल 11 फरवरी को वृंदावन के 11 फरवरी 2026 को वृंदावन के रुक्मणी विहार स्थित नवनिर्मित सिद्धि विनायक होटल में उद्घाटन के दिन भीषण आग लग गई थी। जिससे होटल में फंसे करीब 40 लोगों को क्रेन की मदद से रेस्क्यू किया गया था। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोग (बच्चे और महिला) झुलस गए, और शॉर्ट सर्किट के कारण होटल में अफरा तफरी मच गई थी। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इसके बाद प्रशासन की ओर से कहा गया कि होटल मानक विहीन है। एमवीडीए ने भी कार्यवाही की थी।

# प्रभारी मंत्री ने जनपद भ्रमण के दौरान किया वृक्षारोपण

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। प्रभारी मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उ0प्र0/प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने आज जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह हमारी भावनात्मक




### आओ लगाए एक पेड़ मां के नाम, हर पेड़ माँ के प्रति हमारा सम्मान

जुड़ाव और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से एक जन आंदोलन का रूप ले, यही सरकार की मंशा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, डीएफओ प्रखर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा जिलाध्यक्ष ने किया निष्कासन

मथुरा, 04 जून (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने अड़ींग निवासी सोनू यादव को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने सोनू के आपराधिक इतिहास के अलावा सोस्यल मीडिया पर पार्टी विरोधी पोस्ट करने के चलते यह कदम उठाया है। निष्कासन की सूचना प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री को भेज दी है। निष्कासन को पार्टी की साफ-सफाई की कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने सोनू को आजाद समाज पार्टी से जुड़ा होने के अलावा उनकी आपराधिक छवि की जानकारी होने पर यह कदम उठाया है।

## लालगंज तहसील के सार्वजनिक शौचालय पर अधिवक्ताओं का अतिक्रमण

लालगंज, रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। लालगंज तहसील परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय और सरकारी संपत्ति के चारों तरफ अधिवक्ताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण पर तहसीलदार ने सख्त रुख अपनाया है। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने संबंधित अधिवक्ताओं को 7 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया है।

लालगंज तहसीलदार ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में अधिवक्ता राजेंद्र यादव, सुरेश कुमार निगम, रामनारायण श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव और सर्वेश बहादुर सिंह का नाम शामिल है। नोटिस में कहा गया है कि इन्होंने सार्वजनिक शौचालय के अगल-बगल टीन शेड और कुर्सी-मेज लगाकर अवैध कब्जा कर रखा है, जिससे फरियादियों को भारी परेशानी हो रही है। तहसीलदार ने स्पष्ट किया है कि 7 दिन के अंदर यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी जिसके उत्तरदायी अधिकता होंगे उन्होंने कहा, “सरकारी संपत्ति पर किसी का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक शौचालय आम जनता के लिए है। इसे मुक्त कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तहसील में रोजाना सैकड़ों वादकारी आते हैं। शौचालय बंद होने और अतिक्रमण के चलते महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद तहसील प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

# जीएसटी विभाग व व्यापारियों के मध्य हुआ सीधा संवाद




लालगंज, रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के तत्वाधान में जीएसटी विभाग रायबरेली के द्वारा आयोजित एक होटल में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें जिसमें असिस्टेंट कमिश्नर शिखा गुप्ता व विवेक कुमार के द्वारा व्यापारियों से जीएसटी संबंधित जानकारियां दी और बताया कि व्यापारियों को विभाग में आकर अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जरूर दर्ज करवाना चाहिए जिससे आपको समय-समय पर विभाग के द्वारा दिशा निर्देश और आपके पोर्टल की जानकारी सीधे मेल और मैसेज के माध्यम से मिल सके।

नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि पहली बार जीएसटी विभाग के द्वारा व्यापारी संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है अगर ऐसे ही कार्यक्रम लगातार हर तीन माह में तहसील स्तर पर होते रहे तो व्यापारी निश्चय ही जागरूक होगा और विभाग के सीधे संपर्क में आएगा व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि हर 3 माह में व्यापारी संवाद का कार्यक्रम अब व्यापार मंडल जरूर कराएगी जिससे व्यापारियों को जीएसटी की लिखा पढ़ी में और जानकारी समय-समय पर मिलती रहेगी जिससे व्यापारी जागरूक होगा जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि व्यापारी जब जीएसटी नंबर लेने जाता है व्यापारी की दुकान किराए की होती है उसके यहां बिजली का बिल और मकान का कागज नहीं होता है उसे पर व्यापारी को जीएसटी नंबर नहीं मिल पाता है उस पर असिस्टेंट कमिश्नर विवेक कुमार ने कहा कि व्यापारी रेंट एग्रीमेंट या कोई प्रूफ लगा दे जिससे उसकी तत्काल जीएसटी नंबर जारी हो जाएगा और व्यापारियों को दुर्घटना बीमा 10 लाख के विषय में भी बताया संवाद कार्यक्रम में उपस्थित असिस्टेंट असिस्टेंट कमिश्नर अशोक श्रीवास्तव असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद सिंह असिस्टेंट कमिश्नर अतिव मोहन कमिश्नर राजीव राय असिस्टेंट कमिश्नर रामनरेश, व्यापारी दीपचंद गुप्ता, अप्पू शर्मा ,संजय गुप्ता, पिंकू गुप्ता, एडवोकेट आलोक गुप्ता, अंकुर रस्तोगी ,शिवम गुप्ता ,हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता ,सचिन गुप्ता कर्मेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता ,नीरज गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, मनीष शर्मा ,अर्पित गुप्ता, अनिल सोनी, शीलू त्रिवेदी, शिवम सोनी ,पुष्कर गुप्ता, आशुतोष गुप्ता आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल व इंटर की कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

मथुरा, 04 जून (तरुणमित्र)। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट तथा इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का आनलाइन आवेदन विगत वर्षों की भांति माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 से 27 जून तक की मध्यरात्रि 12 बजे तक स्वीकार्य किया जायेगा। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सत्यदेव ने बताया कि हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये 02 विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। इसका परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये है।

# तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अवलोकन

### केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से किया जा रहा प्रदर्शित

रायबरेली, 04 जून (तरुणमित्र)। विकास खण्ड राही परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित नए कीर्तिमानों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे सलोन विधायक अशोक कुमार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

विधायक अशोक कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी



योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और विकास के लिए समर्पित हैं। उन्होंने आमजन से योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।




वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास” के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है तथा ऐसी प्रदर्शनियां आमजन को सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिससे लोगों को सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, सूचना विभाग के कर्मचारी तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रोल मॉडल बना यूपी का पंचायती राज नेशनल कंपेंडियम' में शामिल डिजिटल पहल

## ग्राम सचिवालयों को पूरी तरह क्रियाशील और जवाबदेह बनाने को डिजिटल सिस्टम किया लागू

### मांग सृजन से लेकर तत्काल बैंक मिलान की प्रक्रिया को किया डिजिटल, जिससे रुकी टैक्स चोरी



**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** पंचायती राज विभाग प्रदेश में ग्रामीण सुशासन और डिजिटल क्रांति की नई परिभाषा लिख रहा है। केन्द्रीय भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय संकलन 'नेशनल कंपेंडियम' में उत्तर प्रदेश की तीन अभिनव पहलों को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उत्तर प्रदेश जमीनी स्तर पर तकनीकी बदलाव, ग्रामीण सुरक्षा और राजकोषीय हस्तांतरण में पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है।

पंचायती राज विभाग ने ग्रामीण सचिवालयों को सीधे शासन की मुख्यधारा से जोड़कर न केवल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त किया है, बल्कि अंतिम पायदान पर बैठे ग्रामीण के लिए सरकारी सेवाओं को सुलभ कर दिया है। ग्राम सचिवालयों को पूरी तरह क्रियाशील और जवाबदेह बनाने के लिए इस अनूठे डिजिटल सिस्टम को लागू किया है। साथ ही ग्राम सचिवालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेशियल रिकग्निशन और जियो-फेंसिंग तकनीक लागू की गई है।

ग्राम पंचायतों के किसी भी विकास कार्य का डिजिटल भुगतान तब तक नहीं हो सकता, जब तक कि संबंधित सचिव, ग्राम प्रधान या पंचायत सहायक की डिजिटल उपस्थिति सीधे ग्राम सचिवालय परिसर से दर्ज न हो। इससे वित्तीय गबन की संभावनाएं लगभग समाप्त हुई हैं। ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्रों की स्थापना- ग्रामीण नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों की सहूलियत के लिए विकसित किया गया है। साथ ही पंचायतों को स्वावलम्बी बनाने के लिए राज्य में डिजिटल राजस्व संग्रह प्रणाली को कड़ाई से लागू किया गया है। मांग सृजन से लेकर तत्काल बैंक मिलान तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है जिससे टैक्स चोरी रुकी है।

इसे लेकर पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार के नेशनल कंपेंडियम में उत्तर प्रदेश की तीन पहलों को जगह मिलना हमारे अधिकारियों एंव कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। भविष्य में यह ग्रामीण परिदृश्य को बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

# बिजली कर्मियों से करें संवाद, उपभोक्ता हितैषी व्यवस्था लागू की जाए

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के उद्देश्य से मांग की है कि राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में लागू की गई वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग व्यवस्था के परिणामों की निष्पक्ष समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं और पूर्व की उपभोक्ता हितैषी व्यवस्था लागू की जाय।

साथ ही बिजली कर्मियों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर विद्युत सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस प्रकार स्मार्ट मीटर एवं प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था के क्रियान्वयन के दौरान अनेक व्यावहारिक चुनौतियां सामने आई थीं, उसी प्रकार वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग व्यवस्था के लागू होने के बाद भी उपभोक्ताओं तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आवश्यक है कि इस व्यवस्था के वास्तविक प्रभावों का व्यापक मूल्यांकन किया जाए और सुधारात्मक निर्णय लिए जाएं।

संघर्ष समिति ने कहा कि विश्व स्तर पर उपभोक्ता सेवाओं के लिए सिंगल विंडो प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सुविधाजनक माना जाता है। पूर्व में विद्युत वितरण व्यवस्था में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) एवं अधिशासी अभियंता के पास अपने क्षेत्र से संबंधित अधिकांश कार्यों का समन्वित दायित्व होता था, जिससे उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं

# प्रदेश में राजस्व संग्रह की रफ्तार तेज 2,371 करोड़ की वृद्धि : सुरेश खन्ना

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मई माह में प्रदेश सरकार को मुख्य कर-करेत्तर राजस्व मदों से 20,491 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 18,120 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार प्रदेश को मई, 2025 की तुलना में मई, 2026 में 2,371 करोड़ रुपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि राजस्व प्राप्तियों में सर्वाधिक योगदान जीएसटी का रहा। मई, 2026 में जीएसटी से 7,551 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि गत वर्ष इसी माह में यह राशि 5,209 करोड़ रुपए थी।

इस प्रकार जीएसटी संग्रह में 2,342 करोड़ रुपए की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। स्टाम्प एवं पंजीयन से 2,994 करोड़ रुपए तथा परिवहन विभाग से 1,228 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 36 करोड़ रुपए और 187 करोड़ रुपए अधिक है। वैट से 3,010 करोड़ रुपए तथा आबकारी से 5,388 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

# तहसील मुख्यालय के पास बनेगा नया सब-रजिस्ट्रार कार्यालय



**मोहनलालगंज, लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को तहसील स्थित बार भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार द्वारा नए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के लिए तहसील मुख्यालय के निकट भूमि आवंटित किए जाने पर खुशी व्यक्त की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कोशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री राम लखन यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए तहसील परिसर के समीप नए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय की स्थापना का रास्ता साफ कर दिया है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कोशलेंद्र शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में मोहनलालगंज तहसील भवन के दूसरे तल पर संचालित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में स्थान की भारी कमी है। क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में रजिस्ट्रियां और विभिन्न प्रकार के विलेखों का पंजीकरण होता है, जिससे कार्यालय में आने वाले लोगों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में इस समस्या को लेकर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन को प्रार्थना पत्र दिए थे। इसके बाद बार एसोसिएशन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और शासन स्तर पर ज्ञापन भेजकर नए एवं विस्तृत सब-रजिस्ट्रार कार्यालय की मांग उठाई थी। सरकार ने इस मांग को संज्ञान में लेते हुए प्रारंभिक रूप से मुहारी क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी, लेकिन वह स्थान तहसील मुख्यालय से काफी दूर था। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मुहारी क्षेत्र में कार्यालय बनाए जाने से वादकारियों, दस्तावेज पंजीकरण कराने आने वाले लोगों तथा अधिवक्ताओं को अनावश्यक परेशानी होती।

## प्रदेश के कृषकों को आगामी मौसम के लिये दिये जरूरी परामर्श

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2026-27 की तृतीय बैठक डा. संजय सिंह, महानिदेशक, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में गुरुवार को सम्पन्न हुई। प्रदेश में मौसम के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किसानों को अगले दो सप्ताह हेतु कृषि प्रबन्धन के लिए निम्नलिखित सुझाव दिये जाते है। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूवानुर्मान के अनुसार 4 जून को केरल में दक्षिण पश्चिम मानसून प्रवेश किया। प्रथम सप्ताह (5 से 11 जून, 2026) के दौरान प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा होने की सम्भावना है। प्रदेश के उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र के अधिकांश भाग में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य से (2 से 4 डिग्री सेल्सियस) अधिक जबकि प्रदेश के अन्य कृषि जलवायु अंचलों में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है।

## किशोरियों का अपहरण

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरियों का अपहरण कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह की सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पहले अपहृत दो नाबालिग किशोरियों को राजस्थान से सकुशल बरामद कर चुकी है।

मामले के खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार 12 मई को मोहनलालगंज क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है और उसकी 16 वर्षीय व 12 वर्षीय दो नातिनें उसके साथ रहती हैं।

## शांति मार्च पदयात्रा

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकताओं को नौ जून को कानपुर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। कानपुर के शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर चार से मुख्यमंत्री आवास लखनऊ के लिए निकलने वाली शांति मार्च पदयात्रा में शामिल होने के निर्देश राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा की राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी नौकरी रोजगार, स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा ,रोटी कपड़ा और मकान की सौ फीसदी गारंटी के लिए सामाजिक समानता कानून बनाने, पेंशन 5000 महीना करने, सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करने, आरक्षण कोटा बढ़ाने, चलन क्रिया के सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को सभी नौकरियों में समान अवसर देने सहित 22 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है।

## यूपी में आज लगेंगे 5 करोड़ पौधे

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पांच करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। कुकरैल वन क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## भीषण गर्मी से महिला चिकित्सालय में मरीजों का हाल बेहाल



**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के बीच वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन अस्पताल) से संवेदनहीनता का एक बड़ा मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के लिए लगाए गए पंखे और कूलर बंद कर दिए गए हैं,जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों का हाल बेहाल है। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच अस्पताल पहुंचे मरीजों–जिनमें गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे भी शामिल हैं–को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीमारदार हाथ के पंखों से मरीजों को हवा करने पर मजबूर हैं। अस्पताल प्रशासन की इस घोर लापरवाही को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने प्रशासन से तुरंत व्यवस्था सुधारने और बंद पड़े कूलरों व पंखों को चालू करने की मांग की है।

## वेस्ट प्लास्टिक तकनीक से चमकेंगी ग्रामीण सड़कें

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों के निर्माण में न केवल गति आई है। वेस्ट प्लास्टिक तकनीक से इन ग्रामीण सड़कों को चमकाया जायेगा। इस तकनीक में सड़कों की ऊपरी सतह को तैयार करने में प्लास्टिक कचरे का मिश्रण किया जा रहा है। यह प्रयास सड़क निर्माण को अधिक टिकाऊ, मजबूत और पर्यावरण के अनुकूल बना रहा है। इसे लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्लास्टिक कचरे का उपयोग सड़कों के निर्माण में किया जा रहा है। इससे ग्रामीण सड़कों की उम्र और गुणवत्ता में भारी इजाफा हो रहा है। पारंपरिक सड़कों की तुलना में प्लास्टिक मिश्रित सड़कों की भार वहन क्षमता अधिक होती है, जिससे भारी वाहनों के चलने पर भी सड़कें जल्दी नहीं टूटतीं। साथ ही यह तकनीक सड़कों को वाटर-प्रूफिंग प्रदान करती है, जिससे बरसात में सड़कों पर गड्ढे नहीं बनते। प्लास्टिक कचरे का उपयोग करने से निर्माण लागत एवं कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आ रही है।

## डॉ. सूर्यकांत बने वायु मित्र अभियान के राष्ट्रीय संयोजक



**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वायु मित्र अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.सूर्यकान्त को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह अभियान स्वच्छ वायु को प्रत्येक नागरिक का अधिकार मानते हुए जनभागीदारी, जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन तथा नीति समर्थन के माध्यम से स्वच्छ वायुझस्वस्थ जीवन के लक्ष्य को साकार करने का प्रयास करेगा। ज्ञात रहें कि डॉ.सूर्यकान्त लंग केयर फाउंडेशन व डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शनके वायु मित्र अभियान के राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी गयी है। वायु मित्र अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.सूर्यकांत ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष दुनिया में लगभग 70 लाख और भारत में बीस लाख समयपूर्व मौतों का कारण बनता है। भारत के कई शहर विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं,जहां ढट 2.5 और ढट 10 जैसे सूक्ष्म कणों का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के अनेक शहर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं,बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य आपदा है। डॉ.सूर्यकांत ने कहा कि वायु प्रदूषण आज विश्व के सामने सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। उन्होंने कहा कि मानव भोजन के बिना तीन सप्ताह और पानी के बिना तीन दिन तक जीवित रह सकता है,लेकिन स्वच्छ वायु के बिना तीन मिनट से अधिक जीवित नहीं रह सकता। एक व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 25 हजार बार श्वास लेता है तथा लगभग 10 हजार लीटर वायु उसके फेफड़ों से होकर गुजरती है,जिससे हमें रोज 500 लीटर ऑक्सीजन मिलती है,जो हमें न सिर्फ जिंदा रखती है बल्कि काम करने के लिए ऊर्जा भी प्रदान करती है। ऐसे में वायु की गुणवत्ता का सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। वायु मित्र अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.सूर्यकान्त ने कहा कि स्वच्छ वायु केवल सरकारी योजनाओं से नहीं बल्कि जनभागीदारी से संभव है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को वायु मित्र बनाकर उसके समाधान का सक्रिय भागीदार बनाना है।

# जनता से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा कर रही कांग्रेस पर हमला : अजय

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा जनता के वास्तविक मुद्दों से पूरी तरह भाग रही है। जब-जब कांग्रेस किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों तथा वंचित समाज के अधिकारों की आवाज उठाते हैं, तब-तब भाजपा जवाब देने के बजाय विपक्ष पर व्यक्तिगत हमले करने लगती है। अजय राय ने कहा कि महोबा की दलित बेटी के साथ हुए अन्याय और उत्पीड़न के मामले में जब कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हुई तो भाजपा बौखला गई। भाजपा अपनी प्रशासनिक विफलताओं, बिगड़ती कानून व्यवस्था और दलित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनहीनता को छिपाने के लिए कांग्रेस पर प्रहार कर रही है। कांग्रेसजन प्रदेश के कोने-कोने में अन्याय, अत्याचार, हत्या, लूट, बलात्कार, महिला उत्पीड़न, किसानों के शोषण और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं, बढ़ते अपराध और आम नागरिकों में व्याप्त असुरक्षा की भावना ने भाजपा सरकार के अपराध मुक्त प्रदेश के दावों की वास्तविकता उजागर कर दी है।

पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक हत्या की घटनाओं की लंबी श्रृंखला यह साबित कर रही है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है । भाजपा नेता चुनिन्दा राजनीतक मुद्दों पर आक्रोश सभाएं आयोजित करते हैं, आखिर वह इन लगातार हत्याओं पर कब अपनी आवाज उठाएंगे? महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, हत्या, लूट, डकैती और संगठित अपराध पर उनकी चुप्पी आखिर किस बात का संकेत है? कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि लगातार हो रहे एनकाउंटर, हाफ एनकाउंटर और कथित फर्जी एनकाउंटर कानून के शासन और न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 5 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, पंचमी

## कहां रुकेगा रुपया?

भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले एशिया में सबसे तेजी से गिर रहा है। पिछले पांच महीनों में यह 6 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है, जबकि पाकिस्तानी रुपया 0.5 प्रतिशत मजबूत हुआ और चीनी युआन करीब 3 प्रतिशत की बढ़त बना चुका है। इस आंकड़े को मात्र मुद्रा बाजार की अस्थिरता नहीं, बल्कि आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिदृश्य और घरेलू चुनौतियों का दर्पण कहा जा सकता है। रुपए की गिरावट के कई कारण हैं। सबसे प्रमुख है अमेरिकी डॉलर की ताकत। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती, फेडरल रिजर्व की नीतियां और भू-राजनीतिक तनावों ने डॉलर को आश्रय मुद्रा बना दिया है। सरकार की नीतियों नें भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी, बढ़ता आयात बिल खासकर तेल का, और निर्यातों पर दबाव ने स्थिति को जटिल बनाया है। हाल के वर्षों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और भारत पर लगाए गए कुछ टैरिफ भी प्रभावी रहे हैं। नतीजतन, डालर रुपया दर 85-90 के दायरे से ऊपर 95 के उपर पहुंच गई है, जो मनोवैज्ञानिक रूप से भी चिंताजनक है। इसके विपरीत, पाकिस्तान की मुद्रा में स्थिरता के बढ़ोत्तरी वाकई में उल्लेखनीय है। हालांकि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से जूझ रही है, लेकिन आईएमएफ समर्थित कार्यक्रमों, रेमिटेंस में वृद्धि और कुछ सुधारों ने पाकिस्तानी रुपये को संभाला है। चीन अपनी मुद्रा नीति में माहिर है, युआन की मजबूती निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था, बड़े विदेशी मुद्रा भंडार और रणनीतिक नियंत्रण का परिणाम है। बीजिंग डॉलर पर निर्भरता कम करने और युआन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने की दिशा में काम कर रहा है। रुपए की गिरावट के नकारात्मक प्रभाव स्पष्ट हैं। आयात महंगे होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, खासकर ईंधन और औद्योगिक कच्चे माल पर। आम उपभोक्ता पर बोझ बढ़ेगा। अत्याधिक विदेशी ऋण का ब्याज चुकाने का खर्चा भी ऊंचा जाएगा। कंपनियों की विदेशी उधार लेने की लागत बढ़ेगी, जिससे निवेश प्रभावित होगा। हालांकि, निर्यातकों के लिए यह सकारात्मक है जैसे टेक्सटाइल, आईटी और फार्मा क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम इस गिरावट को संकट मानकर बैठ जाएं या अवसर के रूप में देखें? रिजर्व बैंक ने अब तक हस्तक्षेप कर रुपए को अत्यधिक अस्थिरता से बचाया है। जिनके विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत हैं, जो सुरक्षा कवच का काम करते हैं। सरकार को अब संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना चाहिए। निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं को और प्रभावी बनाएं। आत्मनिर्भरता अभियान के तहत आयात पर निर्भरता घटाएं, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा क्षेत्र में। मुद्रा नीति और वित्त नीति के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। पूंजी नियंत्रणों को स्मार्ट तरीके से संभालें, ताकि अस्थिर पूंजी प्रवाह को रोका जा सके। कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और नवाचार पर निवेश बढ़ाकर दीर्घकालिक उत्पादकता सुधारें। चीनी मॉडल से सीख लें तो भी गनीमत रहे, जहां निर्यात क्षमता और मुद्रा स्थिरता साथ-साथ चलते हैं। रुपया एशिया की सबसे तेज गिरावट वाली मुद्रा बनना भारत के लिए चेतावनी है। यह दर्शाता है कि वैश्विक मंच पर हमारी आर्थिक मजबूती पर्याप्त नहीं है। फिर भी, भारत की मजबूत बुनियाद, युवा जनसांख्यिकी, लोकतांत्रिक स्थिरता और सेवा क्षेत्र की ताकत भरोसा दिलाती है। यदि नीति निर्माता साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाएं, तो यह गिरावट सुधार की पूर्ववेला साबित हो सकती है। ऐसे तो मुद्रा की कीमत अर्थव्यवस्था की सेहत का सूचक है। रुपए को सशक्त बनाने के लिए निर्यात-प्रधान विकास, विनिर्माण को बढ़ावा और वित्तीय अनुशासन अपरिहार्य है। आर्थिक आत्मविश्वास बहाल करना ही सच्ची मजबूती है।

## टूटी- टूटी ये टीएमसी !



कृष्णेन्द्र राय

टूटी-टूटी ये टीएमसी,
ऐसे टूटी ...कि फिर जुड़ ना पाई ।
लूटा-लूटा बीजेपी ने ऐसे लूटा,
कि फिर उठ ना पाई ।।
गिरती हुई वो आसमां से,
आ के गिरी जमीन पर ।
ख्वाबों में था घमंड और
वो कहती रही मगर ।
कि टीएमसी के बंदे हंस दे,
टीएमसी के बंदे ।।
जो भी हो, अब वो पल ना आएगा ...
टीएमसी के बंदे ।।
कर के बेईमानी तो,
तुमने था उड़ना सीखा ।
जनता ने ठुकराया तो,
ना कहना इसको धोखा ।।

## सूडोकु नवताल- 7816

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7815 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# विश्व के सामने पर्यावरण की चुनौती



अरुण कुमार दीक्षित

**प्रकृति का संस्कृति से सीधा संबंध है। प्रकृति हमेशा से है। प्रकृति हर कर्ता से पहले मौजूद है। प्रकृति में परिवर्तन अर्थात पर्यावरण असंतुलित होना है। संपूर्ण विश्व के सामने पर्यावरण संतुलन की चुनौती है।**

विश्व में भौतिक संसाधन बढ़ें हैं। यही भौतिक संसाधन प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य को क्षत विक्षत कर रहे हैं। प्रकृति के सौंदर्य से मनुष्य का सौंदर्य जुड़ा है। जीवन सम्भव है।यही कारण है कि भिन्न-भिन्न जलवायु वाले देशों क्षेत्रों के मनुष्य अलग तरह के दिखाई देते हैं। मनुष्यों का रंग कहीं श्वेत है तो कहीं वे श्याम रंग के हैं। तो कहीं तांबे जैसा मनुष्यों का रंग है। किसी की आंखें सुंदर दिखती हैं। किसी देश के मनुष्य की आंखें कम खुलती हैं। किसी की आंखे मृगनयनी कही जाती हैं। किसी की नाक का सौंदर्य है। मनुष्य के शरीर प्रकृति के अनुसार विकसित होते जाते हैं। डार्विन कहता है कि मनुष्य और बंदरो के पूर्वज एक थे। वे विकसित होकर ही मनुष्य बने। दूसरा वैज्ञानिक सिद्धान्त है कि जल में अमीबा और से मनुष्य के पूर्वज एक थे। सनातन में अवतार का विज्ञान है। पहला मत्स्य है। दूसरा कच्छप अवतार हैं। तीसरा वराह अवतार है। चौथा नरसिंह अवतार है। यह थोड़ा मनुष्य थोड़ा सिंह जैसा है। फिर वामन अवतार आया। फिर भगवान परशुराम आये। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम आये। अंत में श्रीकृष्ण को पूर्णावतार कहा गया। गर्मी सर्दी का सीधा प्रभाव मनुष्य के शरीर पर पड़ता है। हमारा आचरण प्रकृति अनुरूप होना चाहिए।

पर ऐसा हो नहीं रहा। विज्ञान संपूर्ण प्राकृतिक नैसर्गिक नियमन को चुनौती दे रहा है। नदियां प्रदूषित हो रही हैं। नदियों का जल पीने योग्य नहीं बचा है। वैदिक सभ्यता सिंधु के तट पर विकसित हुई। वैदिक सभ्यताओं में नदियों को जल माताएं कहा गया है। भूतत्व विज्ञानी सिंधु सभ्यता को वैदिक काल के बाद का मानते हैं। सिन्धु सभ्यता में प्रकृति के अनुसार आचरण दिखाई पड़ता है। वैदिक समाज में सूर्य से चंद्रमा से अग्नि से वनस्पतियों से इंद्र से प्रार्थनाएं हैं। सूर्य प्रतिदिन उगता है मगर वह पुराना होकर नया है। वह आदि अनादि है। हम सूर्य को नमस्कार करते हैं। सूर्य चंद्रमा, पृथ्वी, जल, अग्नि, वनस्पतियों के बीच ही जीवन आनंद मय है।

ऋग्वेद में प्रकृति माता और ऋत ब्रह्माण्डीय व्यवस्था का आधार ( अरण्यनी सूक्त में प्रकृति को वन देवी के रूप पूजा गया है)। अथर्ववेद में पृथ्वी को माता भूमि : पुत्रों अहं पृथिव्या :(भूमि सूक्त) में कहा गया है। यजुर्वेद में प्रकृति और पर्यावरण के मूल तत्व (जल,वायु अग्नि,आकाश और पृथ्वी को पंच महाभूत कहा)श्री कृष्ण कहते है अपरा प्रकृति (जल या भौतिक) यह नाशवान है। जड़ है। आठ भागो में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार है। आगे श्रीकृष्ण कहते हैं ।परा प्रकृति चेतन या जीव प्रकृति यह श्रेष्ठ और चेतन प्रकृति है। जो सभी प्राणियों में स्थित जीवात्मा है। श्री कृष्ण आगे कहते है कि प्रकृति के तीन गुण बताए है। सत्व गुण - पवित्रता और ज्ञान।रजो गुण - कर्म इच्छा और आसक्ति, तमो गुण - अज्ञान, आलस्य, अनिद्रा। वैज्ञानिकों के निष्कर्ष हैं कि तापमान बढ़ रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। उनका जल महासागरों में आ रहा है। अधिक ग्लेशियरों के पिघलने से महासागरों की बाढ़ के चपेट में दुनिया के देश आएंगे। उसमें भारत के भी कुछ तटीय महानगर सम्मिलित हैं। भारी प्राकृतिक विपदा होगी। तब क्या है वैज्ञानिकों की चेतावनी पर ध्यान दे रहे हैं? उत्तर आएगा नहीं। प्रकृति अपना संतुलन स्वयं बनाती है। हम सब इस ब्रह्मांड का अंश ही हैं। दिखाई भिन्न प्रकार के पड़ते हैं। तब हमारा आचरण ऋत नियमन से भरा होना चाहिए। प्रकृति ने लाखों करोड़ों वनस्पतियों को हमे दिया। उसका हमे परमात्मा को धन्यवाद देना चाहिए। मगर किसी व्यक्ति को धन्यवाद देने में भी कंजूसी करते हैं। हम प्रकृति के साथ सभी जीवों को प्रेम करना चाहिए। हम नही करते। प्रेम के काव्य लिखते हैं। प्रेम नही करते। हमारी श्वास प्रतिश्वांस परमात्मा की है हम उसे धन्यवाद नही करते।

हमने नदियों को कचरे से पाटने का बड़ा पुरुषार्थ किया है। इससे मछलियां विलुप्त हो रही हैं। अन्य जलीय जीव खतरे में है। अनेक विलुप्त हो गए हैं। प्लास्टिक कण इन जीवों के भीतर तक पहुंच गए हैं। आर्सेनिक, निकिल, क्रोमियम सीसा, पारा, फ्लोराइड , फिनायल प्लास्टिक जैसे प्राण घातक रसायन नदियों में डाल रहे हैं। पांच सितारा होटलों के लिए नदियों के पवित्र तटों को नष्ट कर रहे हैं। नदियों के किनारे रहने वाले जीवों का अधिकार छीन रहे हैं। अस्पतालों के नाले नदियों में डाले जा रहे हैं। इससे अनुमान लगा सकते हैं कि हमारा भारतीय समाज और दुनिया की सभ्यता कितनी सुशिक्षित है ? सुसंस्कृत है ? वहीं अनेक लोग जिनकी कोई डिग्री नहीं। सभी स्कूल नहीं गए। वह सभी नदियों को माता मानकर आज भी ग्रह नक्षत्रों के नियम के अनुसार प्रणाम करते हैं। स्नान करते हैं।नीराजन करते हैं। उन्हें असभ्य और गँवार कहा जाता है, जबकि इन्ही का आचरण प्रकृति जैसा है। आदिकाल से आचरण किया है। पर्यावरण में संतुलन इनका बड़ा योगदान है। आधुनिक भारत में नदियों को पहाड़ों को वनों को अधिकतम नुकसान पहुंचा है। नदियों का हृदय स्थल बेध डाला। दिशाएं बदल दी। पहाड़ों को बारूद से उड़ाया।

वनों को समाप्त करने के लिए आधुनिक मशीन ले आये। काटना शुरू किया। खेती को आधुनिक विषैली बनाया। रासायनिक बनाया। रसायनों से कैंसर दिया। और यह सब पढ़े लिखों ने ही किया है। इसमें सरल अनपढ़ लोगों का कोई दोष नहीं है। वैदिक और सिंधु सभ्यता प्रकृति प्रेमी थी। पशु प्रेमी थी। वनस्पति प्रेमी थी। वह प्रकृति के साथ चले। हम सब आधुनिक यह मशीन लेकर चले। पूर्वजों ने पीपल, बरगद, तुलसी, केला, शमी, नीम, दूब( दूर्वा) सभी का नीराजन किया। सभी से किया। चंपा, चमेली, मनोकामिनी, गुड़हल सरसों, धतूर, जामुन, कैथा, गन्ना, पान, कमल, नील कमल, ब्रह्म कमल से इन जल माताओं की नदियों की देवताओं की आराधना की। वन देवी की आराधना की।

प्रकृति की आराधना की। फूलों से प्रकृति से प्रकृति का स्वागत। किया। अहोभाव भाव प्रकट किया। वही प्रकृति से लिया वहीं दे दिया। नदी में उतरे। डुबकी लगाई। वही आचमन किया। जल को जल से पृथक नही किया। आधुनिक तथाकथित प्रगतिशीलों ने प्लास्टिक के फूल बनाये। आदमी प्लास्टिक के बनाये। लोहे के स्टील के और नाम रखा रोबोट। प्रगतिशील गदगद है। आधुनिक हैं। वह प्रगतिशील कहलाने में प्रसन्न होते हैं। पृथ्वी को छोड़कर ग्रहों में जीवन की सम्भावना खोजते हैं। अरबों खर्च कर हो रहे है। हम कहते है कि तुम यहां एक पेड़ सुरक्षित नहीं रख सकते। नदी साफ नहीं रख सकते। सागर महासागर साफ नहीं रख सकते। वहां क्या करोगे। हिमालय क्षेत्र से वनस्पतियां लुप्त हो रही है। जीवन घट रहा है। संपूर्ण प्रकृति की संजीवनी भी गल रही है। नष्ट हो रही है और इसका नाम वैश्विक रूप से विकास है। अन्ततः विनाश है। आगे ग्लोबलाइजेशन है।

विज्ञान ने यह भी किया है कि संपूर्ण संसार को सात बार नष्ट करने वाले परमाणु बम बनाकर तैयार कर दिया। दुनिया तनावग्रस्त है। युद्ध में है। अब शांति खोज रहे हैं। पूरी दुनिया में शांति का रास्ता खोजने के ढोंग में है। प्रस्ताव है। मीटिंग है। सम्मेलन है। मीडिया की रिपोर्ट है। पहला पर्यावरण सम्मेलन 5 जून से 16 जून 1972 को हुआ था। पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र का मूल वक्तव्य इस तरह है कि मानव जाति को गरिमा पूर्ण जीवन जीने के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण का मौलिक अधिकार है। वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए इसकी रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। संयुक्त राष्ट्र का यह रुख मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर है। पहला जलवायु परिवर्तन दूसरा जैव विविधता का नुकसान और तीसरा प्रदूषण से निपटने का कार्य करता है। प्रश्न है कि संयुक्तराष्ट्र की सुनता कौन है। वह निरीह है।

हमारे लिखते और अखबार में छपते समय भी कई देश बम दगा रहें हैं। पर्यावरण पर सम्मेलन बिना निष्कर्ष सम्पन्न हो जाते हैं। इसलिए रुको। प्रकृति को देखो। वह तुम हो। निहारो होशपूर्वक वह तुम्हारी संततियों की पालनहार है। वह ही माता और पिता है। वह परमशक्ति है। भिन्न भिन्न रूपों में व्यक्त है। अव्यक्त भी है। वही तेजस है। ज्योतिर एकं है। उसका ही नाम परमात्मा है। सभी दिशाओं में है। उस परम आवरण को बारम्बार नमस्कार है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# जीवन का आधार है पर्यावरण



रमेश सर्राफ धमोरा

दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है।

इस अभियान की शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य वातावरण की स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।

इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम जलवायु के लिए अभी है। यह थीम जलवायु परिवर्तन की तात्कालिकता और इसके वास्तविक, ठोस समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करती है। पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों और। आवरण का अर्थ होता है हम चारों और जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं। मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना, वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता हैं। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट पृथ्वी पर मंडरा रहे तीन बड़े पर्यावरणीय संकटों जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का नुकसान और प्रदूषण से निपटने के लिए एक वैज्ञानिक खाका प्रदान करती है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और प्रदूषण तीनों आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। ये मानव अस्तित्व के लिए एक स्व-निर्मित खतरा हैं।

प्रदूषण के कारण हर साल लगभग 90 लाख लोग असामयिक रूप से अपनी जान गंवाते हैं। लगभग 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। मानवता ने पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक और अस्थिर दोहन किया है जिससे हमारी पृथ्वी की जीवन-समर्थन क्षमता कमजोर हो गई है। सतत भविष्य के लिए जरूरी है कि अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों को इस तरह से बदला जाए जो प्रकृति को नुकसान पहुंचाने के बजाय उसे बहाल करने में निवेश करें। पेरिस समझौते के लक्ष्यों (को प्राप्त करने के लिए 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड के वैश्विक उत्सर्जन में 2010 की तुलना में 45% की कमी और 2050 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना अनिवार्य है। भोजन, ऊर्जा और सामग्री के उत्पादन के वर्तमान तरीकों में सुधार करना होगा ताकि पृथ्वी के संसाधनों का अधिक न्यायसंगत और सुरक्षित उपयोग हो सके। सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जलवायु, जैव विविधता और प्रदूषण से जुड़ी नीतियों को एक साथ लागू करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट इस निष्कर्ष पर जोर देती है कि आने वाले दशकों में प्रकृति के साथ शांति स्थापित करना मानवता के लिए सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक कार्य है।

सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। मगर देश में लाकडाउन के चलते बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष



रोहित माहेश्वरी

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से अब तक कम से 21 लोगों की मौत हुई है जबकि 37 से अधिक लोग घायल हैं। भारत की राजधानी में मौजूद इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा?

आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है।

विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

राजधानी में बीते एक माह में हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। मई-जून के महीने में दिल्ली में लगातार हादसे हुए हैं, जिनमें आग और बिल्डिंग गिरने की घटनाओं ने कई जिंदगियां छीन लीं। ये घटनाएं दिल्ली में फायर सेफ्टी, बिल्डिंग नियमों और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। मई की शुरूआत में विवेक विहार में चार मंजिला इमारत में एसी ब्लास्ट से लगी आग में एक बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी।

वहीं, पालम के साध नगर में भी एक इमारत में भीषण आग लगने से एक परिवार के 9 सदस्यों की जान चली गई थी। 30 मई को साकेत के सैदुलाजाब में 5 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग के ढहने से 6 लोगों की मौत हुई, जबकि कई घायल हुए। इस हादसे में अवैध निर्माण और एमसीडी की लापरवाही सामने आई। 2 जून को मुकुंदपुर में एलपीजी सिलिंडर ब्लास्ट से मकान गिरने में 10 लोग घायल हुए। 3 जून को मालवीय नगर में रेस्टोरेंट में लगी आग ने भी कई कीमती जानें लीं।

इन सभी हादसों में प्रशासन की ओर से की जाने वाली लापरवाही स्पष्ट प्रतीत हो रही है। पुराना रिकॉर्ड देखें तो मई 2022 को पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला कारोबारी इमारत में एक कंपनी सिक्योरिटी कैमरे और दूसरे उपकरणों को बनाने और बेचने वाली कंपनी में आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। जून 2021 में पश्चिमी दिल्ली के ही उद्योग नगर में एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई थी।

आग लगने के कई हफ्तों बाद फैक्ट्री के फरार मालिक को गिरफ्तार किया गया। जनवरी 2020 में पीरागढ़ी की एक इमारत में लगी आग की चपेट में आकर 1 आदमी की मौत हो गई जबकि 17 लोग घायल हो गये इनमें तीन मजदूर और 14 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे। इससे पहले 2019 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से नई दिल्ली की एक इमारत में आग लग गई और 43 लोग जल कर मर गए। इसमें भी ज्यादातर मजदूर ही थे जो रात में फैक्ट्री की इमारत में ही सो रहे थे। 2019 में ही करोल बाग की एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की मौत हुई जिनमें एक महिला और एक बच्चा भी था, जो जान बचाने के लिए खिड़की से कूद पड़े थे। जनवरी 2018 में दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में पटाखों के कारण लगी आग ने 17 लोगों की जिंदगी खत्म कर दी थी। इसी तरह 1997 के दिल्ली में उपहार सिनेमा कांड को कौन भूल सकता है जब एक साथ 59 लोगों की मौत आग लगने के कारण हुई थी।

मालवीय नगर के अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ।

जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? साफ तौर लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए।

मालवीय नगर की घटना से यह स्पष्ट है कि प्रशासन को बिल्डिंग निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य और नियमित बनाना होगा। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष व्यवस्था करनी होगी ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य तेजी से हो सके। फायर ब्रिगेड की संख्या और संसाधनों में भी वृद्धि जरूरी है। ये केवल दिल्ली की कहानी नहीं हैं बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी हैं।

अगर अब भी हम नहीं चेते तो ऐसे हादसे बार बार दोहराए जाएंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। आधुनिकता और सुविधा के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**- कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष**- नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन**- सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कर्क**- समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह**- यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या**- शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**तुला**- खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक**- समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**धनु**- कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें।

**मकर**- आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ**- सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**मीन**- शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# प्रभारी मंत्री ने तय किया कार्यक्रमों का रोड मैप



● सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आज से 21 जून तक जनसंपर्क और जनजागरण अभियान चलेंगे

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** सर्किट हाउस सभागार में प्रभारी मंत्री एवं जल शक्ति-बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के अधिकारियों तथा भाजपा महानगर व जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में आगामी 5 जून से 21 जून 2026 तक चलने वाले आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और जनहितकारी योजनाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंत्री को 5 जून से 21 जून तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस अवधि में जनसंपर्क अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, योग कार्यक्रम, मीडिया संवाद और 'विकसित भारत संकल्प' से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। बैठक में यह भी बताया गया कि 5 जून को विशेष रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर योग शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न तिथियों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित किया जाएगा और विकास कार्यों की जानकारी साझा की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित, पारदर्शी और जनभागीदारी के साथ आयोजित हों। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक गतिविधि का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंचे। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करें, जिससे कार्यक्रमों का सफल संचालन हो सके और जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता, विभिन्न विधायकगण, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, डीएफओ विकास यादव, नगर आयुक्त अजय जैन, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे सक्रिय बिजली व्यवस्था पर रखेंगे नजर

● सीएम के आदेश के बाद मुख्य अभियंता वितरण पंकज अग्रवाल ने सभी अभियंताओं को दिए निर्देश

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** बढ़ती गर्मी और बिजली आपूर्ति को लेकर प्रदेश की योगी सरकार की सख्ती के बाद बिजली विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य अभियंता वितरण पंकज अग्रवाल ने सभी अभियंताओं और अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बिजली व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने और फाल्ट का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य अभियंता वितरण पंकज अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेशों का पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधीक्षण अभियंता (शहरी) रणजीत चौधरी ने बताया कि फाल्ट ठीक करने में किसी प्रकार की देरी न हो, इसके लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। शहर के 28 बिजली उपकेंद्रों पर वर्तमान में 258 नियमित अधिकारी व कर्मचारीबिजली निगम से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के 28 बिजली उपकेंद्रों पर वर्तमान में 258 नियमित अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि आउटसोर्सिंग के माध्यम से 570 कर्मचारी तैनात हैं। बताया जा रहा है उपकेंद्र में कार्य करने वाले कर्मचारी व लाइनमैन की संख्या कम है और बढ़ने पर फाल्ट व बिजली संबंधित कार्य तेजी से किए जा सकते हैं। वहीं विद्युत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अजय शाही ने बताया कि हम लोग हमेशा लाइनमैन बढ़ाने की मांग करते हैं।

# गोरखपुर में दौड़ेंगी 95 एसी बसें: नगर निगम देगा निशुल्क जमीन, इलेक्ट्रिक बसों को कैबिनेट की मंजूरी



**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** गोरक्षनगरी की सड़कों पर जल्द ही 95 और इलेक्ट्रिक सिटी एसी बसें चलेंगी। ग्रास क्रॉस कांट्रैक्ट मॉडल के तहत इन बसों को चलाने की मंजूरी प्रदेश कैबिनेट ने दे दी है।

इन बसों के संचालन का जिम्मा निजी ऑपरेटर संचालकों के पास होगा। वे ही बसों में चालक और परिचालक उपलब्ध कराएंगे। बसों के लिए चार्जिंग प्वाइंट भी ऑपरेटर बनाएंगे और नगर निगम निशुल्क जमीन उपलब्ध कराएगी। प्रस्ताव के मुताबिक, बसों की खरीद की जिम्मेदारी भी ऑपरेटरों की होगी, लेकिन सरकार उनकी खरीद पर सब्सिडी देगी। आठ मीटर लंबाई की बसों की खरीद पर 40 लाख रुपये और 12 मीटर लंबाई की बसों पर 35 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। नौ मीटर की बसों में लगभग 40 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी और इनका आकार अपेक्षाकृत छोटा होने से इन्हें शहर की व्यस्त और संकरी सड़कों पर आसानी से संचालित किया जा सकेगा। वहीं 12 मीटर लंबी बसों में 52 सीटें होंगी तथा यात्रियों को अधिक आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा। बसों के संचालन का अनुबंध 12 वर्षों के लिए किया जाएगा। शहर में चार्जिंग प्वाइंट के लिए नगर निगम ने कोनी में जमीन उपलब्ध कराने की तैयारी की है। जबकि, एक और चार्जिंग प्वाइंट के लिए जमीन तलाशी जा रही है।

> सिटी बसों के बेड़े में शामिल करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की मांग की गई थी। इसके डिपो के लिए एक जमीन कोनी में उपलब्ध है। दूसरी जमीन शहर में तलाश की जा रही है ताकि बसों के संचालन और चार्जिंग की समुचित व्यवस्था की जा सके।
>
> **लव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गोरखपुर सिटी ट्रांसपोर्ट**

# महिला बंदियों के स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन



**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** महामहिम कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की माननीय कुलपति प्रो. पूनम टंडन के सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में महिला अध्ययन केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 'महिला बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर विशेष योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महिला बैरक, जिला कारागार, गोरखपुर में प्रातः 6:30 बजे किया गया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की गतिविधियों को 'योगा फॉर हेल्थ एजिन' विषय के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक आयु वर्ग में योग के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में महिला बंदियों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम योग को समाज के उन वर्गों तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा, जिन्हें मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग की विशेष आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। उपस्थित महिला बंदियों को बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक समग्र जीवन पद्धति है। कारागार जैसे वातावरण में, जहाँ व्यक्ति अनेक मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करता है, वहाँ योग तनाव प्रबंधन, आत्मनियंत्रण तथा सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन का संदेश भी साझा किया गया। उन्होंने कहा कि– हमारा लक्ष्य है कि महिला कैदियों को योग के माध्यम से आत्म-निरीक्षण, आत्म-नियंत्रण और आत्म-विश्वास की भावना विकसित करने में मदद मिले। इस पहल से कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उनके पुनर्वास की प्रक्रिया भी सशक्त होगी। योग व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा महिला बंदियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। योग सत्र की शुरूआत शरीर को सक्रिय एवं ऊर्जावान बनाने वाले अभ्यासों से हुई, जिसके अंतर्गत ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन एवं वज्रासन का अभ्यास कराया गया। इन आसनों के माध्यम से शरीर की लचीलापन, संतुलन क्षमता तथा मांसपेशियों की शक्ति बढ़ाने के महत्व को समझाया गया। मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से ऐसे योगाभ्यासों का चयन किया गया जो तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में सहायक हों। इसमें सुखासन, बालासन, शवासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, अधोमुख श्वानासन, उष्ट्रासन तथा सेतु बंधासन का अभ्यास कराया गया।

# तहसील खजनी में न्यायिक कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** तहसील खजनी में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

खजनी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह के कार्यकाल से जुड़े विभिन्न आरोपों की जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को एक विस्तृत प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्यायिक प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं, कर्मचारियों के साथ व्यवहार तथा न्यायालय संचालन से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया।

बार एसोसिएशन का आरोप है कि तहसीलदार के कार्यकाल में तहसील का माहौल लंबे समय से तनावपूर्ण बना हुआ है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि न्यायिक कार्यों के संचालन में पूरी तरह से विधिक अनियमितता बरती जाती है कई मामलों में स्थापित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तहसीलदार की पूर्व तैनाती के दौरान पत्रकारों एवं कर्मचारियों के प्रति कथित अभद्र भाषा के प्रयोग का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उनका स्थानांतरण लेखपाल प्रशिक्षण महाविद्यालय गोरखपुर कर दिया गया था। बाद में उनकी तैनाती तहसील खजनी में हुई, लेकिन यहां भी विवादों का सिलसिला आने के बाद से ही जारी रहने का आरोप लगाया गया है।

अधिवक्ताओं के अनुसार फर्जी नक्शा शासन को भेजे जाने के मामले को लेकर उप जिलाधिकारी के पेशकार और तहसीलदार के बीच विवाद हुआ था। इस प्रकरण को कर्मचारी संगठनों ने भी उठाया था। इसके बाद उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेशकार की नियुक्ति को लेकर स्थिति जटिल बनी रही और प्रशासनिक व्यवस्था के तहत वैकल्पिक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बार एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि वर्तमान में न्यायालय संबंधी कई कार्य अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे संचालित हो रहे हैं। कंप्यूटर संचालन से जुड़े कर्मचारियों से न्यायालयीन कार्य कराए जाने तथा कुछ कार्यों में निजी व्यक्तियों की भूमिका बढ़ने की भी शिकायत की गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिवक्ताओं को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि, लगाए गए आरोपों पर तहसील प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**उनवल गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 12 में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ दिनांक 4 जून 2026 दिन बृहस्पतिवार से हो रहा है जिसकी भव्य और दिव्य कलश यात्रा में इस कड़ी धूप में श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों द्वारा गाजे बाजे तथा शंख ध्वनि और जयकार करते हुए नगर के मुख्य मार्ग से कलश यात्रा होता हुआ ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर, ,काली जी मंदिर, झारखंडी शिव लिंग परिसर होते हुए वार्ड नंबर चार में स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में स्थित पवित्र जलाशय से जल भर कर पुनः हनुमान मंदिर पर पहुंचा। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक गोपाल कृष्ण मिश्र ने बताया कि कथा व्यास के रुप मे पंडित रोशन कृष्ण शास्त्री ग्राम कलवारी होंगे।

# सांसद ने झाड़ू उठाकर दिया स्वच्छता का संदेश बटोरा कचरा, कहा-सफाई हर नागरिक की जिम्मेदारी



**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** महानगर के नौका विहार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सांसद रवि किशन के साथ महानगर जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव तथा नगर निगम के पार्षदों ने श्रमदान किया। सांसद रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता जनआंदोलन का रूप ले चुकी है।

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गोरखपुर के सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने मंगलवार को श्रमदान एवं प्लॉग रन अभियान में हिस्सा लिया। नौका विहार क्षेत्र में महापौर और पार्षदों के साथ मिलकर उन्होंने प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और स्वच्छ भारत का संदेश दिया।

गोरखपुर महानगर के नौका विहार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सांसद रवि किशन के साथ महानगर जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव तथा नगर निगम के पार्षदों ने श्रमदान किया। सांसद रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन से लोगों में सकारात्मक सोच विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। रवि किशन ने कहा कि समस्त गोरखपुर और नौका विहार को प्लास्टिक मुक्त एवं प्रदूषण मुक्त बनाना केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। यदि हर नागरिक आसपास स्वच्छता का संकल्प ले तो शहर और देश दोनों सुंदर बन सकते हैं। अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# पूर्वोत्तर रेलवे को माल लदान से 68 करोड़ से अधिक की आय

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा व्यापारियों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दी जा रही उन्नत सुविधाओं तथा मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के सुनियोजित प्रयासों से पूर्वोत्तर रेलवे पर माल लदान में वृद्धि का क्रम जारी है।

वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के द्वितीय माह मई, 2026 तक कुल 0.609 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जिससे रू. 68.66 करोड़ की आय हुई तथा माह मई, 2026 में कुल 0.318 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जिससे रू. 37.47 करोड़ की आय हुई। रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समेकित प्रयासों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे पर वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 में माह मई, 2026 तक कुल 0.609 मिलियन टन माल लदान से रू. 68.66 करोड़ की आय हुई, जो कि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 0.561 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 8.56 प्रतिशत तथा आय रू. 59.171 करोड़ की तुलना में 16.04 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, माह मई, 2026 में कुल 0.318 मिलियन टन माल लदान से रू. 37.47 करोड़ की आय हुई, जो कि गत माह मई, 2025 में कुल 0.297 मिलियन टन की तुलना में 7.07 प्रतिशत तथा आय रू. 32.45 करोड़ की तुलना में 15.5 प्रतिशत अधिक है।

## पाइपलाइन मरम्मत से रुकी पानी की बर्बादी

**बड़हलगंज, गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** बड़हलगंज में ब्लॉक मुख्यालय के सामने एक कोयले की दुकान के पास फटी पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत कर दी गई है। कई दिनों से नाले में बह रहे हजारों लीटर पानी की बबार्दी पर अब रोक लग गई है। यह कार्रवाई समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा की गई। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से पानी फव्वारे की तरह निकलकर सीधे नाले में बह रहा था। इससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और मूल्यवान पेयजल व्यर्थ नष्ट हो रहा था। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल समाधान की मांग की थी। समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया।

# चाइल्ड लाइन बस्ती को सुपुर्द किए गये किशोर

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 02 मई, 2026 को गाड़ी संख्या-15203 में कार्यरत ट्रेन टिकट परीक्षक द्वारा 05 एवं 08 वर्ष के दो लावारिस लड़कों को रेलवे सुरक्षा बल बस्ती को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त दोनों लड़को को चाइल्ड लाइन बस्ती को सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ सिटी को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-01 पर 16 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन बस्ती को सुपुर्द किया गया।

02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. को गाड़ी संख्या 12180 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे लखनऊ जं. पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर छावनी को टिकट बुकिंग हॉल में यात्री का छूटा एक मोबाइल मिला, जिसे गोरखपुर छावनी पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर मोबाइल उसे सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोंडा को गाड़ी संख्या-04732 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोंडा पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी संख्या-15113 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल लालकुआं को गाड़ी संख्या-14120 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे लालकुआं पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। 02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल कन्नौज को गाड़ी संख्या-04824 में यात्री का छूटा दो बैग मिला, जिसे लालकुआं पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर दोनों बैग उसे सुपुर्द किया गया।

02 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल एवं टास्क टीम गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-20104 में लावारिस रखे 421 बोतल अमानक पानी मिलने पर उसे जब्त किया गया।

## जनगणना करने गए युवक से मारपीट, केस दर्ज

**सहजनवा गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** गीडा थाना क्षेत्र के नगवा निवासी एक जनगणना कर्मी अपने बेटे के कार्य पूरा कर अपने अधीनस्थ के पास जा रहे थे। उसी दौरान मनबढ़ो ने उसे देख लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के नगवा निवासी चंद्रकला पत्नी राजू जो जनगणना कर्मी है। कार्य पूर्ण होने के बाद वह अपने बेटे प्रभाकर को अपने अधीनस्थ के पास भेजा था। रास्ते में मनबढ़ उसे देख लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ऋषिकेश,राजन, बब्बन तथा कई अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## पेड़ काटने से मना करने पर प्रधान पर हमला

**सहजनवा गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरवल के प्रधान को शीशम का पेड़ काटने से मना करने पर मनबढ़ो ने जान मारने की नीयत से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के भरवल प्रधान शैलेंद्र चौहान के गांव के दो मनबढ़ शाम को 7.30 बजे के करीब हिस्सेदारी में लगा शीशम का पेड़ काट कर गिरा रहे थे। जिसे देखकर प्रधान ने पेड़ काटने से मना किया तो दोनों आरोपी गाली गलौज करते हुए उन्हें मारते पीटते हुए जान मारने की नीयत से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। प्रधान के भाई सुग्रीव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिकेत चौहान, जय किशन चौहान के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# संरक्षा प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम व संरक्षा सेमिनार आयोजित

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर द्वारा कार्यस्थलों पर संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सुरक्षित कार्य-संस्कृति को निरन्तर सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा संरक्षा प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम तथा संरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया। यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा कर्मचारियों के बीच औद्योगिक संरक्षा जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 03 जून, 2026 को संरक्षा प्रदर्शनी-सह-संरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 03 एवं 04 जून, 2026 को लगी रहेगी, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर उपयोग होने वाले संरक्षा उपकरणों, पी.पी.ई., गेज, टूल्स तथा सुरक्षित कार्य-पद्धतियों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर संरक्षा सेमिनार को सम्बोधित करते हुये मुख्य कारखाना प्रबन्धक/यांत्रिक कारखाना सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि कारखाना संचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षित कार्यस्थल संरक्षा नियमों के पालन, सम्भावित खतरों की समय पर पहचान, उपयुक्त पी.पी.ई. के सही उपयोग तथा कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से ही सुनिश्चित होता है। श्री शर्मा ने कहा कि संरक्षा केवल औपचारिक व्यवस्था नहीं, बल्कि दैनिक कार्य-संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है।

इसके पूर्व, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/संयंत्र एच.आर. खान ने कहा कि कारखाने में कर्मचारियों को आवश्यक पी.पी.ई. उपलब्ध कराये जा रहे हैं तथा उनके प्रभावी उपयोग के लिये नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम एवं व्यावहारिक प्रदर्शन आयोजित किये जा रहे हैं। उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य अनुज मिश्रा ने कहा कि संरक्षा प्रबन्धन में डिजिटल प्रणाली का उपयोग कार्यस्थल पर जोखिम नियंत्रण, अनुमति-आधारित कार्यों की बेहतर निगरानी तथा सुरक्षित कार्य-पद्धतियों के अनुपालन में सहायक सिद्ध होगा। उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि संरक्षा प्रत्येक कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा सुरक्षित कोच एवं सुरक्षित कार्यस्थल की अवधारणा को मजबूत करने के लिये सभी का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

प्रदर्शनी में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों यानी पी.पी.ई., अग्निशमन यंत्रों, संरक्षा सम्बन्धी पोस्टरों, मॉडलों, यांत्रिक एवं विद्युत सुरक्षा उपकरणों तथा विभिन्न शॉपों में उपयोग होने वाले विशेष गेज एवं टूल्स का प्रदर्शन किया गया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर फीडबैक की अपील

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस और के अवसर पर बृहस्पतिवार को नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। सुबह चले अभियान में मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, नगर आयुक्त अजय जैन, निगम के अधिकारियों, पार्षदों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। अभियान के दौरान नौका विहार से सर्किट हाउस मोड़ तक सड़क की दोनों पटरियों और डिवाइडर की सफाई कर कचरा एकत्र किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शहर को साफ-सुथरा रखने का संकल्प दिलाया।

# जन-जागरूकता रैली निकाली गई

**गोरखपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में 15 मई से 05 जून, 2026 तक

चलाये जा रहे 'विश्व पर्यावरण दिवस अभियान' के बीसवें दिन 03 जून, 2026 को मुख्यालय तथा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, डिपो, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों एवं चिकित्सालयों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में, लखनऊ मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में बस्ती एवं लखनऊ जं. स्टेशनों पर स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में सफाई मित्रों ने स्टेशन परिसर में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं स्वच्छता बनाये रखने हेतु नारे का उद्घोष करते हुये जन-जागरूकता रैली निकाली।

स्टेशन के डस्टबिनों एवं वाटर बूथों की सफाई की गई। गोंडा स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण के तहत पार्क में पौधारोपण किया गया तथा उपस्थित कर्मचारियों को ह्यपर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण स्वयं से तथा स्वयं के परिवार, मोहल्ले और गाँव-गाँव तक करते रहेंगेह्य का संकल्प दिलाया गया। मंडल चिकित्सालय, बादशाह नगर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० रमेश चंद तथा वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, ऐशबाग डॉ० रंजना पटनी के नेतृत्व में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० रमेश चंद ने बच्चों को बिजली एवं जल बचाने के लिये प्रोत्साहित किया। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ लखनऊ द्वारा ह्यविश्व पर्यावरण दिवस अभियानह्य के तहत भव्य साइकिल रैली निकाली गई। रैली में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुये ह्यसाइकिल अपनायें-पर्यावरण बचायेंह्य जैसे नारों के माध्यम से सभी को प्रेरित किया। रैली के दौरान यह संदेश दिया गया कि साइकिल का नियमित उपयोग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, बल्कि यह प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में स्काउट्स एवं गाइड्स के लगभग 70 सदस्यों ने भाग लिया और अनुशासन एवं समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का भी कार्य किया।

# टीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**● परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के दिए निर्देश**

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में आयोजित टीजीटी परीक्षा के प्रथम सत्र के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैधानिक गतिविधि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने एस.एस.बी.एल. इंटर कॉलेज, दीना नाथ पांडेय राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज एवं महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराएं।

## हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद की कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोनूघाट के पास से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहन प्रजापति निवासी परसिया भंडारी, सोनू रंगवा निवासी चकसराय बदल दास सोनूघाट, चम्पा देवी निवासी परसिया भंडारी तथा सलेहरा देवी निवासी परसिया भंडारी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार चारों अभियुक्तों को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर सोनूघाट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कुंदन पटेल, महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा यादव, कांस्टेबल सनित यादव, कांस्टेबल उपेन्द्र यादव तथा महिला कांस्टेबल राजनंदिनी वर्मा शामिल रहीं।

# डीएम का सख्त रुख, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कई अहम निर्देश जारी किए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, चकबंदी, आबकारी, आईजीआरएस एवं अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

आईजीआरएस प्रकरणों में संतोषजनक निस्तारण न मिलने पर अधिशासी अभियंता विद्युत एवं जिला खनन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जबकि गौरीबाजार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने लंबित आरसी प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले माह भी किसी नगर निकाय की वसूली 70 प्रतिशत से कम रही तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुराने राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण, सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने और चकबंदी मामलों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।



## जनता दर्शन की शिकायत में लापरवाही पर बीडीओ पथरदेवा को प्रतिकूल प्रविष्टि

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ा रुख अपनाया है। एक प्रकरण में अनावश्यक विलंब और उदासीनता पाए जाने पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी पथरदेवा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

पथरदेवा विकासखंड के ग्राम धर्मचौरा निवासी प्रमोद साहनी ने जनता दर्शन में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में मत्स्य पालन के लिए तालाब का पट्टा आवंटित किया गया था, लेकिन अब तक मत्स्य पालन का कार्य शुरू नहीं हो सका है। फरियादी ने बताया कि वह इस संबंध में पूर्व में भी कई बार जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रख चुका है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। मामले की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिलाधिकारी द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद खंड विकास अधिकारी पथरदेवा ने प्रकरण के निस्तारण में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई और मामला लगातार लंबित रखा गया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**गाजीपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** डीएम अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में परियोजना अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 के अन्त तक जनपद गाजीपुर के कुल 7009 घरों पर सोलर रूफटॉप की स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में जनपद में कुल 3479 सोलर रूफटॉप स्थापना कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसके उपरान्त वर्तमान में बैंकों में कुल 1088 लम्बित लोन पत्रावलियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित बैंक शाखाओं में लम्बित पत्रावलियों के सम्बन्ध में रोष व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित जिला अग्रणी प्रबन्धक एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को विशेष अभियान चलाकर एवं



सम्बन्धित बैंक शाखाओं में सम्पर्क कर 01 माह से अधिक दिनों की लम्बित पत्रावलियों को 03 दिवस में तथा 01 माह के अन्दर की लम्बित लोन पत्रावलियों को 07 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर उनका डिस्बर्सल सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये तथा यह भी निर्देशित किया गया कि अनावश्यक किसी भी पत्रावलियों का रिजेक्शन बैंक शाखाओं द्वारा न किया जाये तथा लोन निर्गमन में बैंक शाखाओं द्वारा अनावश्यक विलम्ब अथवा हीला-हवाली करने वाले शाखा प्रबन्धकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बैंक मुख्यालय को पत्र प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिशासी अभियन्तागणों को विद्युत विभगा के अन्तर्गत इंस्पैक्शन कार्य को पोर्टल पर 03 दिवसों के अन्दर समाप्त करने तथा मीटर की स्थापना, कान्फीग्रेशन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही विद्युत बिल संशोधन के कार्यों हेतु समस्त डिविजनों पर मेगा कैम्प आयोजित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त वेण्डरों को निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रमुख सार्वजनिक जगहों यथा-तहसील भवन, नगर पालिका कार्यालय, शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं विद्युत वितरण खण्ड/उपखण्डों पर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनान्तर्गत सोलर रूफटॉप की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार भी किये जायें। बैठक में आलोक प्रसाद मुख्य विकास अधिकारी, सच्चिदानन्द तिवारी, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, राजदेव कुमार, जिला अग्रणी प्रबन्धक (बैंक), समस्त जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड /मीटर परीक्षण खण्ड-गाजीपुर, पीयूष कुमार, जी०एम०आर० स्मार्ट मीटर के प्रतिनिधि, समस्त जिला समन्वयक राष्ट्रीयकृत बैंक, गाजीपुर, एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की स्वच्छता, पर्यावरण और पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति, जिला वन एवं पर्यावरण समिति, पशुपालन विभाग तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता, जवाबदेही और तन्मयता के साथ करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विकास खंड एवं नगर निकाय स्तर पर जनप्रतिनिधियों को भी पौधरोपण कार्यक्रमों से जोड़ने को कहा। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर जोर देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। स्वच्छता समिति की समीक्षा में उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों के सत्यापन का कार्य एक सप्ताह में पूरा करने तथा सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने 15वें वित्त आयोग की धनराशि का उपयोग विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य केंद्रों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही दो माह बाद इन कार्यों का ऑडिट कराने की बात कही।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 14 बच्चों को वितरित किए गए लैपटॉप

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत आच्छादित बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने की।

इस अवसर पर योजना से लाभान्वित 14 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। ये सभी बच्चे कक्षा 9 अथवा उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों का बेहतर उपयोग कर छात्र अपनी शिक्षा को नई दिशा दे सकते हैं और भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।



जिला प्रोबेशन विभाग ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत कुल 439 बच्चे आच्छादित हैं, जिन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय, राजकीय बाल गृह (बालक) के अधीक्षक रामकृपाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सैफ खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त नाम पता श्रेयांश पाण्डेय पुत्र स्व० अष्टभुजा पाण्डेय निवासी कोल्हुआ थाना महुली जनपद संतकबीरनगर हा0 मु० बंग्लाताल थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को कचहरी रोड मोड़ के पास से 2.3 किलोग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# नाविकों को वितरण की लाइफ जैकेट

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार नाविकों के सुरक्षा सम्मान को लेकर शतप्रतिशत कटिबद्ध व प्रयासरत है। इसिलए योगी सरकार पंजीकृत नाविकों में लाइफ जैकेट वितरण कर दियरा के लोगों की जान बचाने के लिए कार्य कर रही हैं। उक्त बातें वृहस्पतिवार के दिन तमकुहीराज के लोकप्रिय विधायक डॉक्टर असीम कुमार राय ने क्षेत्र के गांव पिपराघाट के गोलाघाट पर सात नाविकों में लाइफ जैकेट वितरण के बाद कही। विधायक डॉक्टर असीम कुमार राय ने कहा की प्रदेश सरकार आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सदैव तत्पर है। विधायक ने कहा कि नाव संचालन के दौरान सभी लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित हादसे से बचा जा सके। उन्होंने बाढ़ के समय नाविकों द्वारा किए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संकट के समय नाविकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नाविक जनसेवा और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिकता में है। उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से तहसील क्षेत्र के पिपरा घाट के गोला घाट पे सात नाविकों को लाइफ जैकेट वितरित की गई है। इस दौरान सेवरही भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश व्याहूत, मंडलमंत्री अजय चौबे, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा राम नरेश मिश्रा, मंडलमंत्री धर्मेंद्र भारती, ग्रामप्रधान पिपराघाट रामाजी निषाद, ग्रामप्रधान सुनील निगम, प्रमोद सिंह, सुनील राय, राम निषाद, राजकिशोर निषाद, वकील निषाद, ध्रूप निषाद, संतोष निषाद, संतोष पाण्डेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।



# 39 लाख पौधे या 39 लाख सवाल? कागजों में उगा जंगल, धरती पर उजाड़

**कुशीनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में वृक्षारोपण महाभियान-2025 के तहत 39 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने के सरकारी दावे के बीच अब एक ऐसा सवाल खड़ा हो गया है, जिसका जवाब देना वन विभाग और प्रशासन के लिए आसान नहीं है। यदि पिछले वर्षों में लाखों पौधे वास्तव में धरती पर लगाए गए और उनकी देखभाल हुई, तो फिर जिले के जंगल बेलवा, जंगल खिरकिया, जंगल जगदीशपुर, जंगल अमवा, जंगल पिपरासी जैसे गांव आज भी हरियाली से वंचित क्यों हैं?

बेशक! यह जिले के वही गांव हैं जिनके नाम में आज भी ह्लजंगलह्व शब्द जीवित है, लेकिन जमीन पर जंगल का कोई अस्तित्व नहीं दिखाई देता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय इन क्षेत्रों में पेड़ों की घनी मौजूदगी थी। गांवों के नाम भी उसी प्राकृतिक विरासत की पहचान थे। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि नाम तो जंगल का है, मगर चारों तरफ खेत, बस्तियां और खाली जमीन दिखाई देती है।

वृक्षारोपण के सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो वन विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों में कुशीनगर में करोडो पौधे लगाए जाने का दावा किया जा रहा है। मजे की बात यह है कि हर साल लक्ष्य निर्धारित हुए, अभियान चले, फोटो खिंचे, प्रेस विज्ञप्तियां जारी हुईं और खुद सफलता की कहानियां लिखी गईं। लेकिन जब उन दावों को जमीन पर तलाशने की कोशिश की जाती है, तो तस्वीर बदल जाती है। जिन इलाकों को हरित क्षेत्र बनने की उम्मीद थी, वहां आज भी हरियाली का संकट बना हुआ है।यही कारण है कि अब लोगों के बीच यह चर्चा जोरो पर है कि आखिर वह लाखों पौधों कहा गये ? यदि पौधे लगाए गए थे तो वे बचे क्यों नहीं? और यदि बचे नहीं तो उनकी निगरानी और संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी थी? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित करना भी जरूरी है। जिले में कई स्थानों पर यह भी देखने को मिलता है कि पौधरोपण के नाम पर अभियान तो चलाया गया, लेकिन बाद में न सिंचाई की व्यवस्था हुई ,न सुरक्षा की। नतीजतन बड़ी संख्या में पौधे शुरूआती दौर में ही सूख गए।

## टीजीटी परीक्षा केंद्रों का सीआरओ और एडीएम ने किया निरीक्षण

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा के दौरान गुरुवार को मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। टीजीटी की लिखित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न हुई।

# जन कल्याणकारी अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**संतकबीरनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक जनपद में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के सफल संचालन के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों, कार्य योजना आदि से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) सत्य प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। मंत्री द्वारा दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक सरकार की मंशा के अनुसार निर्धारित कार्य योजना पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से एक-एक कर की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक एवं विकास कार्यों से आम जनमानस को रुबरु करवाना एवं देश, प्रदेश एवं जनपद के विकास में आम जनमानस की भूमिका एवं भागीदारी भी सुनिश्चित करवाना है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भावना के अनुरूप संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रत्येक चरण में सादगी, अनुशासन, इंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं जन भागीदारी को प्राथमिकता दी जाए, साथ ही साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाए।



तैयारियों की समीक्षा के दौरान मंत्री ने पूर्व निर्धारित तिथियों एवं अवधि में संबंधित विभागों द्वारा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तार से बताते हुए कहा कि दिनांक 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत जनपद के सभी अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, नदी व नहर के किनारों पर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कराया जाए।

# सीडीओ ने की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**● मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने स्वच्छता, आवास व विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**कुशीनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जनपद में संचालित स्वच्छता अभियानों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कूड़ा निस्तारण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं उनके नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।



इस क्रम में जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण एवं सत्यापन, सामुदायिक शौचालयों की प्रगति, रेट्रोफिटिंग कार्य, ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना, जन योजना अभियान, 100 तालाबो के साफ सफाई कार्यों सहित अन्य विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक कुल 66 अन्नपूर्णा भवन पूर्ण हो चुके हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा विकासखण्डवार प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विवादित भूमि से संबंधित मामलों पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से पत्रावली प्रस्तुत कर शीघ्र भूमि आवंटन प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत को 'आदर्श स्वच्छ ग्राम' के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।

## एसपी ने सुनीं समस्याएं निस्तारण के दिए निर्देश

**संतकबीरनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कार्यालय में उपस्थित होकर फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाए।

# सीआरपीएफ जवानों के सामान की आड़ में गांजा तस्करी

## एसटीएफ ने 4 अंतरराज्यीय तस्करों को दबोचा

प्रेम शंकर त्रिपाठी

**देवरिया, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने देवरिया जिले में कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 4.03 कुंतल गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में मध्य प्रदेश के सतना निवासी आशीष पांडेय और संदीप कोल के साथ देवरिया जिले के गौरा बरहज निवासी रितेश जायसवाल तथा आदर्श जायसवाल शामिल हैं। एसटीएफ ने इनके पास से गांजे के अलावा एक महिंद्रा पिकअप वाहन, छह मोबाइल फोन, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, नगदी और इलेक्ट्रॉनिक तराजू समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। एसटीएफ के अनुसार गिरोह सीआरपीएफ जवानों के घरेलू सामान की ढुलाई की आड़ में गांजा तस्करी करता था। आरोपियों ने पिकअप वाहन पर सीआरपीएफ लिखकर और लोहे के बक्सों में सामान दिखाकर पुलिस जांच से बचने की कोशिश की। पूछताछ में मुख्य आरोपी रितेश जायसवाल ने बताया कि वह असम के तस्कर नेटवर्क के संपर्क में था और वहीं से गांजा मंगाकर देवरिया व आसपास के जिलों में सप्लाई करता था।

ड्राइवर संदीप कोल ने स्वीकार किया कि उसे गांजा पहुंचाने के एवज में 20 हजार रुपये किराया तय हुआ था। एसटीएफ और एनसीबी की संयुक्त टीम ने लार-सलेमपुर मार्ग पर ग्राम सहला के पास दुर्गा मंदिर के निकट घेराबंदी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में एनसीबी ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज से 21 जून तक चलेगा जनकल्याण व जन-जागरूकता अभियान

## जन-जन तक पहुंचाई जाएं सरकार की उपलब्धियां व जनकल्याणकारी योजनाएं: प्रभारी मंत्री

**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा हेतु वर्चुअल बैठक की।

बता दें कि प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जनसामान्य की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



प्रभारी मंत्री ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम से किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 11 जून से 14 जून तक आयोजित होने वाले मीडिया संवाद कार्यक्रमों में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जाए। 14 जून से 16 जून तक आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित कर किसानों, युवाओं, उद्यमियों, शिक्षकों, चिकित्सकों एवं स्वयं सहायता समूहों से संवाद स्थापित किया जाएगा। वहीं 17 जून से 20 जून तक विकास प्रदर्शनियों के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, विकास परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि 18 एवं 19 जून को आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं में अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें प्राकृतिक एवं जैविक खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाए। साथ ही 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान रात्रि चैपाल, क्षेत्रीय भ्रमण एवं जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभागों को जिम्मेदारियां आवंटित कर दी गई हैं तथा अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, अपना दल एस, आरएलडी, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बिजली आपूर्ति सुबह तीन घंटे रही ठप, लोग हुए परेशान

**जालौन/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** उदोतपुरा 132 केवी बिजलीघर पर जंपर बदलने के कारण नगर की बिजली आपूर्ति सुबह तीन घंटे ठप रही। सुबह तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप होने से नगर की जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। बिजली पानी बंद होने से नगर के लोग परेशान हुए। गुरुवार की सुबह करीब सात बजे अचानक 132 केवी बिजलीघर उदोतपुरा में नगर के जंपर खराब हो गए। जंपर खराब होने से सुबह से ही नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली निगम को जानकारी होने पर उसे ठीक करने का काम शुरू कराया है। जंपर बदलने में लगभग तीन घंटे का समय लगा। सुबह सात बजे से बंद बिजली आपूर्ति 10 बजे शुरू हो सकी। सुबह के समय लगातार तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण नगर की जलापूर्ति भी ठप हो गई। बिजली और पानी बंद होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। दुकानदार, नौकरी करने वालों के साथ आम जनता व महिलाओं को पानी भरने में परेशानी हुई। पानी न मिलने के कारण नहाने धोने व खाना बनाने का काम प्रभावित हुआ। इस दौरान जरूरी कामों के लिए लोगों को हैंडपंपों से पानी भरना पड़ा।

## व्यवसायिक गतिविधियों में जिला पंचायत की रहेगी अग्रणी भूमिका: धर्मजीत

### जिला पंचायत से कराना होगा नक्शा पास



**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुरूप व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के क्रम में जिला पंचायत जालौन को आगे बढ़ाने में जनपद को अग्रणी भूमिका में ले जाने के लिए प्रदेश के पटल पर सर्वोत्कृष्ट करके जनता के बीच सम्बन्ध स्थापित करके जनहितकारी कार्य भी किए जायेंगे उक्त बात आज तरूण मित्र से वार्ता के दौरान अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी ने अपने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कही। श्री त्रिपाठी ने बताया कि मैं मूलतः जनपद चित्रकूट का रहने वाला हूँ। मैनें अपनी शिक्षा-दीक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बीएससी पास करने के उपरान्त सरकारी नौकरी कड़ी मेहनत से हासिल की है। श्री त्रिपाठी ने वार्ता के दौरान बताया कि शासन के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का विनियमितीकरण करने पर बल दिया जा रहा है। उसी को आगे बढ़ाने के लिए जनपद में कड़े प्रयास किए जायेंगे। श्री त्रिपाठी ने बताया कि आईएसओ प्रमाणीकरण कराया जायेगा। व्यवसायिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देकर राजस्व के बढ़ो×री में जिला पंचायत का नाम आगे रहेगा। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पम्प, कोल्ड स्टोर आदि को अनिवार्य रूप से जिला पंचायत से नक्शा पास कराना अनिवार्य करेंगे।

# अपहरण-कांड का 48 घंटे में खुलासा, युवक सकुशल बरामद

## दिल्ली-गाजियाबाद से पांच आरोपी गिरफ्तार, कार-बाइक जब्त

**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** जालौन पुलिस ने आटा थाना क्षेत्र में हुए एक अपहरण कांड का दो दिन के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अपहृत युवक रोहित को सकुशल बरामद कर लिया और इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो मुख्य आरोपियों को दिल्ली और गाजियाबाद में दबिश देकर पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपहरण में इस्तेमाल की गई कार और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बता दें कि अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईशान सोनी ने बताया कि 2 जून 2026 को आटा थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया था कि उसके पति रोहित पुत्र महेन्द्रपाल का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविन्द्र, गुल्टू, अजय और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने तत्काल तीन विशेष टीमों का गठन किया। इन टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान अपहृत युवक और आरोपियों की लोकेशन दिल्ली और गाजियाबाद में मिली, जिसके बाद पुलिस टीमों को वहां भेजा गया। दिल्ली पुलिस के सहयोग से अपहृत रोहित को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अजय और शंकर के साथ सुनील, रिजवान और दीपक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अपहृत रोहित ने बताया कि पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। 2 जून को आरोपियों ने उसे कुसमरा रोड से जबरन कार में बैठाकर अपहरण कर लिया था। उसने यह भी बताया कि घटना के दौरान सुनील और रिजवान मोटरसाइकिल पर उनके साथ थे और वह सभी आरोपियों को पहले से जानता था। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने मामले के सफल खुलासे के लिए पुलिस टीमों की सराहना की है। फरार आरोपी रविन्द्र और गुल्टू सहित अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# बच्चे की मौत के बाद अस्पताल में ताला, स्टाफ फरार

## घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप, लोगों में आक्रोश का माहौल

**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय के मच्छर चैराहा पर स्थित एक निजी अस्पताल पर चार वर्षीय मासूम बच्चे की मौत के बाद गंभीर लापरवाही और अमानवीयता के आरोप लगे हैं। परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के चलते बच्चे की मौत हो गई और इसके बाद अस्पताल संचालक व स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। इतना ही नहीं, मासूम का शव अस्पताल परिसर में बंद ताले के भीतर छोड़ दिया गया, जबकि बाहर परिजन रोते-बिलखते रहे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप और लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है।

बता दें कि मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के मच्छर चैराहा स्थित अनिका हॉस्पिटल का है। बताया गया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ निवासी अमजद खान अपने चार वर्षीय पुत्र रियाज खान को गुरुवार सुबह करीब चार बजे पेट में तेज दर्द की शिकायत होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के दौरान



अस्पताल प्रशासन ने पांच हजार रुपये जमा कराए और बच्चे को ग्लूकोज चढ़ा दिया, लेकिन इसके बाद समुचित उपचार नहीं किया गया। परिजनों के मुताबिक बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन अस्पताल प्रशासन केवल जांच कराने की बात करता रहा और कोई आवश्यक जांच नहीं कराई गई। इसी दौरान मासूम की मौत हो गई। आरोप है कि मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है और बच्चे को दूसरे अस्पताल ले जाना होगा। मृतक बच्चे के पिता अमजद खान ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पुत्र की मौत के बाद अस्पताल संचालक डॉ. देवेन्द्र कुमार कौशल और स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने बच्चे की स्थिति को लेकर सवाल किए तो अस्पताल में ताला लगा मिला और शव अंदर ही छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने भी निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए अस्पताल संचालक और संबंधित स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में सीएमओ डॉक्टर हरिनंदन का कहना है कि वह मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे, लेकिन अस्पताल में ताला लगा हुआ था। वह इस मामले में जांच कमेटी बनाई हैं, साथ ही यह भी जांच कर रहे हैं कि अस्पताल के कागज हैं या नहीं जो भी कार्रवाई होगी उसे नियमानुसार किया जाएगा।

# जालौन-कालपी के बदले गए सीओ

## यूपी में 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले, हमीरपुर-अयोध्या से नए क्षेत्राधिकारी मिले

**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को राज्य भर में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 206 पीपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में जालौन जिले में तैनात दो क्षेत्राधिकारियों (सीओ) का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। जालौन के क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई और कालपी के क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह को दूसरे जिलों में भेजा गया है, और उनकी जगह नए अधिकारियों की तैनाती की गई है।

बता दें कि सरकार द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार, हमीरपुर में तैनात क्षेत्राधिकारी राजेश कमल और अयोध्या में तैनात क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह को जालौन भेजा गया है। इन तबादलों के बाद पुलिस विभाग में हलचल देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई पिछले लगभग चार वर्षों से जालौन में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान दिया। वहीं, कालपी के सीओ अवधेश कुमार सिंह लगभग दो वर्षों से कालपी सर्किल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके कार्यकाल में भी कई संवेदनशील मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। प्रदेश सरकार के इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए अधिकारियों की तैनाती के बाद अब जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली और रणनीति में बदलाव देखने को मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच हुआ विवाद

**जालौन/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच हुए विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई की पिटाई कर दी। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी मनिकचंद ने पुलिस को बताया कि उनका भाई धर्मेंद्र अक्सर बंटवारे को लेकर विवाद करता रहता है। परिवार के लोगों की कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन मानने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह धर्मेंद्र विवाद कर रहा था। जब उसने रोका तो गाली, गलौज करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### रंजिश के चलते की मारपीट

**जालौन/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** रंजिश के चलते एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी पंजाब सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही शिवप्रताप सिंह उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह वह गांव में जा रहे थे। तभी रास्ते में शिवप्रताप ने जबरन उसे रोक लिया और रंगबाजी दिखाते हुए उसके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर पिटाई कर दी। जब आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज कर दी धमकी

**कोंच/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी कपिल पुत्र शिव कुमार ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 3 जून 2026 समय करीब शाम 7 बजे की है। जब मैं अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था तभी शराब के नशे में धुत्त मोहल्ले का ही निवासी सन्तोष बाल्मीकि पुत्र रामस्वरूप आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा तो मैने पैसे देने से मना कर दिया तो उक्त गाली-गलौच करने लगा और मोहल्ले में शांति से नहीं रहने दूंगा उक्त व्यक्ति अपराधी किस्म का है और आये दिन शराब पीकर गाली-गलौच करता रहता है और अपने हाँथ से सर फोड़कर तुम्हे झूठे मुकद्दमें में फंसा दूंगा कपिल ने पुलिस से उक्त के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये है जाने की मांग की है।

### किसानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**जालौन/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देवसिंह पटेल के नेतृत्व में किसान रामपाल सिंह सेंगर, कृपाल सिंह गुर्जर, मनोहर, लक्ष्मीनारायण, विजय सिंह, भगवानदास राठौर, संतोष पटेल, दिलीप कुमार, राजकुमार, बुद्ध सिंह आदि ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीते दिनों आई आंधी में ग्रामीण क्षेत्र में निजली नलकूपों के बिजली के पोल आंधी में गिर गए। जिससे कई नलकूपों की बिजली आपूर्ति बाधित है। उसकी जांच कराकर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। गायर मौजा में पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव होता है जिससे कई एकड़ भूमि पर बुआई नहीं हो पाती है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई पुलिया भी धंस गई है। ऐसे में समस्या और भी बढ़ गई है। उन्होंने पुलिया दोबारा से बनवाने की मांग की है। मांग करते हुए कहा कि मूंग की फसल की खरीद के लिए जालौन मंडी में सरकारी मूंग क्रय केंद्र खुलवाया जाए ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशान न होना पड़े। खरीफ की फसल की बुवाई के लिए समय से किसानों को खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए। कहा कि ब्लॉक कुठौंद के ग्राम धराना में लेखपाल की लापरवाही से अभी भी लगभग 20 फीसदी किसान ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा पाने से वंचित हैं, उन्हें शीघ्र ही मुआवजा दिलाया जाए।

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, मचा हड़कंप

**कदौरा/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के कदौरा कस्बे में गुरुवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम कालपी के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर नगर पंचायत की जमीन और सड़कों के किनारे के अवैध कब्जों को हटाया। इस अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।



बता दें कि प्रशासन की टीम सुबह कदौरा बाजार पहुंची। यहां लंबे समय से नगर पंचायत की जमीन और सार्वजनिक मार्गों पर अवैध अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। अभियान के दौरान सड़क किनारे बने चबूतरे, टीनशेड और अन्य अस्थायी निमार्णों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हुई। बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को उचित बताया। उनका कहना था कि अवैध अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो गई थीं, जिससे अक्सर जाम लगता था और राहगीरों को परेशानी होती थी। एसडीएम कालपी ने बताया कि शासन के निर्देश पर सार्वजनिक भूमि और सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने यह भी बताया कि अवैध निर्माण करने वालों को पहले ही नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेश का पालन न होने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि कदौरा कस्बे में अतिक्रमण विरोधी अभियान आगे भी जारी रहेगा। सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दीवार तोड़कर नया दरवाजा बनाने पर विवाद, ग्रामीण ने एसडीएम से लगाई गुहार

**कोंच/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** कोंच तहसील के सदूपुरा गांव में पैतृक संपत्ति से जुड़े रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी हाकिम सिंह ने अपने पड़ोसी पर आम रास्ते को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार दोपहर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कोंच को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

बता दें कि हाकिम सिंह के अनुसार उनकी पैतृक संपत्ति के पास लगभग छह फीट चैड़ा रास्ता है। इस रास्ते का उपयोग वह और उनका परिवार वर्षों से आवागमन के लिए कर रहा है। हाकिम सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी, जिनका पहले से पूर्व दिशा में एक दरवाजा है, अब पश्चिम दिशा में स्थित करीब आठ फीट ऊंची दीवार को तोड़कर नया दरवाजा खोलने की तैयारी कर रहे हैं। हाकिम सिंह का दावा है कि यदि इस स्थान पर नया दरवाजा बनाया जाता है, तो आम रास्ता प्रभावित होगा। इससे न केवल उनके परिवार बल्कि आसपास के अन्य लोगों के आवागमन में भी परेशानी हो सकती है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि इससे भविष्य में विवाद बढ़ सकता है और गांव का माहौल भी प्रभावित हो सकता है। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इस कार्य का विरोध किया, तो उन्हें धमकियां दी गईं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका रहेगी। शिकायत में हाकिम सिंह ने एसडीएम से मांग की है कि दीवार तोड़कर नया दरवाजा बनाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और दोनों पक्षों को सुनकर न्यायसंगत समाधान निकालने की अपील की है।

# महामृत्युंजय रुद्राभिषेक, जनकल्याण की कामना से गूंजे शिवालय

**कोंच/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** नगर में पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर मोहल्ला गांधी नगर स्थित श्री सिद्धपीठ माँ भुवनेश्वरी मंदिर परिसर में एक माह तक चलने वाले महामृत्युंजय रुद्राभिषेक एवं विशेष शिव अनुष्ठान का धार्मिक आयोजन का उद्देश्य जनकल्याण सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना बताया गया है आयोजन शुरू होते ही मंदिर परिसर शिवभक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय हो जाता है।

कमला नेहरू विद्यालय के सामने स्थित सिद्धपीठ माँ भुवनेश्वरी धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर परिवार की सुख-शांति और आरोग्य की कामना कर रहे हैं पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है जिससे धार्मिक वातावरण और अधिक मनोहारी दिखाई दे रहा है। इस विशेष अनुष्ठान का संचालन विद्वान आचार्य पंडित शिवाकांत शास्त्री के निर्देशन में एवं सहायक आचार्य चम्मू महाराज की मौजूदगी में वैदिक विधि-विधान से कराया जा रहा है कार्यक्रम में दिन गुरुवार को 20 वें दिन यजमान के रूप में सोम शांडिल्य उमा शांडिल्य आकांक्षा सपना तिवारी प्रेमलता तिवारी पवन तिवारी ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया और रुद्राभिषेक संपन्न कराया। आचार्य पंडित शिवाकांत शास्त्री ने बताया कि पुरुषोत्तम माह में भगवान शिव की उपासना अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है।

महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा समाज में शांति सद्भाव और लोकमंगल की भावना मजबूत होती है उन्होंने बताया कि यह अनुष्ठान पूरे माह प्रतिदिन नियमित रूप से चलता रहेगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें, पर्यावरण संरक्षण में निभाएं अपनी भागीदारी: डीएम

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपदवासियों से पौधरोपण करने और सेल्फी साझा करने की अपील

**उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपदवासियों से आह्वान किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के संकल्प के साथ कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण का भी दायित्व निभाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद जालौन में लगभग 10 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनपद को हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने जनपदवासियों, युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर उसकी फोटो अथवा सेल्फी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें, जिससे अधिक से अधिक लोग इस अभियान से प्रेरित होकर जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिससे लगाए गए पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। एक पेड़ मां के नाम अभियान इसी दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उसके संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लें, ताकि जालौन को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल जनपद बनाया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि जनपद का प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़कर एक-एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल सुनिश्चित करे, तो जालौन में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त जनआंदोलन खड़ा किया जा सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा।

## आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में निभा रहीं अग्रणी भूमिका: राही

**जालौन/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** तहसील सभागार में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम का आयोजन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही की अध्यक्षता और शिक्षाविद् डॉ. नितिन मित्तल की उपस्थिति हुआ। संवाद के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को समय प्रबंधन, कड़ी मेहनत और प्रशासनिक सेवाओं सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बहुमूल्य टिप्स दिए। इस दौरान छात्राओं ने भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से करियर को लेकर सवाल पूछे। जिस पर उन्होंने आगे बढ़ने के टिप्स दिए और छात्राओं को उनकी झिझक दूर कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांव में वाचनालय एवं खेल का मैदान की व्यवस्था किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच/उरई, 04 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली के मोहल्ला मालवीय नगर निवासिनी सुनीता देवी पत्नी बालिकदास ने दिन गुरुवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैं अपने पुत्र के साथ चंड़ीगढ़ में रहकर मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करती है। मेरा पति बालिकदास पुत्र हरदयाल मोहल्ला मालवीय नगर में करीब 6 माह से रह रहा है और कोई काम धंधा भी नहीं करता है मैं अभी मालवीय नगर घर पर रह रही हूं और पति आएदिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है और धमकी देता है कि मेरा घर है मेरी जायजाद है निकल जाओ यहां से और पति से काम करने को कहने पर यह भी धमकी देता है कि वह आत्म हत्या के लेगा और मुझे गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट भी कर देता है।

# जिले में नदी व तालाब में डूबने से सात लोगों की मौत

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर जताया गहरा दुख, संतप्त परिवारों के प्रति व्यक्त की संवेदना

**हमीरपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद हमीरपुर के लिए आज का दिन बहुत ही मनहूस कहा जाएगा ,क्योंकि आज पानी में डूबने से सात लोगों की मौत हुई है जिनमें से एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों में दो बहन व एक भाई शामिल है। इसी प्रकार हमीरपुर के बेतवा नदी में तीन बच्चे नहाने गए थे , तीनों बच्चों के डूबने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति ने तीनों बच्चे को नदी से बाहर निकाल कर लोगो के सहयोग से जिला अस्पताल ले गए जहां एक बच्चे की मौत हो गई और दो बच्चों का इलाज चल रहा है। इस घटना घटना से परिवार रोग मोहल्ले में शोक महल बना हुआ है ,यह तीनों बच्चे निषाद बिरादरी के बताए जा रहे हैं। एक युवक की बहादुरी के चलते दो बच्चों को बचाया जा सका है। सड़क हादसे में ट्रक वेतवा नदी में गिर जाने से चालक और खलासी की मौत हो गई है। हमीरपुर जनपद के थाना बिवार के ग्राम छानी खुर्द तालाब में नहाने गए मां के साथ तीन बच्चों की गहरे पानी में जाने से डूब कर मरने से मौत हो गई इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।। जानकारी मिलते ही परिवार के और सहयोगों की मदद से तीनों मासूम बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। इस दुखद घटना में दो सगे भाई और एक बहन एक ही पिता के हैं। इस घटना से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। जिले में हो रही इन घटनाओं को जानकारी मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को समुचित सहायता उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सा सुविधा दिए जाने की निर्देश दिए हैं। जनपद में तीन विभिन्न घटनाओं में पानी में डूबने से सात लोगों की मौत हुई है और दो बच्चों को बचाया जा सकता है। पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता देने के निर्देश । तालाब में डूबने से दो भाइयों और बहन समेत 3 बच्चों की मौत हो गई है। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

जहां तालाब में डूबने से एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। इस दुखद हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से एक बेहद दुःखद खबर आई है। इस दुखद हादसे की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, मरने वाले बच्चों की उम्र 5 वर्ष, 8 वर्ष और 10 वर्ष थी। ये तीनों बच्चे गांव के ही एक तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे। नहाते-नहाते बच्चे अचानक तालाब के गहरे पानी की तरफ चले गए और खुद को संभाल नहीं पाए। पानी गहरा होने के कारण तीनों बच्चे एक-एक करके डूब गए। गांव में छाया मातमः घटना की जानकारी मिलते ही बिवार थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मेहनत के बाद तालाब से तीनों बच्चों के शव बाहर निकाले। जैसे ही शव बाहर आए, माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एक ही घर के तीन चिराग बुझ जाने से पूरे छानी गांव में सन्नाटा छा गया है और हर आंख में आंसू हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी प्रकार हमीरपुर कस्बे के मेरापुर भिलावा में नहाने गए तीन बच्चे बेतवा नदी में डूब जाने से एक बच्चे की मौत हो गई जिसमें दो बच्चों को बचाया जा सकता है। जिले में हो रही दर्दनाक भीषण घटनाएं लोगों को झकझोर रही है, एकओर एन एच 34 खूनी हाईवे में प्रतिदिन 2-4 मौत होने से सड़क लाल हो रही है तो वहीं नदी में नहाने जा रहे लोगों व बच्चों की भी मौत डूबने से हुई है, ।इसके पूर्व भी कुरारा विकासखंड के भौली गांव में नाव पलटने से 6 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। जनपद में हो रहे हादसों से जिला प्रशासन सबक नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग हमीरपुर कानपुर सागर 34 के बीच सड़क दुर्घटना में प्रतिदिन दो-चार लोगों की मौत होने से परिवार उजड़ रहे हैं। इन घटनाओं के प्रति जिला प्रशासन संवेदनशील नहीं है सड़क दुर्घटनाओ के रोकने व बचाव के लिए समुचित उपाय नहीं की जा रहे हैं। जिसे जनता में खासी नाराजगी है और जिला प्रशासन के खिलाफ लोग सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं।

# प्रशासन के निर्देश, जलाशयों में स्नान एवं नौकायन के दौरान बरतें सावधानी

**हमीरपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हमीरपुर ने ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान तथा नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों में स्नान एवं नौकायन करने वालों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए जनसामान्य के लिए सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है।अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) राकेश कुमार ने बताया कि विगत दिनों में जनपद में डूबने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जिनमें बच्चे, किशोर एवं बुजुर्ग भी शामिल हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नदियों, घाटों एवं तालाबों में स्नान करने जाते हैं, किंतु थोड़ी सी असावधानी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। ऐसे में जनसामान्य से जलाशयों के समीप विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।जारी एडवाइजरी के अनुसार लोगों को केवल सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करने, किसी नए स्थान पर पानी की गहराई की जानकारी प्राप्त करने तथा बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की सलाह दी गई है। साथ ही बच्चों को पुलों, ऊँचे तटों अथवा अन्य स्थानों से पानी में छलांग लगाने से रोकने को कहा गया है।प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि नदियों एवं तालाबों में स्नान के दौरान सेल्फी लेने, खेल-कूद करने अथवा किसी के बहकावे में आकर गहरे पानी में जाने जैसी गतिविधियों से बचना चाहिए।आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा डूबते व्यक्ति के बचाव एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। किसी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल अन्य लोगों की सहायता लें तथा आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना दें।

# ओवरस्पीड वाहनों पर चला पुलिस का शिकंजा,42 वाहनों के काटे चालान

**महोबा, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारू एवं सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालान किए गए, जबकि विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 121 अन्य वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने कानपुरझ्झसागर नेशनल हाईवे पर स्पीड राडार गन के माध्यम से वाहनों की गति की जांच की। जांच के दौरान निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में दौड़ रहे 42 वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

इसके साथ ही लवकुश नगर तिराहा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच करते हुए चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सलाह दी। यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपदवासियों से पुलिस की अपील निर्धारित गति सीमा का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत

**ललितपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम भडराउ निवासी एक महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका ने लगभग तीन वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। मृतका गर्भवती थी और प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी में भर्ती कराई गई थी। वहां डिलीवरी के बाद नवजात शिशु को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# वाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार देने की मांग, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में वाल्मीकि समाज की बेरोजगार एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में इन महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्त किए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करोसिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वाल्मीकि समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं वर्षों से बेरोजगारी की समस्या से जूझ रही हैं। रोजगार के अभाव में उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट गहराता जा रहा है और जीवनयापन करना कठिन हो गया है। ऐसे में यदि नगर पालिका प्रशासन सफाई व्यवस्था के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों की नियुक्ति करता है तो इन महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाज की अधिकांश महिलाएं गरीब एवं श्रमिक परिवारों से संबंधित हैं। नियमित आय का कोई साधन न होने के कारण उन्हें परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रोजगार मिलने से न केवल इन परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि नगर की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक विस्तृत सूची भी सौंपी गई, जिसमें बड़ी संख्या में बेरोजगार महिलाओं एवं उनके परिवारों के नाम दर्ज हैं। इन सभी ने रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग का समर्थन किया है। ज्ञापन में प्रशासन से अनुरोध किया गया कि नगर पालिका में होने वाली आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में इन महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करोसिया ने कहा कि वाल्मीकि समाज की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

# अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग का छापा

**धाता, फतेहपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धाता थाना पुलिस के सहयोग से क्षेत्र में संचालित अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान छह क्लीनिक एवं तीन पैथोलॉजी केंद्रों की जांच की गई, जिनके संचालन में आवश्यक अभिलेख एवं मानकों की कमी पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बिना पंजीकरण अथवा निर्धारित मानकों का पालन किए बिना संचालित होने वाले क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी केंद्रों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान संबंधित संचालकों से पंजीकरण प्रमाणपत्र, चिकित्सकों की योग्यता संबंधी अभिलेख तथा अन्य आवश्यक

### नौ संस्थानों को थमाई नोटिस



दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि उपचार के लिए केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों का ही चयन करें।

## एसपी ने की सीसीटीएनएस व सीईआईआर पोर्टल की समीक्षा

**फतेहपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय के साथ सीसीटीएनएस एवं सीईआईआर पोर्टल के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जनपद के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सीसीटीएनएस पर अभिलेखों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण फीडिंग, लंबित प्रविष्टियों के निस्तारण तथा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की ट्रैकिंग एवं बरामदगी की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि दोनों पोर्टलों पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## कल आयोजित होगा जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस

**हमीरपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की समस्त तहसीलों में आगामी 06 जून (शनिवार) को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय तहसील मौदहा में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। इसी प्रकार तहसील सुमेरपुर में अपर जिलाधिकारी (एन.जी.) एवं अपर पुलिस अधीक्षक, तहसील राठ में मुख्य विकास अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस तथा तहसील सरिला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनशिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण कराया जाएगा।

# आठ दिनों से बिजली-पानी संकट, लोगों का फूटा गुस्सा

एसपी शुक्ला

## जाम लगा रहे 30-40 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हमीरपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** मौदहा थाना क्षेत्र में विगत दिनों आंधी और तूफान आने से सैकड़ो की संख्या में बिजली के खंभे, तार ,ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के चलते एक सप्ताह के बाद भी विद्युत व्यवस्था बहाल न होने से स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है। पीड़ित लोगों का कहना है कि एक सप्ताह से विद्युत न आने से पानी की घोर समस्या होने साथ ही भीषण गर्मी तपन के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी एक में बैठकर भीषण गर्मी का आनंद ले रहे हैं। यहां जनता भीषण गर्मी ,तपन में सड़क पर बैठकर अपनी समस्या के निदान के लिए फरियाद कर रहे है। लेकिन प्रदेश सरकार की जिम्मेदार कोई भी अधिकारी उनकी फरियाद को सुनने को तैयार नहीं है ,बल्कि उन पर झूठे फर्जी मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं। अधिकारी उनकी समस्या का समाधान भी नहीं कर रहे है और उन पर दवा बना कर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है।जिले के मौदहा नगर के वार्ड संख्या-19 सिचौली पुरवा में पिछले आठ दिनों से लगातार बिजली और पेयजल आपूर्ति ठप्प होने से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं और पुरुषों ने रश्मि पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाईवे-34 पर जाम लगा दिया।इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं ,जिससे यातायात बाधित हो गया। प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने रोड पर जाम लगा रहे हैं 30 से 40 लोगों पर मामला दर्ज किया है। लेकिन अभी विद्युत आने की संभावना नहीं है ।लोग बिजली पानी की समस्या से गहरे संकट से गुजर रहे हैं

मौदहा क्षेत्र में कई दिनों से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण पेयजल संकट भी गहरा गया है। समस्या का समाधान न होने से नाराज लोगों ने सड़क पर उतरकर आज जम कर प्रदर्शन किया हुआ। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्याओ के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं, अधिकारी द्वारा क्षेत्र की समस्याओ की उपेक्षा की जा रही है।

हाईवे जाम की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी।

# 15 जून से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी मक्का खरीद

**कन्नौज, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद कन्नौज में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 (रबी फसल) के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का क्रय कार्य 15 जून 2026 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।शासन द्वारा मक्का (कामन) का समर्थन मूल्य ?2400 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसानों को उतराई एवं छनाई मद में ?20 प्रति क्विंटल की अतिरिक्त धनराशि भी प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनपद में खाद्य विभाग द्वारा कुल 09 मक्का क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें तहसील कन्नौज में 01, तहसील तिर्वा में 03 तथा तहसील छिबरामऊ में 05 क्रय केन्द्र संचालित किए जाएंगे, जहां किसान अपनी उपज उचित मूल्य पर बेच सकेंगे।जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि मक्का विक्रय हेतु किसान पंजीकरण पोर्टल प्रारम्भ कर दिया गया है। इच्छुक किसान खाद्य एवं रसद विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर स्वयं अथवा जन सेवा केन्द्रों एवं साइबर कैफे के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने आगे बताया कि मक्का विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 48 घंटे के भीतर सीधे हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी एवं त्वरित बनी रहे।

किसानों को किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा मक्का खरीद से संबंधित समस्या होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कन्नौज के मोबाइल नंबर 9956199399 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।जिला प्रशासन ने जनपद के समस्त मक्का उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाते हुए अपनी उपज अधिकृत क्रय केन्द्रों पर विक्रय करें तथा पारदर्शी खरीद व्यवस्था का लाभ प्राप्त करें।

# मोहर्रम पर्व को लेकर ताजिया कमेटी ने डीएम को सौंपा पत्र

**फतेहपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी ने प्रशासन का ध्यान जुलूसों के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है। कमेटी ने मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया, अलम एवं पलंग के जुलूसों को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। इसके बाद एसपी से भी कमेटी के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम से मिलकर एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि संभावित रूप से 17 जून से मोहर्रम का चांद शुरू होगा और लगभग 12 दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन एवं जुलूस निकलेंगे।

इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद और जायरीन शामिल होते हैं, जिसके चलते सुरक्षा और जनसुविधाओं की दृष्टि से विशेष इंतजाम आवश्यक हैं। मांग पत्र में जुलूस मार्गों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने, नीचे लटक रहे बिजली के तारों को ऊंचा कराने तथा केबिल, डिश और इंटरनेट के तारों को व्यवस्थित करने की मांग की गई है। कमेटी ने कहा कि कई स्थानों पर तारों की स्थिति दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है, जिससे समय रहते निस्तारण बेहद जरूरी है। इसके अलावा जुलूस मार्गों पर खुले ट्रांसफार्मरों की बैरीकेडिंग, अतिक्रमण हटाने और रास्तों को पूरी तरह साफ एवं सुरक्षित रखने की मांग भी की गई है। कमेटी ने प्रशासन को अवगत कराया कि आठवीं, नौवीं और दसवीं मोहर्रम को शहर में पूरे जनपद से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं, इसलिए उनके लिए मोबाइल शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। मांग पत्र में छुट्टा पशुओं और आवारा जानवरों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया है। कमेटी का कहना है कि जुलूसों के दौरान छुट्टा पशुओं के बीच में आने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा गंदे जानवरों को भी मोहर्रम अवधि में नियंत्रित रखने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किए जाने की मांग की गई है। सदर ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी ने जिलाधिकारी से सभी समस्याओं का समय रहते समाधान कराने की अपील करते हुए विश्वास जताया है कि प्रशासन आवश्यक कदम उठाकर मोहर्रम के धार्मिक आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करेगा। कमेटी ने कहा कि बेहतर व्यवस्थाएं न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी बल्कि जिले की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द को भी मजबूत करेंगी।

## युवक पर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप

**बांदा, 04 जून (तरुणमित्र)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नौनिया मोहल्ला, छठी तालाब निवासी विकास कुमार वाल्मीकि ने कुछ लोगों पर घर के बाहर रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली नगर में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार, 3 जून 2026 को दोपहर करीब 3 बजे विकास कुमार अपनी पत्नी की दवा लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर के बाहर पहले से मौजूद चार लोगों ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने तलवार, छुरी, डंडा और सब्बल से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# हीमोफीलिया मरीजों को स्थानीय अस्पतालों में जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराने की मांग



### जेडीयू नेत्री ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बांदा, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में हीमोफीलिया रोगियों की समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि हीमोफीलिया मरीजों के लिए आवश्यक जीवनरक्षक इंजेक्शन एवं दवाएं प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल में उपलब्ध कराई जाएं। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में चित्रकूट धाम मंडल के अधिकांश हीमोफीलिया मरीजों को उपचार एवं इंजेक्शन प्राप्त करने के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा आना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज के भ्रमण के दौरान यह देखने को मिला कि बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई छात्र भी शामिल हैं जिनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को केवल इंजेक्शन लगवाने के लिए बार-बार लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि कई मरीजों को सुबह एवं शाम दोनों समय इंजेक्शन की आवश्यकता होती है, लेकिन दूरी और संसाधनों के अभाव में उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल पाता। उन्होंने मंडलायुक्त से मांग की कि मंडल के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित कर प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में हीमोफीलिया रोगियों के लिए आवश्यक इंजेक्शन एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, ताकि मरीजों को अपने ही क्षेत्र में उपचार मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से मेडिकल कॉलेज, बांदा तक न आना पड़े। उन्होंने कहा कि यह विषय गंभीर रोगियों के जीवन एवं स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। इस अवसर पर रविंद्र नाथ गुप्ता, पिंकी प्रजापति एवं रविकांत तिवारी भी उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान न करने वाले अधिकारी नपेंगे : दिनेश

**बाँदा, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) का प्रथम बार जनपद आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा सर्किट हाउस में जोरदार स्वागत किया गया स इस अवसर पर आयोजित सांगठनात्मक बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश से उन्हें बाँदा जिले के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराने एवं जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराने के लिए जिले का प्रभार सौंपा गया हैं जिसका वे पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करने का कार्य करेंगे स यदि कोई अधिकारी लापरवाही करता हैं तो उसे जिले से बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा उन्होंने कोर कमेटी का महत्त्व बताते हुए कहा कि इस कमेटी में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के मुख्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित, जीएसटी नियमों एवं सुविधाओं की दी विस्तृत जानकारी

**महोबा, 04 जून (तरुणमित्र)।** राज्य कर विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित चरखारी बाईपास रोड पर राज्य कर कार्यालय में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को जीएसटी संबंधी नवीन प्रावधानों, सुविधाओं तथा समस्याओं के समाधान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने तथा जीएसटी पोर्टल पर मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी अपडेट रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही जीएसटी पोर्टल के उपयोग, ई-इनवॉइसिंग, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान समय रहते किया जाना चाहिए, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें नवीन कर व्यवस्था एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त राज्य कर नीरज सेंगर एवं सहायक आयुक्त राज्य कर अनिल कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने व्यापारियों से कर नियमों का पालन करने तथा डिजिटल माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी शरद कुमार, अमित पांडेय, मोहम्मद आरिफ, अंकित तिवारी, समीर अहमद सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं व्यापारी वर्ग से सेवकराम नंदवानी, रामजी गुप्ता, मनोज अग्रवाल, उमेश लाक्षकार, सुरेश शुक्ला, अरुण गुप्ता, कमलेश शिवहरे, मोहनीश साहू, सुशील साहू, विजय साहू, बॉबी साहू सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, निहाल अहमद खान एवं ओ.पी. राठौर ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों को जीएसटी के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर कराधान व्यवस्था को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलेगा जनजागरूकता अभियान

### जनपद के प्रभारी मंत्री ने आज से 21 जून तक आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में की बैठक



**प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जनपद में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा जिसका शुभारम्भ चिलबिला से किया जायेगा।

8 जून से 14 जून तक विशेष जन सम्पर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें जिसमें स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होगें तथा जनपद के अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, उद्यमियों, व्यवसायियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि से सम्पर्क व संवाद स्थापित किया जायेगा। 11 जून से 14 जून के मध्य में मीडिया सम्बोधन एवं संवाद में केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु पीपीटी के माध्यम से प्रेसवार्ता आयोजित की जायेगी।

14 जून से 16 जून तक जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा जिसमें विकास खण्डों में त्रिदिवसीय मेलो के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। 16 जून से 17 तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन, 17 जून से 20 जून तक तुलसीसदन हादीहाल में विकास की प्रदर्शनी लगायी जायेगी, 18 जून से 19 तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाएँ आयोजित की जायेगी, 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें तथा अभियान के दौरान 05 जून से 21 जून तक रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित होगें।

जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सभी विभागों को अभियान की अवधि में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों का संचालन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के संदेश के साथ किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए आवश्यक है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# महंगाई, बिजली संकट और पेपर लीक पर हल्लाबोल

**सुलतानपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों, अघोषित बिजली कटौती तथा नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सहजाद अहमद ने गुरुवार को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतों से गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं गैस वितरण में कथित कालाबाजारी और अनियमितताओं के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सपा यूथ ब्रिगेड ने प्रदेश में जारी अघोषित बिजली कटौती को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। संगठन का आरोप है कि भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अनियमित विद्युत आपूर्ति से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। छात्रों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कार्यकर्ताओं ने नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की।उनका कहना था कि पेपर लीक की घटनाएं लाखों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ हैं,जिन्हें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।सपा यूथ ब्रिगेड ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनहित और छात्रहित से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो संगठन व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस मौके पर निसार अहमद उर्फ गुड्डू, अशोक सिंह विसेन, अमरीश कांत गौतम, जरताब रजा खान, नदीम सिद्दीकी, पवन यादव, शिवमंगल तिवारी, कुलदीप वर्मा, साकिम अब्बास, अमजद खान, योगेश तिवारी,कपिल मुनि यादव, विनय पांडेय, महफूज खान, नवनीत यादव, सनी यादव, अल्ताफ खान, शानू, नूर आलम, सईद अहमद, हिमांशु यादव, नौसाद कुरैशी, आरिफ अंसारी, आदर्श यादव, मो. आसिफ, बिस्मिल्लाह, पवन यादव, राकेश पाल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेटे की मौत पर इंसाफ के लिए अफसरों के चक्कर लगा रही मां

**लालगंज, प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** बेटे की मौत को लेकर आरोपियों पर कार्रवाई न होने से परेशान वृद्धा मां अफसरों के चक्कर लगा रही है। घटना के तीन दिन बाद भी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों ने पुलिसिया कार्य प्रणाली पर चर्चा भी होती देखी सुनी जा रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से मृतक की वृद्धा मां ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगायी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर पैड़िया गांव में बीती एक जून की सुबह गांव निवासी आनन्द जोशी 25 पुत्र स्व0 बैजनाथ जोशी का शव घर से करीब पांच सौ मीटर दूर आम के पेड़ से लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतक की मां ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया।

पीड़ित मां का आरोप है कि आरोपियों ने उसके इकलौते बेटे की हत्या कर दी और शव फंदे से लटका दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके बेटे के हाथ में मौजूद चांदी का कड़ा व मोबाइल तथा करीब पांच हजार की नकदी भी गायब है। पीएम के बाद पुलिस ने दबाव बनाकर शव को दफन करवा दिया। नामजद तहरीर के बावजूद पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। पीड़िता ने एसपी से इंसाफ की गुहार लगायी है। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में फंदे से लटकने से मौत की पुष्टि हुई है, मामले की आगे जांच कराकर सच्चाई के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दो माह में पूरे होंगे निकायों के लंबित निर्माण कार्य, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



**कौशाम्बी, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों तथा डूडा के अंतर्गत संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अगले दो माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर निकायों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी में 35, नगर पालिका परिषद मंझनपुर में 15, नगर पंचायत दारा नगर में 15 तथा नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा में 12 कार्य लंबित पाए गए।

इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने विशेष रूप से विद्यालयों में बाउंड्रीवाल निर्माण, शौचालय निर्माण तथा छत मरम्मत जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को कहा।

उन्होंने निर्देश दिया कि इन सभी कार्यों को इसी माह के भीतर पूर्ण कराया जाए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में 15वें वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोदय योजना तथा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा। डूडा के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए सत्यापन प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित नगर निकायों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### साथी के उत्पीड़न से नाराज वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** साथी अधिवक्ता की गिरफ्तारी से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन गुरूवार को भी न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने तहसील के अधिवक्ता रामकृष्ण दुबे उर्फ पण्डित दुबे को पुलिस द्वारा जबरन बिना सही जांच किये हिरासत मे लेने को उत्पीड़क कार्रवाई कहा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान, उपाध्यक्ष नामवर सिंह व महामंत्री शिवरंजन यादव की संयुक्त अगुवाई में हुई बैठक में उत्पीड़न की घटना को लेकर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर अमन द्विवेदी, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, रामअभिलाष यादव, शिव नारायण शुक्ल, केके शुक्ला, शहजाद अंसारी, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

### पुरूषोत्तम मास में बाबा घुइसरनाथ धाम में उमड़ रही भीड़

**लालगंज, प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** पुरूषोत्तम मास में पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बाबा धाम में गुरूवार को भी जलाभिषेक को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने जलाभिषेक कर बाबा घुइसरनाथ से मंगलकामना की। वहीं धाम में रूद्राभिषेक करने के लिए भी भक्तों की खासी भीड़ जुट रही है। जलाभिषेक के साथ ही श्रद्धालु धाम परिसर में लगे मेले का भी भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं गंगा सागर में स्नान का आनन्द भी युवा उठा रहे हैं। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि ने बताया कि पुरूषोत्तम मास में भगवान श्रीशिव का दर्शन पूजन विशेष फलदायी हुआ करता है। यहां जलाभिषेक के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर मंदिर समिति के लोग भी तन मन से डटे रहते हैं।

### एपीएस और एएस हनुमानगंज को मिली जीत

**प्रयागराज, 04 जून (तरुणमित्र)।** इलाहाबाद पब्लिक स्कूल और एएस हनुमानगंज क्लब में अपने-अपने मुकाबले जीतकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-16 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। एएस हनुमानगंज क्लब के शिवेंद्र सिंह (81 रन नाबाद एवं 4.2-0-08-4), अनुभव गुप्ता (76 रन) और अबुजर अंसारी (6-2-13-4) एवं इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के आदर्श सिंह (59 रन) और आयुष (4.4-1-05-4) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। चक हरिहर वन झूसी मैदान पर खेले गए पहले मैच में एएस हनुमानगंज क्लब ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 239 रन (शिवेंद्र सिंह 81 नाबाद, अनुभव गुप्ता 76, शिवांश जायसवाल 33, कीर्तिमान पांडेय 3-19, जय गुप्ता व सार्थक यादव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में किड्स प्रयागराज क्लब बी की टीम 15 ओवर में 38 रन (विराट यादव 13, शिवेंद्र सिंह 4-08, अबुजर अंसारी 4-13) पर सिमट गई। शिवेंद्र सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में लूकरगंज क्लब ने 20.4 ओवर में 67 रन (राघवेंद्र श्रीवास्तव 27, कार्तिकेय श्रीवास्तव 15, आयुष 4-05, उज्जवल मिश्रा 2-07, आरव चावला, प्रेरक पाल, श्रेयांश लाल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 8.4 ओवर में बिना विकेट खोए 69 रन (आदर्श सिंह 59 नाबाद) बना लिए। आयुष को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### मण्डल रेल प्रबंधक ने बच्चों को पुरस्कृत कर किया उत्साहवर्धन

**प्रयागराज, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रयागराज मण्डल की महिला कल्याण समिति द्वारा बाल वाटिका स्कूल में बच्चों के लिए आयोजित विशेष समर कैम्प का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल ने समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले सभी 74 बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नई सीख प्राप्त की है, जो उनके व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को और सुदृढ़ करेगी। महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती वंदना अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को उनकी रुचियों एवं प्रतिभाओं के अनुरूप मंच प्रदान करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ-साथ उनमें सकारात्मक सोच एवं सामाजिक सहभागिता की भावना भी उत्पन्न करते हैं। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि समर कैम्प में बच्चों के लिए चित्रकला, नृत्य, संगीत, योग, खेलकूद, हस्तकला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# हत्याकांड का खुलासा : पांच दिन बाद आरोपी गिरफ्तार




**कौशाम्बी, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिले में सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमलीगांव में महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन और टिफिन बरामद किया है।

आरोपी ने पूछताछ में गुस्से में आकर महिला की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार 29 मई 2026 की रात लगभग 10 बजे इमलीगांव के एक बगीचे में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि मृतका मनीता देवी अपने पति को घर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित गोड़ा पर खाना देने गई थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के बाहर एक बगीचे में उनका शव मिला था। घटना की सूचना मिलते ही फील्ड यूनिट, फोरेंसिक टीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए थे।

स्थानीय पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने घटना के शीघ्र खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।गठित टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया।

पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस की जांच का केंद्र अर्जुन पासी पुत्र धर्मराज पासी, निवासी खिजिरपुर कैलई उर्फ इमलीगांव, थाना सराय अकिल पर आकर टिक गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान गुरुवार 4 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फकीराबाद पावर हाउस के पास से अर्जुन पासी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर मृतका का नोकिया की-पैड मोबाइल फोन और टिफिन भी बरामद कर लिया गया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना वाले दिन वह अपनी बाग में इकट्ठी की गई लकड़ियों को देखकर वापस लौट रहा था।

# चार वांछित गिरफ्तार भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** अलग अलग घटनाओं में वांछित चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के उप निरीक्षक सुमित सिंह गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर भाटन का पुरवा शाहबरी निवासी वांछित सचिन गौतम पुत्र सुखराज गौतम को उसके घर के पास से धर दबोचा। वहीं उदयपुर थाने के उप निरीक्षक नदीम खान ने पुलिस बल के साथ तीन वांछितों आहर बीहर निवासी संतलाल कोरी पुत्र रामेश्वर कोरी, देवरी निवासी शोभ नाथ यादव पुत्र रामनरेश तथा प्रेमा देवी पत्नी रामप्यारे को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियो को जेल भेज दिया गया।

# अखिलेश के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एसोसिएशन : गिरीश यादव

**सुलतानपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** उप्र सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव का गुरुवार को पहली बार सुलतानपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में अमहट चौराहे और भाजपा कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पार्टी अब चुनावी मोड में आ चुकी है और 2027 विधानसभा चुनाव में सुलतानपुर की सभी पांच सीटों पर भाजपा विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। हम भरोसा दिलाते हैं कि उनके सम्मान में कमी नहीं आने देंगे।

उन्होंने कहा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष और प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को संगठन और सरकार के समन्वय से सफल बनाया जाएगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे पर निशाना साधते हुए कहा यह सामाजिक गठबंधन नहीं है। इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एसोसिएशन हैं। इनकी यूपी और केंद्र में सहयोगी दलों की सरकार थी तब पिछड़े वर्ग को संवैधानिक दर्जा नहीं मिला।

# अवैध खनन पर प्रशासन का बड़ा शिकंजा 13 डंपर-ट्रक पकड़े गए, पांच वाहन सीज


**कौशाम्बी, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 डंपर एवं ट्रकों को पकड़ा। इनमें से पांच वाहनों को सीज कर दिया गया, जबकि आठ अन्य वाहनों के विरुद्ध खनन एवं परिवहन नियमों के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। 4 जून 2026 को जनपद स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी कौशांबी, जिला खनन अधिकारी तथा आरटीओ विभाग के अधिकारी शामिल थे, की मौजूदगी में महेवाघाट थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के टिकरा, हिनौता एवं धाता मोड़ के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 13 डंपर एवं ट्रक मोरंग और गिट्टी का परिवहन करते हुए पाए गए।

जांच में वाहन चालकों के पास आवश्यक प्रपत्र एवं वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच टीम ने पाया कि वाहन अवैध रूप से खनिज पदार्थों का परिवहन कर रहे थे।कार्रवाई के दौरान महेवाघाट पुलिस ने पांच वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया। वहीं शेष आठ वाहनों के विरुद्ध आरटीओ और खनन विभाग द्वारा नियमानुसार अलग-अलग विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दानवीर भामाशाह जयंती को एक माह तक मनाएगा लघु उद्योग व्यापार मंडल

**सुलतानपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था आरपीएस एमएएफ की इकाई लघु उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक सुरेश कुमार सोनी के निज निवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.पी. गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सुरेश सोनी, प्रदेश सचिव सारथी कसौधन तथा युवा प्रदेश प्रभारी अरविन्द चौरसिया के माल्यार्पण एवं भव्य स्वागत-अभिनंदन के साथ किया गया। उपस्थित सदस्यों ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# पेड़ लगाकर दी विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं



**प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यावरण सेना की प्रेरणा से विश्वनाथगंज स्थित बीएल शुधिता इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण से ग्रीन मार्च निकाल कर लोगों को एक पेड़ मां के नाम रोपित कर उसे संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया।

पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में लोगों ने अपने हाथ में आम, अमरूद, लीची, पाकड़ और पीपल के पौधों को लेकर ग्रीन मार्च करते हुए हुए जय प्रकृति जय जगत,पेड़ लगाओ धरती बचाओ आदि नारे बुलंद कर लोगों को 5 जून 20260 विश्व पर्यावरण दिवस पर कम से कम एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु जागरूक किया और पेड़ों को महत्व से परिचित कराया। इसके बाद स्कूल परिसर में आम, लीची, पाकड़ आदि पौधों का रोपण कर जलवायु कार्रवाई पर जोर दिया गया।

इस मौके पर जाने-माने पर्यावरणविद् एवं पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने में पेड़ों की भूमिका अहम है। पेड़ों को लगाने के साथ ही जंगलों को उजड़ने से बचाने पर कार्य होना चाहिए। देश का हर नागरिक अगर अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर उसे बड़ा करे तो हर वर्ष बिना किसी सरकारी व्यय के सौ करोड़ से अधिक पेड़ों को लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धरती आज जल रही है। हमें धरती के बुखार को ठीक करने हेतु हर हाल में पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाकर पेड़ लगाकर अपना प्राकृतिक धर्म निभाना होगा।

स्कूल के प्रधानाचार्य संजीत द्विवेदी ने पर्यावरण सेना के हरित मिशन को सराहना करते हुए सभी से पौधारोपण कर पेड़ों को बचाने के साथ ही जल संरक्षण पर जोर दिया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य आदर्श जायसवाल, सुमित सागर पांडेय, अनुभव, अक्षय कुमार एवं अमित वर्मा, राकेश कुमार, संजय श्रीवास्तव एवं आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनता को 'मूर्ख-जल्लाद' कहकर विवादों में घिरे सांसद पटेल

## वीडियो वायरल होने पर विपक्ष हमलावर, बयान पर बढ़ा आक्रोश

ब्रजेश त्रिपाठी



**प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रतापगढ़ के मीडियाकर्मियों ने सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल से सवाल किया कि क्षेत्र की जनता का आरोप है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में कम दिखाई देते हैं और पर्याप्त सक्रिय नहीं हैं। सवाल सुनते ही सांसद डॉ. पटेल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा सवाल करने वाले लोग 'मूर्ख और जल्लाद' हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों से कुछ समय तक क्षेत्र में उनका आना-जाना कम हुआ, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार जनता और क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं। सांसद ने दावा किया कि वह केवल प्रतापगढ़ ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अधिकांश सांसदों से अधिक सक्रिय हैं और विभिन्न विकास कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। आम लोगों के बीच भी इस टिप्पणी को लेकर नाराजगी और चर्चा का माहौल बन गया है।जनता के समर्थन से सांसद बनने के बाद जनता के संबंध में इस प्रकार की भाषा के प्रयोग को लेकर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सांसद के समर्थक इसे एक तीखे सवाल पर आई स्वाभाविक प्रतिक्रिया बता रहे हैं, जबकि उनके आलोचक इसे जनता के सवालों के प्रति असहिष्णुता और जनभावनाओं का अनादर करार दे रहे हैं।इस मामले पर पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने फेसबुक पर जारी अपनी पोस्ट में कहा कि प्रतापगढ़ की भोली-भाली, न्यायप्रिय और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली जनता ने मतदान के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर डॉ. एसपी सिंह पटेल को संसद तक पहुंचाया।

ऐसे में उसी जनता को 'मूर्ख और जल्लाद' कहना लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभावनाओं का अपमान है।उन्होंने कहा कि चुनावी हार-जीत अपनी जगह है, लेकिन जनता के सम्मान को ठेस पहुंचाना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगम लाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि सांसद अहंकार में चूर होकर जनमानस का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता किसी की जागीर नहीं होती और लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। उन्होंने सांसद की टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ की स्वाभिमानी जनता इस तरह की टिप्पणी को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

जहां तक डॉ. एसपी सिंह पटेल का प्रश्न है, राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उन्हें पिछले लोकसभा चुनाव में परिस्थितियों का भी लाभ मिला था। उस समय प्रतापगढ़ की जनता तत्कालीन सांसद की कार्यशैली से नाराज बताई जा रही थी। इसके अतिरिक्त कांग्रेस-सपा गठबंधन के कारण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' का भी उन्हें व्यापक समर्थन मिला था। इसके परिणामस्वरूप डॉ. पटेल प्रतापगढ़ से सांसद निर्वाचित हुए। उस समय जिले में उनकी पहचान सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब उनके इस विवादित बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसका असर भविष्य के लोकसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा ने बताया है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के आनलाइन नामांकन/सिफारशें 1.04.2026 से आरम्भ हो गयी है और नामांकन जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2026 है जिसके अन्तर्गत जनपद स्तर से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिये दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिये स्थापित यह पुरस्कार 6 श्रेणियों-वीरता, समाजसेवी, पर्यावरण, खेल, कला, संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 18 वर्ष (31 जुलाई 2026) से कम उम्र के बच्चें जिन्होने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट और असाधारण योगदान दिया है।

# टीबी व सांस रोग से पीड़ित आजीवन कारावास के बंदी की मौत

**प्रतापगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिला कारागार के जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया है कि सिद्धदोष बंदी राधेश्याम आयु लगभग 72 वर्ष पुत्र राम खेलावन निवासी-गोगौर थाना-बाघराय जनपद-प्रतापगढ़ अ0सं0-146/1982 धारा-147,149,323,325,302 आईपीसी थाना-बाधराय जनपद-प्रतापगढ़ को 18.07.1983 को मा० न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष सं०-3 प्रतापगढ़ द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया था उक्त बन्दी 26.05.2026 को आजीवन कारावास की शेष सजा को काटने हेतु मा० न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-04 प्रतापगढ द्वारा जिला कारागार प्रतापगढ़ में भेजा गया था। बन्दी राधेश्याम को पूर्व में ही पलमोनरी टीबी हुयी थी कारागार में दाखिल होने के पूर्व से ही बन्दी सांस की बीमारी (सीओपीडी) से ग्रसित था। बन्दी राधेश्याम को कारागार में दाखिल होने के 26.05.2026 से ही कारागार चिकित्सालय में भर्ती रखकर इलाज किया जा रहा था।

बन्दी 03.06.2026 को कारागार बन्द होते समय सामान्य रूप से बन्द हुआ था तथा आज 4.06.2026 को प्रातःकाल कारागार खुलते समय सामान्य रूप से खुला था। खुलने के थोडी देर बाद बन्दी को समस्या हुयी। तत्काल कारागार चिकित्साधिकारी द्वारा प्राथमिक उपचार देते हुये बन्दी को आक्सीजन पर शिप्ट किया गया तथा वांछित लाभ न होने के कारण तत्काल जिला चिकित्सालय प्रतापगढ हेतु संदर्भित किया गया। बन्दी को तत्काल जेल गार्ड की अभिरक्षा में जेल एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भेजा गया। जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के इमरजेंसी एवं टीबी के चिकित्सक द्वारा बन्दी की जाँच की गयी तथा बन्दी को समय प्रातः लगभग 6:56 बजे मृत घोषित कर दिया गया।

# मालवीय नगर अग्निकांडः विदेश राज्य मंत्री ने अस्पतालों का दौरा कर घायलों से की मुलाकात

**गोंडा, 04 जून (तरुणमित्र)।** विदेश राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने नई दिल्ली के मालवीय नगर में हुए दुखद अग्निकांड में घायल लोगों, जिनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, का हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया।



अस्पताल में भर्ती पीड़ितों से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वह सभी उपचाराधीन घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही जिन परिवारों ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय संबंधित दूतावासों के साथ लगातार संपर्क में है और प्रभावित विदेशी नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों तथा अस्पताल के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी समय पर और उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के कारण अनेक लोगों की जान बचाई जा सकी है तथा घायलों का प्रभावी उपचार सुनिश्चित हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि हमारे जांबाज पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का साहसिक कार्य किया। सरकार उनकी देखभाल और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती लोगों में बांग्लादेश, नेपाल, अफ्रीकी देशों तथा भारत के नागरिक शामिल हैं। उन्होंने स्वयं अस्पताल में भर्ती पीड़ितों से मुलाकात की है और सरकार उनकी समुचित चिकित्सा एवं देखभाल के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय विधायक श्री सतीश उपाध्याय तथा भाजपा कार्यकताओं द्वारा राहत एवं आबचाव कार्यों में दी गई त्वरित सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों तक तत्काल मदद पहुंचाने और राहत कार्यों को गति देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अग्निकांड में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती, 04 जून (तरुण मित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह गरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी को 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।



## जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

**श्रावस्ती, 04 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट, साइबर फ्रॉड, रुपए के लेनदेन एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों, से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# पुलिस के डायल 112 बेड़े में शामिल हुई 2 नई पीआरवी स्कॉर्पियो व 4 दो पहिया वाहन

## पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया क्षेत्र में रवाना

**श्रावस्ती, 04 जून, (तरुणमित्र)।** सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद श्रावस्ती को 02 नई पीआरवी स्कॉर्पियो व 04 दो पहिया वाहन आवंटित किए गए हैं। इन वाहनों का लक्ष्य न केवल क्षेत्र में पुलिस गश्त को मजबूत करना है, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में आम नागरिकों तक तुरंत और प्रभावी सहायता पहुंचाना भी है।



पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान द्वारा इन पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नवीन पीआरवी वाहन जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सतर्क निगरानी एवं नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किए गए है।

ये वाहन जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार व्यवस्था, बॉडी वॉर्न कैमरा, मोबाइल डाटा टर्मिनल (MDT) तथा सीयूजी मोबाइल फोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिससे पुलिस बल की प्रतिक्रिया क्षमता, पारदर्शिता एवं जनविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

साथ ही इन वाहनों में मेडिकल किट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या किसी भी आकस्मिक स्थिति में पुलिसकर्मी आमजन को तुरंत प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक सहयोग प्रदान कर सकें।

# बिजली व्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने उमरिया पावर हाउस का किया घेराव

**नवाबगंज (गोंडा), 04 जून (तरुणमित्र)।** लगातार हो रही बिजली कटौती और विभागीय उदासीनता से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। नवाबगंज क्षेत्र के हरिवंशपुर, शाहपुर, कोल्हमपुर, होलापुर काजी, होलापुर तालिब समेत कई गांवों के लोगों ने उमरिया पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया और विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि आंधी-तूफान के बाद से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है। बुधवार रात करीब 11 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी, जो गुरुवार सुबह बहाल हुई। हालांकि सप्लाई शुरू होने के बाद भी बार-बार ट्रिपिंग और कटौती जारी रही, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल सकी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिनभर में कई बार बिजली गुल होने से पेयजल संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शिकायत करने पर विभागीय कर्मचारियों के फोन तक नहीं उठते, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कुछ इलाकों में नियमित बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि उमरिया फीडर से जुड़े गांवों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। इससे लोगों में भेदभाव की भावना पैदा हो रही है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में विपिन तिवारी, अनिल गौतम, कलाम, निहाल, सुरेश तिवारी, रेहली ग्राम प्रधान वीर सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रकरण पर अवर अभियंता सुरेन्द्र यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि कि खड़ौआ गांव के पास मुख्य विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर जाने से रात में आपूर्ति बाधित हो गई थी। सुबह मरम्मत कार्य पूरा कर सप्लाई बहाल कर दी गई। उन्होंने कहा कि फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीएम के प्रस्तावित दौरे से पहले कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**गोंडा, 04 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने आईजी अमित पाठक एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के साथ बलरामपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, बैरिकेडिंग, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं।

# तुलसीपुर व गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र को मिलेगी विकास कार्यों की सौगात



**बलरामपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री आज 05 जून 2026 को तहसील तुलसीपुर के मधुपुर-चमरगोझिया मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा तुलसीपुर एवं विधानसभा गैसड़ी क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम स्थल का आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गाशक्ति नागपाल, आईजी देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा निरीक्षण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, मंच, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## श्रम मंत्री का जनपद आगमन कल

**बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** मंत्री, श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग अनिल राजभर का 06 जून 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री राजभर 06 जून 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मारक स्थल चित्तौरा पहुंचकर स्थानीय भ्रमण करेंगे मंत्री श्री राजभर 07 जून 2026 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक स्मारक स्थल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

# परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलीटेक्निक का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

## जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी भर्ती परीक्षा



**बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 हेतु जनपद में 11 शिक्षण संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। भर्ती परीक्षा को शासन की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलिटेक्निक आसाम चौराहा भिनगा रोड का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद प्रधानाचार्य अरूण कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# 12 जून को आईटीआई गोंडा में लगेगा वृहद रोजगार मेला

**श्रावस्ती, 04 जून (तरुण मित्र)।** जिला समन्वयक, कौशन विकास मिशन वी0के0 गुप्ता ने बताया है, कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा एवं आई०टी०आई० उत्तीर्ण युवक/युवतियों हेतु दिनांक 12.06.2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोण्डा में मण्डल स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है।

उक्त वृहद रोजगार मेला में संवर्द्धन मदरसन इण्टरनैशलन लि० नोएडा, मारूती सुजकी गुजरात, टाटा मोटर्स पन्तनगर उत्तराखण्ड, न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर इण्डिया प्रा०लि० नोएडा, एल०एन०टी० अहमदाबाद, किर्लोस्कर ऑयल इंजन लि० लखनऊ, हीरो मोटो कार्प हरिद्वार, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा पंजाब, श्रीराम पिस्टन गाजियाबाद, अशोक लीलैंड पन्तनगर रूद्धपुर उत्तराखण्ड, केन०इण्डिया लि० राजस्थान, मैनपावर सुलेशन नोयड, एक्सल डीजल प्रा०लि० अयोध्या, के०आर०एन० हीट एक्सचेन्जर राजस्थान, एस०बी०आई० बेकिंग लखनऊ सहित 50 से अधिक कम्पनी द्वारा लगभग 2000 रिक्त सीट के लिए हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा एवं आई०टी०आई० उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयन किया जायेगा। इसलिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा एवं आई०टी०आई० उत्तीर्ण अभ्यर्थी संस्थान गोण्डा में दिनांक 12.06.2026 को आयोजित वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर इस अवसर का लाभ उठायें।

# भागवत कथा भवसागर से पार लगाने का सर्वोत्तम साधनः आचार्य धर्मदास शास्त्री

**नवाबगंज (गोंडा), 04 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र के मैनपुर गांव स्थित काली माता मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथावाचक आचार्य धर्मदास शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि संसार रूपी भवसागर से पार होने के लिए भागवत कथा सबसे श्रेष्ठ साधन है। कथा का श्रवण मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

कथा का शुभारंभ यजमान विजय पांडेय ने अपनी धर्मपत्नी के साथ विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर किया। संगीतमय कथा के दौरान आचार्य धर्मदास शास्त्री ने महर्षि वेदव्यास की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि समाज के कल्याण और जनमानस को धर्म के मार्ग पर अग्रसर करने के उद्देश्य से श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना बद्रीधाम में की गई थी। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में सराबोर रहे।

# नवागंतुक खंड विकास अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**(कैसरगंज) बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** विकासखंड कैसरगंज के नवागंतुक खंड विकास अधिकारी सुरेश प्रसाद गौतम ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही विकास कार्यों को गति देने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को अपनी प्राथमिकता बताया है।



कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने कहा कि विकासखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कर उन्हें और अधिक प्रभावी एवं तेज गति से संचालित कराया जाएगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल सहित विकास विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाओं में यदि किसी प्रकार की असुविधा या अनावश्यक विलंब की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे तत्काल दूर करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

श्री गौतम ने स्पष्ट किया कि विकासखंड कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा तथा उसका शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जनहित से जुड़े मामलों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

नवागंतुक खंड विकास अधिकारी ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और जनता के सामूहिक प्रयासों से ही विकासखंड को नई दिशा दी जा सकती है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम आज

**बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** उपायुक्त राज्य कर खण्ड-1 ने बताया कि राज्य कर विभाग की विधिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरुक करना एवं इसके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान करना है। प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृध्दि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 सुधारों के प्रति जागरुकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' 05 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे होटल पंचवटी, हुजूरपुर रोड, बहराइच में आयोजित किया जायेगा।

# महंगाई 'आसमान' पर, मानदेय सिर्फ 6 हजार, कैसे पलेगा परिवार?

- मजदूरी दर से भी कम वेतन पर काम करने को मजबूर पंचायत सहायक, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन
- बिना संसाधन ऑनलाइन काम का दबाव अल्प मानदेय में नया स्मार्टफोन कैसे खरीदें?

**बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों को डिजिटल और हाईटेक बनाने में रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले पंचायत सहायकों ने अब अपने हक और सम्मान की लड़ाई के लिए आर-पार के संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। 'पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन' जनपद बहराइच के बैनर तले संघ के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और निदेशक पंचायती राज विभाग से अपनी 14 मांगे की है। यूनियन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी न्यायोचित मांगों पर शासन स्तर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश भर के पंचायत सहायक राजधानी लखनऊ में विशाल और शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।




**महंगाई के दौर में 6 हजार मानदेय शोषण के समानः यूनियन**

यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रभारी एडवोकेट शिवनाथ शिखर और जिला उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के इस अत्यधिक महंगाई के दौर में पंचायत सहायकों को मात्र 6 हजार प्रति माह का अल्प मानदेय दिया जा रहा है। यह राशि किसी भी परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और बुनियादी जीवन-यापन के लिए अत्यंत अपर्याप्त है। वर्तमान व्यवस्था अनुबंध आधारित है, जिसके कारण कर्मचारियों के सिर पर हमेशा नौकरी जाने की तलवार लटकी रहती है। सेवा शर्तों में स्पष्टता न होने और न्यूनतम कुशल मजदूरी दर से भी कम मानदेय मिलने के कारण पंचायत सहायकों का न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक शोषण भी हो रहा है।

**अल्प मानदेय में नया एंड्रॉइड फोन खरीदना भी हुआ नामुमकिन**

यूनियन के जिला उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा ने पंचायत सहायकों की व्यावहारिक और जमीनी समस्याओं को उजागर करते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बिना संसाधन दिए कर्मचारियों पर ऑनलाइन कार्यों का लगातार दबाव बनाया जा रहा है। वर्तमान में पंचायत सहायकों को ऑनलाइन हाजिरी, रेट्रोफिटिंग सर्वे, जीरो पावर्टी, बीएलओ ऐप सहित तमाम ऐप-आधारित विभागीय कार्य अपने निजी मोबाइल फोन और निजी इंटरनेट डेटा खर्च पर करने पड़ रहे हैं।

कई पंचायत सहायकों के पास जो पुराने फोन थे, वे लगातार हैवी ऐप्स चलाने के कारण अब पूरी तरह खराब हो चुके हैं। हरिओम शर्मा ने बताया कि लगातार पूरे जिले से शिकायतें आ रही हैं कि मोबाइल खराब होने या इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने से जब कार्य प्रभावित होता है, तो उच्चाधिकारी जमीनी हकीकत समझने के बजाय लगातार पंचायत सहायकों को प्रताड़ित और मानसिक रूप से परेशान करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मात्र 6 हजार के अल्प मानदेय में, जहां परिवार का पेट पालना मुश्किल है, वहां पंचायत सहायक अपने खर्च पर नया एंड्रॉइड स्मार्टफोन कैसे खरीदें यूनियन ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द सभी कर्मियों को विभागीय कार्य के लिए शासकीय मोबाइल और इंटरनेट का बजट उपलब्ध कराए।

**ग्राम सचिवालयों के संचालन में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका**

जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार गुप्ता और जिला कोषाध्यक्ष विशाल मौर्य ने बताया कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी डिजिटल योजनाएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंकिंग सेवाएं और शासकीय सर्वे जैसे महत्वपूर्ण कार्य ग्राम सचिवालयों के माध्यम से सीधे आम जनता तक पहुंचाने का काम पंचायत सहायक ही करते हैं। इसके बावजूद उन्हें न्यूनतम सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं। कई ग्राम पंचायतों में न तो पर्याप्त फर्नीचर है, न प्रिंटर की व्यवस्था है और न ही इंटरनेट का कोई निश्चित बजट मिलता है। ऐसे में कई बार कर्मचारियों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर काम करना पड़ता है।

**विवाह उपरांत महिला कर्मियों के लिए कोई नीति नहीं**

यूनियन की जिला महामंत्री शायमा फिरदौस ने महिला पंचायत सहायकों की पीड़ा को उठाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में विवाह के बाद ससुराल जाने वाली महिला पंचायत सहायकों के स्थानांतरण या समायोजन के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इसके चलते कई महिला कर्मियों को या तो अपनी नौकरी छोड़नी पड़ रही है या फिर वे भारी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेलकर दूर-दराज के क्षेत्रों से ड्यूटी करने को विवश हैं। यूनियन ने मांग की है कि विवाह उपरांत महिला कर्मियों के लिए अंतर-जनपदीय अथवा सुविधाजनक स्थानों पर स्थानांतरण की नीति तत्काल लागू की जाए।

**मांगें पूरी न होने पर शासन-प्रशासन होगा जिम्मेदार**

यूनियन के प्रभारी जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिवनाथ शिखर और संयोजक विशाल सिंह ने चेतावनी दी है कि सरकार डिजिटल इंडिया का ढिंढोरा तो पीटती है, लेकिन इसे जमीन पर उतारने वाले कर्मचारियों के पेट पर लात मार रही है। यदि एक सप्ताह के भीतर हमारी समस्याओं का सकारात्मक और न्यायोचित समाधान नहीं किया गया, तो प्रदेश के सभी जिलों के पंचायत सहायक अपनी 'कलम बंद' कर लखनऊ के इको गार्डन में डेरा डालेंगे।

इस आंदोलन से यदि ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को कोई असुविधा होती है या शासकीय कार्य बाधित होते हैं, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश शासन और पंचायती राज विभाग की होगी। गुरुवार को बहराइच में कलेक्ट्रेट के निकट धरना स्थल पर सिटी मजिस्ट्रेट ने खुद आकर पंचायत सहायकों का ज्ञापन लिया, जिसमें जिले भर से आए सैकड़ों पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# दुबई में युवक की संदिग्ध मौत

- 19 दिन बाद गांव पहुंचा शव, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**(कैसरगंज) बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ोनी निवासी एक युवक की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद 19 दिन पश्चात उसका शव पैतृक गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ोनी निवासी चौधरी पुत्र वारिस अली (लगभग 42 वर्ष) पिछले करीब ढाई वर्षों से दुबई में रहकर ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे और वहीं से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जाता है कि दुबई में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। घटना की सूचना वहां मौजूद परिचितों द्वारा परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

मृतक अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजन लगातार शव को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटे रहे। आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद करीब 19 दिन बाद उनका शव दुबई से भारत लाया जा सका।

शव के गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक एकत्र हो गए। शोकाकुल माहौल के बीच सभी ने मरहूम को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत पैतृक गांव कुड़ोनी स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर मरहूम की मगफिरत और जन्नत में आला मुकाम की दुआ की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वहीं मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने और संवेदना व्यक्त करने के लिए विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी लगातार उनके आवास पहुंच रहे हैं।

# जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 9 जून को

**बहराइच, 04 जून (तरुणमित्र)।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 09 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# डीएम ने नवीन फॉरेंसिक साइंस लैब भवन का किया निरीक्षण

## फॉरेंसिक साइंस लैब भवन को शीघ्र हैंडओवर कराने के दिए निर्देश

**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्राम खलीलपुर, रामपुर रोड क्रॉसिंग स्थित राजकीय निर्माण निगम द्वारा निर्मित नवीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फॉरेंसिक साइंस लैब) भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन की गुणवत्ता, संरचनात्मक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों तथा विभिन्न प्रयोगशाला कक्षों का अवलोकन किया।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भवन निर्माण की अवधि एवं उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला का जल्द से जल्द से सम्बंधित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए, जिससे प्रयोगशाला अपराधों की वैज्ञानिक जांच को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा इससे जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी तथा अपराधों के शीघ्र खुलासे में सहायता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला भवन का हैण्डओवर लंबित होने के संबंध में जानकारी ली, जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि हैण्डओवर के लिए निदेशालय को पत्र भेजा गया है तथा अनुमति प्राप्त होते ही समिति गठित कर हैण्डओवर की आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। जिलाधिकारी ने भवन में स्थापित विद्युत, जलापूर्ति, अग्नि सुरक्षा, अभिलेख संरक्षण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन संचालन से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे दूर किया जाए और अनिवार्य रूप से जल्द से जल्द हेंडओवर कराया जाये। निरीक्षण के दौरान राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**बदायूं, 04 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद सहित पूरे प्रदेश में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान 05 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन व क्रियान्वयन के संबंध में प्रदेश सरकार के स्तर से जनपद के प्रभारी मंत्री बनाए गए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन विभाग अरुण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को जन सहभागिता व माइक्रो प्लानिंग के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं



पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मुहैया कराया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सहानुभूति पूर्वक पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्व में सबसे ज्यादा पौधारोपण किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह हर जरूरतमंद तक पहुंचे। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून से होगी, 05 जून को ही जन जागरूकता रैली भी निकल जाएगी। उन्होंने बताया कि 8 जून से 14 जून के मध्य नगर निकायों में मलिन बस्तियों का चयन कर वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# बस व ई-रिक्शा की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**पीलीभीत , 04 जून (तरुणमित्र)।** गुरुवार सुबह तेज रफ्तार बस और ई रिक्शा की आमने सामने की टकर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार पूरनपुर के राजीव नगर निवासी महबूब अली ई-रिक्शा से सपारियों को लेकर बलरामपुर की ओर जा रहे थे। पुंषचाई के पास उदराह मार्ग के निकट सामने से आयी बस ने ई-रिक्शा को जोरदार टकर मार दी। हादसे में घुघचाई थाना क्षेत्र के गांव कटैया निवारी सूरज (40 वर्ष), बलरामपुर निवासी बाबूराम (55 वर्ष), उनके पौत्र विवेक (13 वर्ष), पौत्री मीनाक्षी (9 वर्ष) तथा ई रिक्शा चालक महबूब अली घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में बाबूराम को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। वहीं ई-रिक्शा चालक महबूब अली की हालत गंभीर बनी हुई है। विवेक और मीनाक्षी का उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बाबूराम अपने बेटे सुरेंद्र के पास दिल्ली गए हुए थे। गमी की छुट्टियों के चालते वह अपने पौत्र और पौत्री के साथ गांव लौट रहे थे।

### पीलीभीत में विकास की खुली पोल! अंतिम यात्रा को नदी पार कर पहुंचना पड़ता है श्मशान

**पीलीभीत।** जिले के अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधरी से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने ग्रामीण विकास के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में ग्रामीणों को शवयात्रा लेकर नदी पार करते हुए देखा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की श्मशान भूमि तक पहुंचने के लिए उन्हें इसी तरह नदी पार करनी पड़ती है। गांव से श्मशान तक जाने के लिए न तो कोई पक्का रास्ता है और न ही पुलिया का निर्माण कराया गया है। ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। नदी में जलस्तर बढ़ने पर शवयात्रा निकालना जोखिम भरा हो जाता है और कई बार घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क व पुलिया निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

# सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान के मूल भाव के साथ संचालित होंगे कार्यक्रम

## प्रभारी मंत्री ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग एवं प्रभारी मंत्री जनपद बरेली जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशासनिक समन्वय समिति (कोर कमेटी) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ अभियान की रूपरेखा, कार्यक्रमों की तैयारियों तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 05 जून से 21 जून 2026 तक चलने वाला यह अभियान केंद्र



एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान केवल योजनाओं का प्रचार-प्रसार ही नहीं, बल्कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएं तथा आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक कार्य करते हुए प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे और पात्रता के अनुसार उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने विकास प्रदर्शनी के भव्य आयोजन के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस एवं आगामी पौधारोपण कार्यक्रमों को जन आंदोलन का स्वरूप देने पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए तथा पौधारोपण कार्यक्रमों को उत्सव के रूप में मनाया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक मीरगंज डॉ डीसी वर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ एमपी आर्य, विधायक बिथरीचैनपुर डॉ राघवेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा बरेली सोमपाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष भाजपा अधीर सक्सेना, जिलाध्यक्ष आंवला भाजपा आदेश प्रताप सिंह, अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंदन ए0, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी बहेड़ी ईशिता किशोर, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, पुलिस अधीक्षक क्राइम, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 8,9 व 10 मई को होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती को जिला प्रशासन तैयार



**फिरोजाबाद, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में आगामी 8, 9 और 10 तारीख को होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है इस संबंध में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हेकी अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ परीक्षा तैयारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कड़े शब्दों में कहा कि परीक्षा के सम्बन्ध में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर थोड़ी सी भी लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 6 परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की बारीकी से चेकिंग की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग से कवर्ड (घिरे हुए) क्षेत्र बनाए जाएंगे, जहाँ महिला कांस्टेबल तैनात रहेंगी। पूरी प्रक्रिया पर एलआईयू विभाग नजर रखेगा। ब्लूटूथ, सिम कार्ड , डिवाइस और स्मार्ट वॉच जैसे उपकरणों को रोकने के लिए चैकिंग स्टाफ को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। परीक्षा केन्द्र पर क्या ले जाना प्रतिबंधित है, इसका बैनर मुख्य गेट पर लगाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्रों और पार्किंग एरिया में संदिग्ध लोगों तथा गाड़ियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। परीक्षा के दौरान केन्द्रों के आसपास की सभी फोटोकॉपी, स्टेशनरी की दुकानें और साइबर कैफे बंद रखे जाएंगे। केन्द्रों की सुरक्षा के लिए रात में भी पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनका सीधे मुख्य कंट्रोल रूम से सम्बन्ध रहेगा। केन्द्र पर तैनात सफाईकर्मी, पानी पिलाने वाले कर्मचारी और आउटसोर्सिंग स्टाफ की भी सघन चेकिंग होगी। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मीडियाकर्मियों का भी परीक्षा केन्द्र के भीतर प्रवेश वर्जित होगा। सोशल मीडिया पर परीक्षा से जुड़ी किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक खबर फैलाने वालों पर सख्त नजर रखी जाएगी।

# कपड़ा व्यापारी हत्याकांड : बिलसंडा एसओ सिद्धांत शर्मा लाइन हाजिर, जगदीप मालिक बने नए थाना प्रभारी

**पीलीभीत , 04 जून (तरुणमित्र)।** बिलसंडा में कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवालों के बीच आखिरकार थाना प्रभारी पर कार्रवाई कर दी गई। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बिलसंडा के एसओ सिद्धांत शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह जगदीप मालिक को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। बिलसंडा में कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवालों के बीच आखिरकार थाना प्रभारी पर कार्रवाई कर दी गई। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बिलसंडा के एसओ सिद्धांत शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह जगदीप मालिक को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले मामले में एक दरोगा और दो सिपाहियों को निलंबित किया जा चुका है। पुलिस की इस कार्रवाई को हत्या से पहले मिली शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई न होने से जोड़कर देखा जा रहा है। 28 मई को बिलसंडा कस्बे में साइकिल व्यापारी पंकज कटियार पर हमला किया गया था। आरोप है कि उन्हें लंबे समय से धमकियां मिल रही थीं और इस संबंध में पुलिस को तहरीर भी दी गई थी। पंकज कटियार को बचाने पहुंचे कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# कब्रिस्तान की भूमि पर किए कब्जे को किया ध्वस्त




**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** बृहस्पतिवार को बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना प्रेमनगर कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के सामने स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर बिठ्ठन अली पुत्र माजिद अली द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए हटाया गया। यह कार्यवाही बरेली विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। अभियान के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की। बरेली विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निमार्णों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# न्यायालय कानून नहीं बनाता, बल्कि कानून के अनुसार निर्णय देता है : न्यायमूर्ति

**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** क्लासिक लॉ कॉलेज में अधिवक्ता परिवारों के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि उनके अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया जाना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों का आदर्श बनना चाहिए, क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता का अनुसरण करते हैं और अच्छी बातों को शीघ्र ग्रहण कर लेते हैं। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने कहा कि न्यायालय कानून नहीं बनाता, बल्कि कानून के अनुसार निर्णय देता है। कानून पूरे देश में समान होता है, किंतु अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों के आधार पर न्याय की दिशा निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश भी कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही निर्णय देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी रुचि और इच्छा के अनुसार विषय एवं करियर का चयन करें तथा अभिभावक उन पर अनावश्यक दबाव बनाने के बजाय उनका मार्गदर्शन करें। विशिष्ट अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल कर्तव्यनिष्ठ होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना भी आवश्यक है।

# अमरीकी ट्रेड डील व बेलगाम महंगाई के खिलाफ मुंडिया अहमदनगर में फूटा गुस्सा

**रिठौरा -बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों, भारत-अमेरिका ट्रेड डील और लगातार बढ़ रही कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) का गुस्सा बृहस्पतिवार को फूट पड़ा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी के देशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर रिठौरा और भंडसर क्षेत्र के किसान मुंडिया अहमदनगर में एक बड़े पैदल मार्च और प्रदर्शन की तैयारी में थे। लेकिन, ऐन वक्त पर पुलिस और प्रशासनिक अमले ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर आंदोलन की हवा निकालने की कोशिश की और प्रदर्शन की अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया। किसानों के बड़े हुजूम और आक्रोश को भांपते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट मोड पर आ गया। टकराव टालने और प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने रणनीति के




तहत क्षेत्र के प्रमुख किसान पदाधिकारियों को उनके ही ठिकानों और घरों पर नजरबंद कर दिया। पुलिस के इस कड़े रुख की खबर फैलते ही किसानों में आक्रोश और गहरा गया। किसान नेताओं ने पुलिसिया कार्रवाई को लोकतंत्र में जनता की आवाज दबाने की कोशिश करार दिया।

माहौल को गरमाता देख इज्जतनगर थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम भारी पुलिस बल और बैरियर टू चौकी प्रभारी मोहित कुमार के साथ खुद मोर्चा संभालने मुंडिया अहमदनगर पहुंचे। उन्होंने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में एकत्रित हुए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को समझा-बुझाकर शांत किया और सड़क पर मार्च निकालने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने को कहा।

काफी गहमा-गहमी के बीच आखिरकार संगठन ने थानाध्यक्ष को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी ने सभी किसान नेताओं से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की सख्त अपील की। ज्ञापन सौंपते समय कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव ने सरकार की नीतियों पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के कृषि सेक्टर को बर्बाद करने की सोची-समझी साजिश है। इससे हमारे पारंपरिक बाजार कॉरपोरेट घरानों के गुलाम हो जाएंगे।

डीजल-पेट्रोल, खाद, बीज और दैनिक उपयोग की चीजों पर बेकाबू महंगाई ने किसानों और आम जनता की कमर तोड़ दी है। किसान अपनी आवाज उठाने के लिए मजबूर हैं, लेकिन सरकार पुलिस के दम पर हमारी आवाज को दबाना चाहती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आंदोलन और ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से राजवीर यादव, हरीश कुमार, देवेंद्र, अर्चना पाल, केशव सिंह सोलंकी, अरविंद चौहान, राधेश्याम पंडित, मनोज कुमार, छत्रपाल उर्फ गुड्डू, बृजनंदन, मंदीप सिंह, इस्माइल अली और लला यादव सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में होगा 7.80 लाख पौधों का रोपण

## जिलाधिकारी ने सभी विभागों को लक्ष्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जनपद बरेली में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद में कुल 7 लाख 80 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए जनसहभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए।



निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वन विभाग द्वारा 7 हजार, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 5 लाख 12 हजार, पंचायती राज विभाग द्वारा 34 हजार, कृषि विभाग द्वारा 1 लाख 29 हजार, उद्यान विभाग द्वारा 85 हजार, नगर निगम द्वारा 3 हजार तथा नगर निकायों द्वारा 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागवार नोडल अधिकारियों की भी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़क किनारों, एक्सप्रेस-वे, नदियों एवं नहरों के तटों, विद्यालय परिसरों, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिकाधिक पौधरोपण किया जाए। साथ ही स्थानीय जलवायु एवं पारिस्थितिकी के अनुरूप फलदार एवं छायादार प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय कर्मियों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण की सूचना एवं फोटोग्राफ निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड किए जाएं तथा सोशल मीडिया पर अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह अभियान जनपद को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान पर जोर, 'जीरो डोज'

## कार्यक्रम के दूसरे चरण की कार्यशाला आयोजित, सीएमओ ने किया शुभारंभ

**बरेली, 04 जून (तरुणमित्र)।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा एड्रा इंडिया के सहयोग से संचालित 'जीरो डोज' कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत बृहस्पतिवार को स्थानीय होटल में एक दिवसीय अभिमुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित टीकाकरण से वंचित (जीरो डोज) बच्चों की पहचान कर उन्हें पूर्ण प्रतिरक्षण चक्र में शामिल करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। 'जीरो




डोज' कार्यक्रम ऐसे बच्चों तक पहुंचने का प्रयास है जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, एड्रा इंडिया एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद का कोई भी बच्चा टीका सुरक्षा चक्र से बाहर न रहे। इसके लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेष रणनीति के साथ कार्य किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने कहा कि जीरो डोज कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उन बच्चों तक पहुंचना है जो किसी भी कारण से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से बाहर रह गए हैं। द्वितीय चरण में ऐसे बच्चों की पहचान, ट्रैकिंग और नियमित टीकाकरण से जोड़ने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सहयोगी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से जनपद में टीकाकरण कवरेज में और सुधार होगा। मण्डलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह ने कहा कि जीरो डोज बच्चों की पहचान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एड्रा इंडिया की ओर से स्टेट कार्यक्रम समन्वयक विवेकानंद विश्वास एवं जिला समन्वयक इरशाद हसन खान ने कार्यक्रम की रूपरेखा और आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की।

कार्यशाला में जेएसआई से मो. फैजान अली, रजनी त्यागी, नुरूल निशा एवं शमीम खान, यूएनडीपी से नायला जमाल तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से डॉ. पी.वी. कौशिक ने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने संबंधी सुझाव साझा किए। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ. अजमेर सिंह, यूनिसेफ से शोभित शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा जनपद के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा एजेंसियों के दम पर तोड़ रही विपक्षी दलः संजय



**हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हरदोई पहुंचकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ईडी, सीबीआई और जांच एजेंसियों का डर दिखाकर विपक्षी दलों को तोड़ने का काम कर रही है।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी में टूट को लेकर पूछे गए सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि भाजपा पिछले 10-12 वर्षों से अलग-अलग राज्यों में यही प्रयोग कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा ने शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस समेत कई दलों को तोड़ने का काम किया है। उनका आरोप था कि नेता जनता से किसी दल और उसके चुनाव चिन्ह के नाम पर वोट लेते हैं, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ देते हैं, जो लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसका जवाब जनता ही चुनाव में दे सकती है।इलाहाबाद में छात्रों के बीच कार्यक्रम रोकने के वायरल वीडियो पर संजय सिंह ने कहा कि देश में पेपर लीक होना सरकार के लिए मुद्दा नहीं है, लेकिन पेपर लीक पर चर्चा करना सरकार को गुनाह लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और यूपी सरकार पेपर लीक के मामलों को रोकने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों मेहनत करने वाले छात्रों का भविष्य पेपर लीक की वजह से बर्बाद हो रहा है और युवा मानसिक तनाव झेल रहे हैं।संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रयागराज में छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रशासन ने गैरकानूनी तरीके से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि दो छात्रों को कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उनका परीक्षा देने का मौका भी छिन गया।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का नौजवान आज अपने भविष्य को लेकर असुरक्षा और तनाव में जी रहा है। हाल ही में नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्र के परिवार से मिलने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं की पीड़ा को समझने की जरूरत है। संजय सिंह ने कहा कि पेपर लीक और युवाओं के मुद्दों को लेकर उनका संवाद अभियान आगे भी जिलों और विश्वविद्यालयों में जारी रहेगा।

## डीएम ने जन सुनवाई में सुनीं 79 शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** कलेक्ट्रेट में आयोजित नियमित जन सुनवाई के दौरान आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना। आज की जन सुनवाई में जिले भर से आए फरियादियों द्वारा कुल 79 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल कागजों पर न होकर धरातल पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी ने कई फरियादियों की शिकायतों का मौके पर ही तात्कालिक निस्तारण भी कराया।इस जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव और प्रभारी सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गर्मी में भी नहीं लौटे प्रवासी पक्षी, जोधपुर झाल बना शरणस्थली

**मथुरा, 04 जून (तरुणमित्र)।** यूरोप, साइबेरिया एवं मध्य एशिया के शीत प्रदेशों से सर्दियों में ब्रज आने वाले प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ इस वर्ष गर्मी के मौसम में भी अपने मूल प्रजनन स्थलों की ओर वापस नहीं लौटी हैं। इन पक्षियों के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विकसित जोधपुर झाल वेटलैंड सुरक्षित शरणस्थली बना हुआ है।

सामान्यतः सर्दियों में भारत आने वाले अधिकांश प्रवासी पक्षी अप्रैल के अंत तक उत्तरी क्षेत्रों की ओर वापसी कर जाते हैं, किंतु इस वर्ष मई के अंतिम सप्ताह तक लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद कई प्रवासी पक्षी जोधपुर झाल सहित उत्तर भारत के प्रमुख वेटलैंड्स में देखे गए हैं। बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी (बीआरडीएस) द्वारा जोधपुर झाल वेटलैंड पर किए जा रहे पक्षी सर्वेक्षण के अनुसार ब्लैक-टेल्ड गोडविट, रफ, सिट्रिन वेगटेल, स्टिंट, कॉमन रेडशैंक, स्पॉटेड रेडशैंक तथा ग्रीनशैंक जैसी प्रजातियाँ अभी भी यहाँ मौजूद हैं। इनमें से कई प्रजातियाँ 10-10 से 12-12 पक्षियों के समूहों में देखी गई हैं।विदेशी पक्षियों की निरंतर मौजूदगी को देखते हुए वेटलैंड के सभी जलीय निकायों में जल प्रबंधन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि उनके लिए भोजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बीआरडीएस के विशेषज्ञ डॉ. के.पी. सिंह के अनुसार प्रवासी पक्षी अपनी लंबी यात्राओं के दौरान प्राकृतिक वायु धाराओं (विंड करंट) का उपयोग करते हैं।

# दो बाबाओं ने किया यौन शोषण, पुलिस ने कबूलनामे का वीडियो बनाकर छोड़ा

- बीते अप्रैल माह में एसपी से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा
- वृन्दावन इलाके का मामला



**वृंदावन, 04 जून (तरुणमित्र)।** वृन्दावन थाना क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग स्थित एक आश्रम से शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रहे शिष्य ने दो बाबाओं पर यौन शोषण करने, पीटने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस पर आरोप है कि शिकायत करने पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मौके पर जाकर आरोपी बाबा से कबूलनामे का एक वीडियो बनाया और उसे छोड़ दिया। पीड़ित एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने और अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगाता रहा। इस मामले में विशेष न्यायालय पास्को के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक मूल रूप से झारखंड के जिला गुमला निवासी नाबालिग नगर के परिक्रमा मार्ग स्थित आश्रम में रहकर पढ़ाई करता है। नाबालिग के संरक्षक ने कोतवाली में दो बाबाओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि बाबा राम अखंड दास पीड़ित को अपने साथ बनारस स्थित आश्रम ले गए थे, जहां जुलाई 2024 तक उन्होंने उसके साथ यौन शोषण किया। इसके बाद आरोपी बाबा उसे वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित आश्रम ले आए। यहां भी राम अखंड दास ने उसका शोषण जारी रखा। इसके बाद गत 21 जून की रात करीब 10 बजे आश्रम के ही दूसरे बाबा बालगोविंद दास ने भी पीड़ित के साथ जबरन यौन शोषण किया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो मुंह में कपड़ा ठूंस कर लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की गई। आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया, तो उसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। गत 20 अगस्त को जब बाबा बालगोविन्द दास के गुरु महंत काशी से वृंदावन आश्रम आए तो पीड़ित ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। आरोप है कि महंत ने न्याय करने के बजाय अपने शिष्य बालगोविंद का ही पक्ष लिया और पीड़ित को आश्रम से निकालने की धमकी दी।

> इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार के पीआरओ ने बताया कि वह मीटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मीटिंग के बाद बात करने की बात कही। वहीं खबर लिखने तक उनके कार्यालय से कोई जवाब नहीं मिल सका।

## विकास और कानून व्यवस्था की आज समीक्षा करेंगे होमगार्ड्स मंत्री

**मैनपुरी, 04 जून (तरुणमित्र)।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ.प्र. धर्मवीर प्रजापति 05 जून को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी दोपहर 12.30 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर दि. 05 जून से 21 जून तक प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान को लेकर जनपद के अधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों के साथ कोर कमेटी की बैठक, अपरान्ह 01 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे, अपरान्ह 03 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. में कार्यकताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ भेंटवार्ता करने के उपरांत अपरान्ह 04.30 बजे जनपद आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राजकीय कृषि महाविद्यालय में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, रोपे सैकड़ों पौधे

- क्विज और भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, धरती को हरा-भरा बनाने की ली शपथ

**हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय कृषि महाविद्यालय, हरदोई के परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. सी. एल. मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस विशेष अवसर पर कॉलेज परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए। उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित




देखभाल का सामूहिक संकल्प भी लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ. सी. एल. मौर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, अनियंत्रित जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण आज हमारी पृथ्वी के समक्ष गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पौधरोपण करना होगा और जल संरक्षण जैसी पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाना होगा। उनका यह प्रेरणादायी उद्बोधन वहां मौजूद छात्रों और शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

इस दौरान छात्र-छात्राओं में पर्यावरणीय चेतना और उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करने के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज) और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण एवं ज्वलंत विषयों पर अपने उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र अभिषार, रुद्रांशु और नितिन कुशवाहा ने पर्यावरण को बचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्र सुधांशु ने वन्य जीव संरक्षण तथा जल संकट की गंभीर समस्या की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया। वहीं, छात्र जितिन कुमार ने महाविद्यालय परिसर में लगभग 200 वृक्ष एक साथ लगवाने के लिए अधिष्ठाता महोदय का विशेष आभार व्यक्त किया। छात्र उदय प्रताप ने खेती में कीटनाशकों (पेस्टीसाइड) के अत्यधिक प्रयोग और उसके दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया, जबकि छात्र उत्कर्ष शुक्ला ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने पर बल दिया।कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। सभी ने एकजुट होकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने, प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम करने तथा पृथ्वी को स्वच्छ, हरित व प्रदूषणमुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का अटूट संकल्प व्यक्त किया।

# गेहूं खरीद में हुआ बड़ा घोटाला, जांच की मांग, गेहूं के भाव खरीदी गयी मिट्टी

**तिकुनियाँ-खीरी, 04 जून (तरुणमित्र)।** कस्बे में सरकारी क्रय केंद्रों पर हुई गेहूं खरीद में हुए बड़े घोटाले की चर्चा तेज हो गयी हैं लोगों ने क्रय केंद्रों पर खरीदे गये गेहूं की जाँच की माँग की है।

कस्बा स्थिति मंडी समिति में गेहूं खरीद के लिए कई सरकारी क्रय केंद्रों का आवंटन हुआ था जिसमें पिछले एक सप्ताह से किसानों के नाम पर ब्यापारियों ने अपना माल जमकर तुलवाया हैं चर्चा हैं की तुलवाये गये माल में 50 प्रतिशत से अधिक मात्रा में मिट्टी हैं और गेहूं भी किसी दशा में मानक के अनुरूप नहीं हैं परन्तु मोटी कमीशनबाजी के चक्कर में गेहूं की क़्वालिटी और उसमे उपलब्ध मिट्टी अब तक किसी भी जिम्मेदार को दिखायी नहीं दी हैं,बताया यह भी जाता हैं कि यदि मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जाये तो बहुत कुछ सामने आप जायेगा। हालांकि मामले में उपजिलाधिकारी निघासन राजीव निगम ने मंडी समिति का दौरा तो किया परन्तु उन्हें एक दो बोरी फ्रेश गेहूं की खोल कर दिखा दी गयी और वह संतुष्ट होकर वापस लौट गये। बताया जाता हैं की इस खेल में क्रय केंद्र प्रभारी से लेकर बैयर हाउस इंचार्ज तक की बड़ी मिली भगत बतायी जाती हैं। हाल ही में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं जो की तिकुनियाँ का ही बताया जा रहा हैं जिसमें गेहूं को पानी डालकर भिगोया जाना बताया जा रहा हैं हालांकि अभी तक इस मामले पर किसी भी जिम्मेदार द्वारा कोई संज्ञान लेने का मामला प्रकाश में नहीं आया हैं।

उपरोक्त मामले में उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने बताया कि मैं कल गया था और मैं फिर कल जाऊँगा, स्टॉक की जाँच करूँगा।

# मासूमों पर हिंसा के खिलाफ हरदोई में गूंजा 'चुप्पी तोड़ हल्ला बोल'

**हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** आक्रामकता एवं हिंसा के शिकार मासूम बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज संप्रेक्षण गृह हरदोई में बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के सहयोग से बाल मित्र केंद्र (थाना देहात कोतवाली) और 'समाधान अभियान' द्वारा यह कार्यक्रम चुप्पी तोड़ हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाव के उपाय सिखाए गए।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संप्रेक्षण गृह अधीक्षक सौरभ पाठक ने बच्चों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण की स्थिति में बच्चे बिना संकोच बाल कल्याण समिति से संपर्क करें, जो उनके संरक्षण और शिक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि विधि सह परिवीक्षा अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। सौम्या द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए हैप्पीनेस गतिविधियां और जलपान की व्यवस्था की गई, जिसका प्रियांशु, मृदुल और सूरज शुक्ला ने सफल संचालन किया।

## माता मंदिर पर्यटन परियोजना का कल लोकार्पण करेंगे मंत्री जयवीर सिंह

**मैनपुरी, 04 जून (तरुणमित्र)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह 06 जून को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी दोपहर 12 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 03.30 बजे ग्राम मिढ़ावली के माता मंदिर प्रांगण में माता मंदिर मिढ़ावली के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे, तद्उपरांत अपरान्ह 04.15 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## चौकीदार को पीटा

**हरपालपुर,हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** अरवल थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी ओमकार 38 वर्ष पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि वह गांव मे रामगंगा नदी पर बने पांटून पुल पर चौकीदार है। 2 जून की रात 10 बजे पुल की देखभाल कर रहे थे।वहॉ नंदना गांव निवासी मिथलेश,श्रीमऊ गांव निवासी प्रदीप कुलदीप कश्यप व प्रदीप कश्यप पांटून पुल में बंधे रस्से को काटकर मछली पकड़ रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए लात घूसों, लाठी डंडे व सरिया से हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गये है।

## आक्रोश के शिकार निर्दोष बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर उठी बाल सुरक्षा की आवाज

**मथुरा, 04 जून (तरुणमित्र)।** हर बच्चे को सुरक्षा, सम्मान और शिक्षा मिले, यही सभ्य समाज की पहचान है। इसी संदेश के साथ आक्रोश के शिकार निर्दोष बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल (निःशुल्क शिक्षा केंद्र), मथुरा द्वारा बाल अधिकारों एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता का आह्वान किया गया।

संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज भी हजारों बच्चे हिंसा, शोषण, बाल श्रम, उपेक्षा और उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। ऐसे बच्चों को केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि सुरक्षा, शिक्षा और न्याय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री शर्मा ने कहा कि एक ओर कुछ बच्चे स्कूलों में अपने सपनों को आकार दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनेक बच्चे आज भी सड़कों, ढाबों, कारखानों और झुग्गी बस्तियों में संघर्षपूर्ण जीवन जीने को मजबूर हैं।ऐसे बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना और उन्हें सुरक्षित बचपन प्रदान करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आसपास कोई बच्चा बाल श्रम, भीख मांगने, शोषण या हिंसा का शिकार दिखाई दे तो उसकी मदद के लिए आगे आएं और संबंधित विभागों को सूचना दें। एक जागरूक नागरिक का छोटा-सा प्रयास किसी बच्चे का पूरा जीवन बदल सकता है।

## किशनी तहसील में कल शिकायतें सुनेंगे डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी

**मैनपुरी, 04 जून (तरुणमित्र)।** जन-शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निदेर्शों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 06 जून को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी तहसील किशनी में उपस्थित रहकर संम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील किशनी में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील घिरोर में, अपर जिलाधिकारी तहसील सदर में एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक तहसील कुरावली में जन-समस्याए सुनेंगे।

# एक व्यक्ति को दो पेड़ अवश्य लगाने चाहिए: शोभा

**फर्रुखाबाद, 04 जून (तरुणमित्र)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुदर्शन भवन सवाईपुर हरदोई में चरित्र निर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन सवाईपुर नुमाइश में किया गया जिसको देखने के लिए विभिन्न गांव के लोग मरते रहते हैं।

वही आज 4 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के रूप में मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी शोभा दीदी ने कहा कि हमारी पृथ्वी हमारा घर है जहां हम सब मनुष्य पशु पक्षी पौधे निवास करते हैं पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है शोभा दीदी ने कहा इस दिवस को प्रदूषण मुक्त दिवस मनाया जाए पर्यावरण के जरिए जलवायु परिवर्तन जैव विविधता में कमी आदि समस्याओं का निवारण के लिए आकर्षित करता है हर साल इस दिवस को मानने पर पेड़ पौधों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व बनता है सवाईपुर संचालिका बी के पूनम बहन ने प्रदर्शनी का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए आत्मा परमात्मा और सृष्टि नाटक एक रंग मंच है इस नाटक में हर आत्मा का पाठ इस ड्रामा की सीन में फिक्स है एकता बहन ने जीत के माध्यम से सबको प्रेरित किया सबको



तिलक फूलों से स्वागत किया गया मैनपुरी से आए राज योगी बीके सत्येंद्र भाई जी ने कहा हर एक व्यक्ति को कम से कम एक या दो पेड़ लगाने चाहिए यदि सभी ऐसा करें तो पर्यावरण की जो विकराल समस्या है उसमें बहुत हद तक सुधार हो सकता है संकल्प ने दो पेड़ जरूर लगाना है पर्यावरण सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का नारा है पर्यावरण हमारा है एक पेड़ लगाना है सबका जीवन बचाना है इस मौके पर रामजीत, रामकिशोर हुकुम सिंह आसाराम कुसमा संतोष अभिलेश अनीता अनुष्का नेहा नींन्नो जूली करिश्मा आदि अनेक लोग मौजूद रहे ।

# बड़ा घोटाला दबाने की साज़िश? जल निगम के स्टोर में सुलग रहे थे सरकारी दस्तावेज!

**हरदोई, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जेल रोड स्थित उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के केंद्रीय भंडार में सरकारी दस्तावेजों और सामग्रियों के बड़े घोटाले को छुपाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। साक्ष्यों को मिटाने के इरादे से भारी मात्रा में सरकारी अभिलेखों को आग के हवाले किया जा रहा था। इस मामले में डिविजनल अधिकारियों, कर्मचारियों और दो निजी व्यक्तियों सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, डी एम अनुनय झा, अपर रेटिंग न्यायिक ओल्ड त्रिपुरा और विजील जज क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जेल रोड स्थित जल निगम के सेंट्रल भंडार से संदिग्ध धुआं उठता दिखाई दिया। संदेह होने पर जब अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की, तो पाया गया कि एक नाव के अंदर और बाहर, दोनों तरफ से सरकारी रिकॉर्ड को रखकर जलाया जा रहा था।नष्ट किए जा रहे दस्तावेजों में आधार कार्ड, इन्वेंट्री रिकॉर्ड, मेडिकल बोर्ड से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज, दस्तावेजी जांच फॉर्म (एआई फाइल-1), जैकेट की पहचान और विभिन्न प्रकार के रसायन शामिल थे। पुराने जमाने के निदेशकों में निर्माता मेवाराम ने लॉक खोला था, लेकिन बाद में मक्के से बिक गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो निजी व्यक्तियों—सीजन राज त्रिप और समीर मिश्रा को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में आरोपी यह साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहे कि वे किस हैसियत से इन सरकारी कागजातों को नष्ट कर रहे थे और वे किसी भी वैध या सक्षम अधिकारी का लिखित आदेश प्रस्तुत नहीं कर सके। इस मामले के पोर्टफोलियो में मुख्य सचिव भी शामिल हैं। पुलिस ने सरकारी रिकॉर्ड्स को नष्ट करने, लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आपराधिक साजिश रचने सहित विभिन्न संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## कृषि परामर्श गांव-गांव पहुंचाने के निर्देश जारी

**मैनपुरी, 04 जून (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी वि.रा. श्याम लता आनन्द ने बताया कि उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा मौसम आधारित राज्य स्तरीय कृषि परामर्श समूह (क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप) के माध्यम से समय-समय पर कृषि एवं सबद्ध क्षेत्रों से सम्बन्धित परामर्श, संस्तुतियां निर्गत की जाती है। उन्होने बताया कि उक्त परामर्श में गेहूं, तिलहनी एवं दलहनी फसलों की खेती, सब्जी उत्पादन, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी तथा आपदा प्रबन्धन आदि विषय सम्मिलित रहते हैं, जो कृषकों के हित में अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने उप कृषि निदेशक, कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्राप्त परामर्श, संस्तुतियों का अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्मिकों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराते हुए ग्राम स्तर तक कृषकों को जागरूक किया जाये।

# नवयुग पालिका जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धिः डीएम

**फर्रुखाबाद, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'नवयुग पालिका योजना' के क्रियान्वयन को लेकर बैठक सम्पन्न। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ?नवयुग पालिका योजना? के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद फरुर्खाबाद के अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक में प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में योजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं अपेक्षित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप योजना के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि ?नवयुग पालिका योजना? का उद्देश्य नगरीय निकायों में ऑनलाइन नागरिक सेवाओं का विस्तार, डिजिटल गवर्नेन्स की आधारभूत संरचना का विकास, नगरों के कलात्मक एवं सौंदर्यपरक स्वरूप में सुधार तथा अभिनव तकनीकों एवं नवाचारों के माध्यम से नगरीय निकायों का सर्वांगीण विकास करना है। शासन स्तर से प्रदेश के 58 नगरीय निकायों का चयन इस योजना के प्रथम चरण में किया गया है, जिनमें नगर पालिका परिषद फरुर्खाबाद को भी शामिल किया गया है। यह चयन जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे नगर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में योजना के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रारम्भ होकर आगामी पांच वर्षों तक संचालित की जाएगी। योजना के अंतर्गत चयनित 58 निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। श्रेणी-1 में 1.5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिका परिषद तथा श्रेणी-2 में 1.5 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत सम्मिलित हैं। योजना के अंतर्गत श्रेणी-1 के नगरीय निकायों को अधिकतम 12 करोड़ रुपये तथा श्रेणी-2 के निकायों को अधिकतम 8 करोड़ रुपये तक का वार्षिक बजट आवंटन किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त विशेष परिस्थितियों में निकाय की आवश्यकता, भौगोलिक स्थिति, राजस्व वृद्धि, नवाचार आधारित परियोजनाओं एवं राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए बजट में आवश्यक परिवर्तन किए जाने का भी प्रावधान रखा गया है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि निर्धारित बजट के अतिरिक्त निकायों को उनकी कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। संपत्ति कर अभिलेखों के ई-प्रस्तुतीकरण, संपत्ति कर रजिस्टर में दर्ज संपत्तियों की संख्या में वृद्धि तथा कुल राजस्व वसूली में वृद्धि करने वाले निकायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन बजट प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन नगरीय निकायों को यह प्रोत्साहन राशि प्रतिवर्ष दी जाएगी। बैठक में योजना के अंतर्गत संभावित परियोजनाओं, राजस्व संवर्धन उपायों तथा नवाचार आधारित विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# सेवा, संस्कार, सुशासन व सम्मान के मूल भाव संग संचालित हों जागरूकता कार्यक्रम : कश्यप




**शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद सहित पूरे प्रदेश में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान 05 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन व क्रियान्वयन के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने 05 से 21 जून तक चलने वाले समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने अभियान को जनसहभागिता व माइक्रो प्लानिंग के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाए। प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएं।

उन्होंने प्राकृतिक खेती कार्यशाला के लिए आमंत्रित किए जा रहे किसानों की सूची भी उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अभियान को माइक्रो प्लानिंग बनाकर जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जाए। जिलाधिकारी ने जन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2026) के अवसर पर प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार जनपद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 08 लाख 64 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा तथा उनकी जियो टैगिंग भी कराई जाएगी। फलदार पौधों का वितरण भी किया जाएगा। तालाबों के किनारे वृक्षारोपण हेतु स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में प्रदेश स्तर पर 35 करोड़ पौधों के वृक्षारोपण का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला (14 जून, 2026 से 16 जून, 2026) के अंतर्गत प्रदेश के समस्त विकास खंडों में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय जन-कल्याण मेलों में समस्त विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इन मेलों में केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाएगा। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन (16 जून, 2026 से 17 जून, 2026) तथा विकास प्रदर्शनी (17 जून, 2026 से 20 जून, 2026) के अंतर्गत सरकार की उपलब्धियों, युवा, महिला एवं गरीब कल्याण कार्यक्रमों, वृहद इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आध्यात्मिक केंद्रों के विकास तथा उत्तर प्रदेश के सुशासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु लगभग 300 प्रबुद्धजनों की सूची तैयार की जाएगी। चयनित प्रबुद्धजन विभिन्न विकास खंडों एवं कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण करेंगे। एक प्रबुद्धजन को तीन विकास खंडों अथवा कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कराकर वहां आयोजित जन-कल्याण मेलों, विकास प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन कराया जाएगा, जिससे वे योजनाओं एवं विकास कार्यों की जमीनी स्थिति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित हो सकें। कार्यक्रम की अवधि में प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गतिविधियां सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित की जाएंगी।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी, डीएम ने दिए कड़े निर्देश



**उन्नाव, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र समय से पहुँचें, सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित रहें तथा अभ्यर्थियों की सघन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य अनुचित सामग्री का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर मेडिकल किट उपलब्ध कराने तथा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, हेल्प डेस्क और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहें तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आवश्यकता अनुसार महिला पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम अलग-अलग संचालित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट भरने संबंधी आवश्यक जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जाए ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

**❑ 8, 9 और 10 जून को 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 3696 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

उन्होंने बताया कि परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। जनपद में इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 3696 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# सिद्ध बाबा कमलापुर में बजरंगबली की मूर्ति स्थापना दिवस पर प्रसाद व शरबत का वितरण

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** सिद्ध बाबा कमलापुर में बजरंगबली की मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के चरणों में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं शरबत वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिली। सुबह से लेकर देर शाम तक प्रसाद ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। आयोजकों ने बताया कि बजरंगबली की कृपा से प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

# सौतेला पिता बना हैवान : चार साल की बेटी की हत्या कर खेत में दफनाया, शव की तलाश जारी

**शाहजहांपुर/कांट, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में चार साल की बच्ची प्रिया की हत्या कर खेत में दफन करने के मामले में आरसी मिशन थाना पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को मासूम के शव की तलाश के लिए खोदाई कराई। इस दौरान एक खेत में बच्ची की फ्रॉक मिली है, जिसे उसकी मां ने पहचाना है। हालांकि, शव बरामद नहीं हो पाया है। थाना तिलहर क्षेत्र के गांव गोबरसंडा निवासी रामस्वरूप की बेटी दिव्यांशी ने आरसी मिशन थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि चार माह पूर्व पति से अनबन के बाद अलग हो गई थी। उसके साथ चार साल की बेटी प्रिया थी। इसके बाद उसने मंदिर में कांट के मानपुर गांव के रहने वाले अखिलेश से शादी कर ली। दोनों लोग आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ताहवरगंज में आकर किराए पर रहने लगे। कुछ दिनों तक तो ठीक-ठाक रहा फिर अखिलेश हदें पार करने लगा।

दिव्यांशी का उत्पीड़न करता था और विरोध पर चार साल की बेटी प्रिया को बेरहमी से पीटता था। आरोप है कि चार मई की सुबह सात से आठ बजे के बीच अखिलेश ने दिव्यांशी को नशीला पदार्थ पिला दिया। इसी बीच उसने मासूम प्रिया की पीट कर हत्या कर दी। इसके बाद इलाज के बहाने कार में डालकर दिव्यांशी और प्रिया को अपने गांव मानपुर ले गया। यहां खेत में प्रिया का शव दफन कर दिया और दिव्यांशी को अपनी बहन रजनी के घर फरुर्खाबाद के कायमगंज छोड़ आया। आरोप है कि मासूम के शव को दफन करते समय दिव्यांशी के ससुर सुरेंद्र और सास तारा भी मौजूद थी। इसके बाद अखिलेश दिव्यांशी को रोहतक ले गया और वहां छोड़कर भाग गया। दिव्यांशी को उसका चचेरा भाई सुनील लेकर आया और पुलिस को तहरीर दी। तब पुलिस ने जांच शुरू की तो बच्ची की हत्या का मामला उजागर हुआ। आरोपी ने बताया कि उसने कांट इलाके में बच्ची का शव दफनाया है।

बृहस्पतिवार सुबह करीब 7:30 बजे से कांट थाना क्षेत्र के महानपुर गांव के पूर्व स्थित खेत में पुलिस की निगरानी में दो जेसीबी मशीनों से खोदाई कराई गई। पुलिस को बच्ची की एक फ्रॉक खोदाई में मिली है, जिसकी पहचान उसकी मां दिव्यांशी ने की। बेटी की फ्रॉक देखकर दिव्यांशी रो-रोकर बेसुध हो गई। फ्रॉक मिलने के बाद पुलिस को मामले में एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। हालांकि खोदाई के बावजूद बच्ची का शव बरामद नहीं हो सका। पुलिस के अनुसार, आरोपी अखिलेश ओर उसका पिता सुरेंद्र घटनास्थल की सटीक पहचान नहीं कर पा रहा है।

इसके कारण शव दफनाने की सही जगह चिह्नित करने में दिक्कत आ रही है। इसी वजह से खेत के विभिन्न हिस्सों में खोदाई कराई जा रही है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी है। मामले में नामजद मुख्य आरोपी अखिलेश समेत दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि शव बरामद करने और घटना से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण कार्य की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों के संबंध में बैठक वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देश दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण भी किया जाए। जिलाधिकारी ने ट्रामा सेंटर एवं इमरजेंसी के रिनोवेशन का कार्य 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज में सीसी रोड, नाली आदि कार्य जल्द कर लिए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के सामने अनावश्यक खड़े होने वाले वाहनों एवं ठेलों को व्यवस्थित किया जाए। मेडिकल कॉलेज के अंदर एवं बाहर अच्छे से साफ सफाई प्रतिदिन की जाए? सभी कार्यों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में अच्छी वॉल पेंटिंग, खाली जगह पर पार्क, क्यारियां, गमले, वार्ड, कैंटीन को जाने के लिए साइनेज लगाया जाए। उन्होंने कहा मरीजों के लिए मिलने वाले ब्रेकफास्ट, लंच आदि के मेनू का भी बोर्ड लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिए पेमेंट गेटवे से लिंक कराया जाए और क्यूआर कोड प्रत्येक गांव में लगाए जिससे मेडिकल कॉलेज में उपचार करने के लिए स्वयं रजिस्ट्रेशन स्वयं लोग कर सकें। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण के अतिरिक्त काउंटर चलाने की व्यवस्था की जाए। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार मिलना सुनिश्चित कराया जाए। मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार किया जाए। जिलाधिकारी निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज आने वाले चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के पास जारी किए जाएं वही लोग वाहन लेकर अंदर जाएंगे उनके वाहन खड़े करने की व्यवस्था की जाए इसके अलावा कोई भी वाहन अंदर नहीं जाना चाहिए। मुख्य द्वार से अनावश्यक वाहनों को अंदर न आने दिया जाए इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज को अंदर और बाहर से साफ सुथरा एवं सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि चयन कर दीवारों की वॉल पेंटिंग कर कर उसपे अच्छे-अच्छे संदेश लिखवाया जाए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने एवं बाहर सड़क, नाली सही कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिए जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित

# महिला से छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** थाना पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ और अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को देवहा नदी पुल के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 21 मई को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि गांव गैली घर में घुस आए और 22 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले में महिला संबंधी गंभीर अपराध से जुड़ी धारा 64(1) बीएनएस भी बढ़ाई गई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में खुदागंज पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने देवहा नदी पुल से खुदागंज आने वाले मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग का शिकंजा, 18 वाहन सीज

**उन्नाव, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग का अभियान लगातार जारी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा 3 व 4 जून 2026 को चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी संख्या में डंपर और ट्रकों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार अभियान के दौरान 148 डंपर एवं ट्रकों की जांच की गई। इस दौरान 11 ओवरलोड वाहन पकड़े गए, जिनमें से 7 का चालान किया गया जबकि 4 वाहनों को सीज कर दिया गया। ओवरलोडिंग के मामलों में कुल 2.79 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट अथवा अस्पष्ट नंबर प्रदर्शित करने वाले 14 डंपर और ट्रक भी पकड़े गए। परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12 वाहनों का चालान और 2 वाहनों को सीज किया। इन मामलों में 1.40 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। ओवरलोडिंग तथा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

शाहजहांपुर। जनपद में एसओजी, सर्विलांस व थाना सदर बाजार की संयुक्त टीम ने बुधवार रात कैंट क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में महिला की चेन व मंगलसूत्र लूटने के दो आरोपी उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के थाना गदरपुर क्षेत्र के ठंडा नाला गूलरभोज निवासी रफीक व अकरम अली को गिरफ्तार किया। दोनों के पैर में गोली लगी है। सिपाही मुनीश भी बायें हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है।सीओ सिटी पंकज पंत ने बताया कि 25 मई की सुबह 8:39 बजे कैंट क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी विवेक शुक्ला की मां लक्ष्मी बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा पाठ कर घर लौट रहीं थीं। घर के बाहर बदमाश चेन व मंगलसूत्र छीनकर भाग गए थे।

# जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा कर दिए अवश्यक निर्देश

**शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक एसडीएम, चार्ज ऑफिसर, नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आठ जून तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। यह कार्य समयबद्ध होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं सर्वे कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# शिक्षक संघ ने उन्नाव के प्रभारी मंत्री का किया भव्य स्वागत, सौंपा ज्ञापन

**❑ जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश देने की उठाई मांग**



**उन्नाव, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विशाल पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों को उपार्जित (अर्न्ड) अवकाश प्रदान किए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में उनके अतिरिक्त श्रम का सम्मान करते हुए उपार्जित अवकाश दिया जाना आवश्यक है।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत अहम होती है और सरकार को उनके योगदान का उचित सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कन्नौजिया, शिक्षक नेता अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष दिलीप अवस्थी, सुजीत गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रवींद्र रावत, पवन पांडेय, वीर बहादुर, विजय ज्ञानेंद्र, शैलेन्द्र, किशनलाल, मदन गोपाल, विनोद लोधी, पवन सोनकर, अरविंद सिंह पिंडोखा, सुरेंद्र वर्मा, श्याम बाबू, भीम प्रताप सहित जनपद के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहा है और आगे भी उनकी न्यायोचित मांगों के लिए आवाज उठाता रहेगा।

# स्वास्थ्य विभाग की लापारवाही से बेहाल ग्रामीण, बुखार का प्रकोप जारी

**परौर/शाहजहांपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** तहसील कलान क्षेत्र की ग्राम पंचायत बम्हनी चौकी में इस समय स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है गांव में पैर पसार रहे रहस्यमी बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों ने ग्रामीणों को अपनी चपेट में ले लिया है है जिससे हर दूसरा परिवार बीमारी की मार झेलने पर मजबूर हैं सबसे चिंताजनक बात यह है की इस गम्भीर स्थिति के बाबजूद गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं का नामोनिशान नहीं है ग्रामीणों का आरोप है कि न तो कोई सरकारी उप स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रुप से चल रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम सुध लेने पहुंची है क्षेत्र में बीमारी तेजी से फैल रही है, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी परेशान हाल है स्थानीय लोगों का कहना है कि बुखार के कारण लोगों के शरीर में तेज दर्द और कमजोरी की शिकायते आ रही है लेकिन गांव में दवा की एक गोली तक कोई उपलब्ध कराने वाला कोई नही गांव में कोई सरकारी डाक्टर या मेडिकल स्टाफ न होने का सीधा फायदा क्षेत्र के झोलाछाप डाक्टर उठा रहे हैं गरीब ग्रामीण आर्थिक तंगी के बावजूद अपनी जान बचाने के लिए इन झोलाछाप डॉक्टरों को मोटी रकम देने पर मजबूर हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–

क्रम सं.-1, निविदा सूचना संख्याः वमंविइ-लजं०-04-2026, कार्य का विवरणः लखनऊ जंक्शन यार्ड में पुनर्निर्माण कार्य के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य, लखनऊ जंक्शन यार्ड में इलेक्ट्रिक लोको शेड के विस्तार का प्रस्ताव, कोचिंग डिपो एएसएच में सीवाईएम भवन और प्रधान स्टेशन में माल प्लेटफार्म की सतह, बाड़ लगाना आदि का विकास कार्य तथा बीकेटी रेलवे स्टेशन पर पहुंच मार्ग का निर्माण। अनुमानित लागतः ₹ 82,37,949.48, बयाना राशिः ₹ 1,64,800/-, निविदा मूल्यः ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 06 माह।

क्रम सं.-2, निविदा सूचना संख्याः वमंविइ-लजं०-11-2026, कार्य का विवरणः लखनऊ–गोरखपुर कैंट खंड में केंद्रीकृत यातायात नियंत्रण (सीटीसी) प्रणाली के साथ स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य, गोरखपुर कैंट खंड में पुराने कोचिंग डिपो की रखरखाव सुविधाओं का उन्नयन, लखनऊ–गोरखपुर डिवीजन के 12 विभिन्न स्टेशनों पर पी पी शैल्टर की व्यवस्था, लखनऊ डिवीजन के तुलसीपुर और बढ़नी में पंपहाउस के साथ गहरे ट्यूबवेल की व्यवस्था, गंगाधाम पीएफ–1 और 2 तथा बिशेश्वरगंज पीएफ–1 और 2 में प्लेटफार्म को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक ऊंचा करने का कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,19,27,268.74, बयाना राशिः ₹ 2,38,600/-, निविदा मूल्यः ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 29-06-2026 को 15:00 बजे।

नोटः इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य

मुजाधि/विद्युत–58 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज से 21 जून तक चलेगा विशेष अभियान

## प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर




**उन्नाव, 04 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सुरक्षा, सुशासन और विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विशेष जन-जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने की।

इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों की तिथिवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम, 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद, 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 19 जून तक विकास प्रदर्शनी, 18 से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशाला तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न तिथियों में रात्रि चौपालों का भी आयोजन होगा। प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन भव्य एवं प्रभावी ढंग से किया जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं तथा जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। मंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाए। साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि पौधे जीवित रह सकें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना तथा मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में भी व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के अंतर्गत चिकित्सकों, अभियंताओं, शिक्षकों, युवा उद्यमियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों के साथ 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' विषय पर संवाद आयोजित किया जाएगा। वहीं विकास प्रदर्शनी में सरकार की युवा, महिला एवं गरीब कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों को 'पहले और अब' के स्वरूप में प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं में किसानों को जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की विधियों की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक कार्यशाला में 500 से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर युवाओं, महिलाओं, पुलिस बल एवं विभिन्न संगठनों की भागीदारी के साथ साइकिल एवं पैदल जागरूकता यात्राएं आयोजित की जाएंगी। जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक सफीपुर बंबालाल दिवाकर, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने को लेकर हुई बैठक



**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद सीतापुर में परीक्षा के लिए कुल 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 8 जून, 09 जून एवं 10 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें तथा परीक्षा के दौरान निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद सीतापुर में आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों का पूर्व निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का सत्यापन कर लिया जाए।जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्रों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा परीक्षा केन्द्रों तक अभ्यर्थियों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास स्थित फोटो कॉपी, साइबर कैफे, स्कैनिंग एवं प्रिंटिंग से संबंधित प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केन्द्रों की निर्धारित परिधि में कोई भी फोटो कॉपी की दुकान खुली न रहे तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्व से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को खुले में रुकने अथवा सोने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए धर्मशालाओं, छात्रावासों, सामुदायिक भवनों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षार्थियों को पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि जनपद में आने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

# गोंडा हाईवे पर डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस, चालक घायल



**बाराबंकी, 04 जून (तरुणमित्र)।** गोंडा हाईवे पर ग्राम सुल्तानपुर स्थित पेट्रोल पंप एवं नई मंदिर के पास गुरुवार सुबह करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बताया जा रहा है कि चालक को गहरी नींद आने के कारण यह हादसा हुआ।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बोनट सहित वाहन के कई हिस्से चकनाचूर हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल बाराबंकी भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के कई घंटे बाद तक एंबुलेंस सड़क किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी रही और मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा था, जिससे यातायात प्रभावित होने की आशंका बनी रही। सूचना मिलने के बाद यातायात प्रभारी रामरतन यादव को मामले से अवगत कराया गया। सुबह करीब 8 बजे रामजतन यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए बताया कि शीघ्र ही टीम को घटनास्थल पर भेजकर यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित कराया जाएगा।

## मां की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा अपनी ही सगी मां की हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।अभियुक्त हरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ सोमनाथ सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह उर्फ श्यामराज सिंह, निवासी ग्राम कटरा मजरा गोवर्धनपुर, थाना मानपुर को हिरासत मे ले लिया हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह गलत संगत में पड़कर नशा करने का आदी हो चुका है। नशे की लत को पूरा करने के लिए वह अपनी मां को डरा-धमकाकर रुपये लिया करता था। एक दिन रुपए ना देने पर माँ शिवकुमारी देवी कीं डंडा मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायलय भेज दिया हैं।

# कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री ने की बैठक

**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में जनपद सीतापुर के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभागवार दायित्वों, प्रचार-प्रसार, जनसहभागिता तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जाएगा।प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों का आयोजन जनपद, तहसील, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से किया जाए तथा इसमें आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रमों की तैयारियां समय से पूर्ण कर लें तथा सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान को विशेष रूप से सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है तथा वृक्षारोपण के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों से अपनी-अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम से एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए, जिससे यह अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थी सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, गोष्ठियां, जन जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, योग कार्यक्रम, युवा एवं महिला समूहों की सहभागिता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाए तथा उनके अनुभव साझा कराए जाएं, जिससे अन्य पात्र व्यक्तियों को भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रेरणा मिल सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाए तथा कार्यक्रमों के आयोजन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आयोजन स्थलों पर पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, सुरक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा भी की जाए।बैठक में जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. ने कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां आवंटित कर दी गई हैं।

## बीएसए डॉ. गोरखनाथ से रवींद्र दीक्षित ने कीं मुलाकात

**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सीतापुर के जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित व जिला मंत्री हंसराज वर्मा के नेतृत्व में जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों एवं जनपद के समस्त ब्लॉकों के अध्यक्षों व मंत्रियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल से शिष्टाचार भेंट की।भेंट के दौरान शिक्षकों से संबंधित विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासनिक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

संघ पदाधिकारियों ने जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के संबंध में अपने विचार रखे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विभाग एवं शिक्षक संघ के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर संघ के जिला कार्यसमिति सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर नवीन श्रीवास्तव,रत्नेश मिश्र, पुनीत कुमार शुक्ल जीतू, उमेश यादव , पवन सिंह, अजय सिंह, अश्वनी सिंह, विवेक पंडित, प्रदीप वर्मा, शिवसागर वर्मा, ज्ञान प्रकाश वर्मा, उमेश शुक्ला, विनय गिहार, कौशलेन्द्र,शिवम बाजपेई, रामेन्द्र उमेश वर्मा, आशीष, ज्ञानेश, अर्पित, विनोद, अजय, प्रदीप, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

# गांव की वृक्षगणना पूर्ण कर जिला वन अधिकारी को अमित अवस्थी ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, 04 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राम पंचायत मसौली के जंगली पशु पक्षियों हेतु मानव रहित 100 बीघे के वन क्षेत्र को सुरक्षित करने, 100 वर्ष से अधिक आयु के 19 वृक्षों के संरक्षण, गाँव की नालियों का गंदा जल बिना शोधित किए कल्याणी नदी में प्रवाहित होने पर रोक लगाने एवं गाँव के निवासी 16 राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण आदि मांगों को लेकर अमित अवस्थी 'अधिवक्ता' संयोजक धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र.ने अपने सहयोगियों युगल दीक्षित, सुरेश चंद्र गौतम, इंद्रजीत सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह आदि के साथ जिला वन अधिकारी आकाशदीप बधावन को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर संयोजक अमित अवस्थी ने बताया कि 'नगरों से गाँव का पर्यावरण स्वच्छ होता है' इस सिद्धांत को वर्तमान में सत्यता की कसौटी पर कसने हेतु अपने ही गाँव की स्पष्ट भौगोलिक सीमा निर्धारित कर उन्होंने पिछ्ले वर्ष अपने गाँव को 14 भागों में बाँटकर 5 वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों की गणना उनकी प्रजाति एवं उनके लैंडमार्क की पहचान कर की थी। जब सभी खेती की फसलें कीटनाशकों के प्रयोग से तैयार की जा रही हैं तो वृक्ष ही स्वच्छ पर्यावरण के लिए आशा की किरण हैं, गाँव का पर्यावरण वृक्षों और मानव आबादी के अनुपात, यूकेलिप्टस और जंगली बबूल जैसे आतंकवादी वृक्षों की संख्या, वर्ष में कुल आवश्यकता के सापेक्ष वर्षा जल संचय आदि पर निर्भर होता है। ग्राम मसौली के पर्यावरण के संबंध में देश के गांवों के लिए उदाहरणस्वरुप इस प्रकार की एक रिपोर्ट तैयार की गई है जिसमें गाँव के 5 वर्ष से अधिक आयु के सभी 21061 वृक्षों की गणना धर्मसेवकों के सहयोग से की गई। इस गाँव में 5 वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों की कुल 102 प्रकार की वनस्पति पाई गई जिसमें 5 प्रकार की प्रजाति की जानकारी नहीं हो पाई। गाँव में आतंकवादी वृक्ष यूकेलिप्टस 7034 और जंगली बबूल 93 पाए गए अर्थात मानव समाज के लिए कल्याणकारी वृक्षों की संख्या मात्र 13934 पाई गई जबकि गाँव की आबादी 25000 से अधिक है। वर्तमान राज्य के शासनकाल के 8557 वृक्ष पाए गए।

# मिश्रिख में जल संरक्षण को लेकर लगीं चौपाल, निकाली गई पदयात्रा

**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड मिश्रिख के ग्राम इमलिया स्थित राजकीय नलकूप संख्या 196 पर एक प्रभावशाली ग्रामीण चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और जल बचाने की शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।चौपाल के दौरान किसानों को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों—जैसे वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और सीमित सिंचाई तकनीको के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नलकूपों के संचालन में विभागीय निदेर्शों का पालन करना बेहद आवश्यक है, ताकि पानी का अनावश्यक दोहन रोका जा सके और संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो। इस दौरान किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके समाधान पर खुलकर संवाद किया गया।इसी क्रम में राजकीय नलकूप संख्या 359 (मिश्रिख, ग्रामझजलेपारा) और 356 (मिश्रिख जलेपारा) तक क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं किसानों के साथ पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के बाद वहां भी ग्राम चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलायी गई। किसानों को समझाया गया कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करें। साथ ही शासन के निदेर्शानुसार तीनों नलकूप स्थलों पर वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती मिल सके।यह आयोजन न केवल किसानों को जागरूक करने में सफल रहा, बल्कि जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भी संदेश देने में अहम साबित हुआ। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम हिमांशु विक्रम सिंह ने किसानों को संबोधित कर जल संचयन एवं वर्षा जल के समुचित उपयोग के बारे में बताया वही नलकूपों के उपयोग और उनकी सुरक्षा के लिए भी ग्रामीण को प्रेरित किया इस अवसर पर हिमांशु विक्रम सिंह अधिशासी अभियन्ता, महेन्द्र सिंह सहायक अभिमत्ता, हरेन्द्र कुशवाहा सहायक अभियन्ता, धर्मेन्द्र सिंह उपराजस्व अधिकारी, अवर अभियन्ता अजय सैनिक, प्रशान्त कुमार मौर्य, अशोक कुमार, अनिल सिंह परमार, प्रवीण चौरसिया, अभय पटेल, देवेश यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, दीप कुमार अवर अभियंता के साथ साथ स्थानीय किसान शिव कुमार सिंह पुत्र सूरज बख्श सिंह, होरी लाल पुत्र लाल बहादुर, शीतला बक्स सिंह पुत्र मनोहर, ब्रजपाल मौर्य पुत्र गोकरन मिश्री लाल पुत्र रामआसरे रवि सिंह पुत्र श्रवण कुमार, राम बहादुर, श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान के लिए अधिशाषी अभियन्ता से मिले पेंशनर्स



**बस्ती, 04 जून (तरुणमित्र)।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन का एक प्रतिनिधि मंडल पेंशनरों की समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड से मिलने पहंचा। उनकी गैर मौजूदगी मे फोन पर हुई वार्ता के उपरान्त एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल अधिशाषी अभियन्ता के प्रशासनिक अधिकारी तुलसीराम से मिला और समस्याओं से अवगत कराते हुये अविलम्ब समाधान की मांग की।

श्री उपाध्याय ने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता ने व्यस्तता का हवाला देते हुये मिलने से मना कर दिया। फिलहाल प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया है। नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बताया कि बाढ़ खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता इंजी. दिनेश कुमार सिचाई विभाग के आहरण वितरण अधिकारी हैं। उन्होने कुछ माह पूर्व एक पत्र जारी कर पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु दावा प्रस्तुत करने पर सर्वप्रथम उस चिकित्सक/चिकित्सालय को भेजकर परीक्षण कराते हुये सम्बन्धित प्राधिकारी को निर्देशित किया गया है। इस नई और शासनादेशों को दरकिनार कर बनाई गई व्यवस्था के चलते इलाज कराने के उपरान्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु दर दर भटकना पड़ रहा है। माह फरवरी मे प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर उनसे उपरोक्त संदर्भ मे वार्ता किया था। उन्होने आश्वासन दिया था कि भविष्य मे ऐसी शिकायत नही मिलेगी। लेकिन सम्बन्धित अधिकारी अधिशाषी अभियन्ता द्वारा जारी पत्र का हवाला देकर जहां इलाज कराया गया है उस चिकित्सालय को पत्रावली भेजकर परीक्षण कराने की नई परंपरा चला रहे हैं। जबकि शासनादेशों में स्पष्ट उल्लेख है कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करने के बाद 10 दिनों के भीतर तकनीकी परीक्षण हेतु सक्षम अधिकारी को भेजा जाये।

उसे परीक्षण के उपरान्त 15 दिनों के भीतर कार्यालय अध्यक्ष को वापस कर दिया जाये जिससे भुगतान की प्रक्रिया सम्पन्न हो। किन्तु शासनादेशों की अनदेखी कर स्थितियों को असहज किया जा रहा है जो पेंशनरों के आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न की मंशा को रेखांकित करता है। उन्होने कहा कि पटल सहायक द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर फर्जी भुगतान कराकर लाभ अर्जित किया जा रहा था, जो अधिकारियों के संरक्षण मे हो रहा था। इस नियोजित भ्रष्टाचार की कीमत पेंशनरों को चुकानी पड़ रही है।

## अवैध पिस्टल के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती, 04 जून (तरुणमित्र)।** थाना नगर पुलिस व एस०ओ०जी० टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना क्षेत्रान्तर्गत पारिवारिक वाद-विवाद के उपरांत व्यक्ति के रिश्तेदार द्वारा अपने साथी के साथ व्यक्ति के घर छत पर आकर व्यक्ति को पिस्टल दिखाकर मारने-पीटने के संबंध में दर्ज मुकदमें में अभियुक्त राहुल उर्फ शुभम विश्वकर्मा को ग्राम बीरऊपुर थाना नगर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल 32 बोर, चार कारतूस व मोबाइल बरामद किया। पूछताछ के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त ऋषभ सिंह को ग्राम खुटहन से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद कट्टा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व तीन अदद मोबाइल, रुपये 1,620 नगद, एक लोहे का राड व घटना में प्रयुक्त गाड़ी स्कार्पियो-एन को बरामद की।

# अंशु सिंह गौतम ने रिठिया में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

**बस्ती, 04 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के ग्राम रिठिया में स्मार्ट संस्था एवं ओमनी रेडियो के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष नैरोकास्टिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कर्मा देवी समूह की कार्यकारी निदेशक अंशु सिंह गौतम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और समय पर जागरूकता से अनेक गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक



स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को टीबी जांच, आयुष्मान भारत योजना, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, स्वच्छता तथा हीट वेव से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।रेडियो ओमनी के स्टेशन निदेशक वीर प्रताप सिंह ने कहा कि स्मार्ट संस्था एवं ओमनी रेडियो का उद्देश्य गांव-गांव तक स्वास्थ्य संबंधी सही एवं उपयोगी जानकारी पहुंचाकर लोगों को जागरूक और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही स्वस्थ, जागरूक एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में रेडियो ओमनी की टीम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की तथा जागरूकता संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिले हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान



**सीतापुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की।इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश के विकास और सनातन धर्म की रक्षा से जुड़े विभिन्न गंभीर सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान अनूप खेतान ने केंद्रीय मंत्री को 'हिंदू सुरक्षा सेवा संघ' द्वारा धरातल पर किए जा रहे सामाजिक कार्यों, जन-कल्याणकारी गतिविधियों और सनातनी मूल्यों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने देवस्थानों के पुनरुद्धार और युवा पीढ़ी में नैतिक संस्कारों के प्रवाह को लेकर संगठन की आगामी कार्ययोजना भी साझा की।केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अनूप खेतान के नेतृत्व में संगठन द्वारा किए जा रहे जनहित और धर्महित के कार्यों की सराहना की। उन्होंने अनूप खेतान को समाज सेवा के पथ पर निरंतर पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और हर संभव मार्गदर्शन व सहयोग का आश्वासन भी दिया।

मुलाकात के उपरांत अनूप खेतान ने कहा केंद्रीय मंत्री जी का मार्गदर्शन और स्नेह सदैव समाज व राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा करने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। संगठन पूरी ईमानदारी के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनने और सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

# शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**फतेहपुर/बाराबंकी, 04 जून (तरुणमित्र)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत तहसील फतेहपुर में मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय सीमा से पूर्व 100 प्रतिशत पूर्ण करने पर सुपरवाइजर व प्रगणकों की टीम को तहसील प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर सम्पन्न कुमार निगम व प्रगणक निशा निगम, रिचा शर्मा, नेहा सोनी और कृष्ण कुमार सिंह ने अथक परिश्रम किया। टीम ने सभी गांवों, मजरा-पुरवों में जाकर घर-घर भौतिक सत्यापन कर मकान सूचीकरण ऐप पर डाटा फीड किया। तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर टीम ने कार्य को त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया।



प्रगणकों ने सिर्फ सूचीकरण ही नहीं किया, बल्कि ग्रामीणों को जनगणना के महत्व, गोपनीयता और इसके राष्ट्रीय विकास में योगदान के बारे में भी जागरूक किया। ग्रामीणों के सकारात्मक सहयोग के कारण बिना किसी रुकावट के कार्य संपन्न हो सका। आज गुरुवार को तहसील फतेहपुर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी श्री कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार सुश्री वैशाली अहलावत, नायब तहसीलदार श्रीमती अनु सिंह व नायब तहसीलदार श्री विजय प्रकाश तिवारी ने टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने कहाः कि जनगणना 2027 देश की आधारशिला है। टीम ने अनुशासन, समयनिष्ठा और समर्पण से यह साबित किया है कि लक्ष्य कठिन नहीं होते। इनका कार्य अन्य लोगों के लिए आदर्श बनेगा।तहसीलदार वैशाली अहलावत ने टीम की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ़इतने बड़े क्षेत्र में शुद्ध डाटा संग्रह करना आसान नहीं था। टीम ने जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। आगामी चरणों में भी इसी तत्परता की अपेक्षा है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 15 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में डेल्ट्रॉन द्वारा निर्मित यूनिवर्सल फेल–सेफ ब्लॉक इंटरफेस (यूएफएसबीआई) की 36 (छत्तीस) महीनों की वार्षिक मरम्मत का अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु. 81,39,771.81 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 1,62,800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.06.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 15 / 2026–27 दिनांक: 03.06.2026 1905/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 04 जून (तरुणमित्र)।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राजनैतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद प्रभारी मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर की अध्यक्षता में आज विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में आयोजित हुई।



प्रभारी मंत्री को जिलाधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

बैठक में प्रभारी मंत्री को मुख्य विकास अधिकारी ने विगत हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में हुई प्रगति/कार्यवाहियों से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने जल निगम को निर्देश दिए जनपद में जहां पर भी जलापूर्ति कार्य किए गए संचालित हैं की वर्तमान अपडेट की सूची जनपद के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति के कार्यों में कोई भी सड़क खुली ना छोड़ी जाए, उसको तत्काल ठीक कराई जाए। माननीय प्रभारी मंत्री ने शहर के मीनाक्षी चौक महावीर चौक झांसी की रानी चौक, बकरा मंडी आदि विभिन्न चौराहो पर अतिक्रमण के संबंध में समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए जहां से अतिक्रमण हटवाया गया है उसकी जांच की जाए कि वह दुवारा अतिक्रमण किया तो नहीं किया निरीक्षण करते रहे। उन्होंने निर्देश दिए हर एक वेंडर का आई डी कार्ड होना अति आवश्यक है, जिनके नहीं बने हैं, उनके आई डी कार्ड बनाए जाएं। वेंडरों को बेंडिंग जोन में शिफ्ट करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाओ को निर्देश दिए की बरसात का मौसम आने वाला है शहर नगर पालिका एवं नगर पंचायत की सभी नाले व नालियां की अच्छी तरह सफाई करवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बरसाती पानी का निकास अच्छी तरह से हो सके। उन्होंने विकास प्राधिकरण सचिव को निर्देश दिए। जिन जिन अवैध कॉलोनी का धुष्टिकरण किया गया है, उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। अवैध कॉलोनी पर दुबारा तो निर्माण नहीं किया गया, इसकी जांच कराई जाए, यदि दोबारा निर्माण हुआ है, संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष को निर्देश दिए समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए यूरिया दूसरी जगह पर सप्लाई की गई है, किन लोगों की सहमति से यहां से यूरिया को पहुंचाया गया है, उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड को निर्देश दिए कि ऐसे उद्योग है जो नियमों का पालन न किया जा रहा है, उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए जिन गांवों में किस कारण बीमारी बढ़ रही है,अभियान चलाकर वहां के लोगों की जांच अवश्य की करायी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए की माननीय प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी ऐसी सड़क ना रहे, जिसमें गड्ढे हो,सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त रहें। इसमें किसी तरह की लापरवाही ना बरती जाए।

प्रभारी मंत्री को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था हेतु की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कॉलेज के पास कुछ लोग नशीले पदार्थ की बिक्री करते हैं जिससे युवाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, इसकी जांच करते हुए संबंधितों के विरुद्ध कानूनी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। अबैध रूप से हैवी ट्रक रोड पर ना खड़े हो, यदि रोड पर खड़ा पाया जाता है, तो उसका चालान कर आवश्यक कार्रवाई कि जाए।

प्रभारी मंत्री को मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को समर्पित व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## पुलिस ने सीज किये मिट्टी से भरे तीन डंपर

**सहारनपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** गागलहेड़ी थाना पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरे तीन डंपरों को मौके से पकड़कर सीज किया है, पुलिस की इस सख्ती से क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है और जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है।



थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार रात थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम गशत और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि हरौड़ा के पास कुछ भू-माफिया अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां देखा कि तीन डंपरों में अवैध रूप से मिट्टी भरकर उनका परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने तीनों डंपरों को मौके से कब्जे में लेकर सीज कर दिया और थाने परिसर में लाकर खड़ा कर दिया।

थाना प्रभारी ने कहा थाना क्षेत्र में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जरूर होगी सीज किए गए वाहनों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रोपे जाएंगे 31 हजार पौधे

**सहारनपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सामुदायिक शौचायलयों की महिला केयरटेकर के प्रशिक्षण में विकास भवन स्थित सभागार में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुबोध कुमार ने कहा कि स्वच्छता एवं सुरक्षित पशुपालन से महिला केयरटेकर अपनी आमदनी बढ़ाएं।

डॉ0 सुबोध कुमार आज विकास भवन के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों की महिला केयरटेकर के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे उन्होंने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए महिला केयर टेकरों को स्वच्छ सुरक्षित एवं विकसित समाज बनाने के लिए पशुपालन करने के लिए भी अभिप्रेरित किया।

प्रशिक्षण में जानकारी दी गयी कि पंचायत राज विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 31000 पौधे रोपे जाएंगे। प्रत्येक पंचायत सचिवालय, आर.आर.सी. सेंटर, सामुदायिक शौचालय पर पौधे रोपित किए जाएंगे। मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी अभियान के अन्तर्गत तालाबों पर भी पौधे रोपे जायेगें। सामुदायिक शौचालयों कि महिला केयर टेकरों ने एक पेड़ मां के नाम सामुदायिक शौचालयों पर लगाने एवं बचाने का संकल्प लिया।

इससे पूर्व संदीप कुमार एवं आशीष सिंह जिला स्वच्छता सलाहकार द्वारा स्वच्छता के सात आयाम पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सामुदायिक शौचालय महिला केयरटेकर की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

विकासखंड साढौली कदीम के सामुदायिक शौचालय महिला केयरटेकर के प्रशिक्षण में अजय कुमार खंड स्वच्छता प्रेरक, प्रदीप पुंडीर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अंकित कुमार खंड स्वच्छता प्रेरक ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन देव भास्कर पांडेय ने किया।

# भाकियू ने एलडीएम से मिलकर की शिकायत

**हापुड़, 4 जून (तरुण मित्र)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में एल डी एम हापुड़ से मिला। जहां उन्होंने इंडियन बैंक निजामपुर शाखा के बैंक मैनेजर के व्यवहार की शिकायत करते हुए बताया कि बैंक मैनेजर का व्यवहार अपने ग्राहक किसान-मजदूर के साथ ठीक नहीं है, जब बैंक में किसान अपने कार्य के लिए जाते हैं लेकिन वहां कार्य न करने के अलावा किसान को बैंक से गार्ड के द्वारा बाहर कर दिया जाता है, अन्य सब बातों का भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक विरोध करती है, अगर इस बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो



### ❑ बैंक मैनेजर के व्यवहार से परेशान थे किसान

भाकियू अराजनैतिक इंडियन बैंक निजामपुर हापुड़ पर तालाबंदी व आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी बैंक प्रशासन की होगी। इस पर एल०डी०एम ने यूनियन के पदाधिकारी को आशीर्वाद आश्वासन देते हुए कहा है कि इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। शिकायत करने वालो में कटार सिंह, मनोज तोमर, एल पी तोमर, लखन तोमर, संदीप तोमर, सुनील तोमर आदि मौजूद थे।

## किसानों का आम निर्यात को तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम

**अमरोहा, 04 जून (तरुणमित्र)।** दिनांक 04/06/26 को राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के किसानों की आय को दुगुना करने के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए जनपद के किसानों की आम की फसल को निर्यात हेतु बनाने के उदेश्य से जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ के द्वारा किसानों को मैंगो बैग वितरित किए गए। ये योजना मण्डी परिषद लखनऊ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अमरोहा एवम पूर्वी उत्तर प्रदेश के लखनऊ मंडी क्षेत्रान्तर्गत आने वाले किसानों को लाभ देने के लिए चिन्हित किया गया था। जिसका आज कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारी के द्वारा मैंगो बैग किसानों को वितरित किए गए हैं। मण्डी सचिव के द्वारा अवगत कराया गया कि यदि किसी किसान को मैंगो बैग चाहिए हो तो वह अमरोहा मंडी समिति कार्यालय से प्राप्त कर सकता हैं। इस अवसर पर मंडी सभापति मसीहा नजम, मंडी सचिव अरविंद कुमार, एवम कृषक पवन कुमार, जेराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## यूपी में चली तबादला एक्सप्रेस, मेरठ को मिले तीन नए सीओ

**मेरठ, 04 जून (तरुणमित्र)।** यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल करते हुए शासन द्वारा 206 पीपीएस अफसरों का तबादला किया गया है। जिसके तहत मेरठ जिले से भी तीन सीओ को ट्रांसफर करते हुए तीन नए सीओ को तैनात किया गया है। शासन से जारी हुई सूची में यूपी में 206 पीपीएस अफसर को ट्रांसफर किया गया है। जिनमें मेरठ जिले में तैनात सुचिता सिंह को गाजियाबाद, सौम्या को नोएडा और अभिषेक पटेल का भी मेरठ से तबादला किया गया है। वहीं, बिजनौर से संग्राम सिंह, इंस्पेक्टर से सीओ बने विश्व ज्योति राय को मेरठ ट्रांसफर किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सहारनपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में समुचित निर्देश दिये तथा विकास कार्यों की समीक्षा की ।

सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए व्यापक एवं भव्य रणनीति बनाई जाए। अधिकारियों द्वारा सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, 08 से 14 जून तक विशेष जन-सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम, 11 से 14 जून तक मीडिया संबोधन एवं संवाद, 14 से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, 16 से 17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी, 18 से 19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं एवं 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा।

सुनील कुमार शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखण्डों, नगर निकायों एवं नगर निगम में लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए। विशेष जनसम्पर्क एंव जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित किया जाए। जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला के तहत विकासखण्डों एवं नगर निकायों में स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जाएं तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए। विकसित भारत सकंल्प सम्मेलन के तहत तीन विकासखण्डों में प्रबुद्धजनों द्वारा सरकार की उपलब्धियों के संबंध में व्याख्यान दिए जाएं। विकास प्रदर्शनी को कम्पनी बाग में लगाया जाए। प्राकृतिक खेती के संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र कृषकों को आमंत्रित करते हुए प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती के संबंध में कार्यशाला आयोजित की जाए।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अलीगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** हरदुआगंज थाना क्षेत्र के बड़ागांव में 35 वर्षीय युवक का शव खेत में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार शाम ग्रामीणों ने खेत में शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान गांव निवासी 35 वर्षीय अर्जुन के रूप में हुई है। परिजन जसवंत कुमार ने बताया कि अर्जुन बुधवार से घर से लापता था। परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थेए लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार शाम खेत में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान की।

# मेरठ में भीम आर्मी के नेता हाउस अरेस्ट

**मेरठ, 04 जून (तरुणमित्र)।** मेरठ में 5 जून को प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन रैली से पहले राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उनके घरों में ही रोक दिया है। बिजनौर में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और चंद्रशेखर आजाद को भी उनके आवास पर पुलिस निगरानी में रखा गया है। पार्टी की ओर से 4 जून से सत्ता परिवर्तन यात्रा शुरू की जानी थी, जो बिजनौर से होते हुए 5 जून को मेरठ पहुंचने वाली थी।

पार्टी कार्यकताओं के अनुसार, यात्रा की तैयारियां पिछले करीब 15 दिनों से चल रही थीं। मेरठ के शेरगढ़ी समेत कई इलाकों में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही थी। लेकिन, यात्रा शुरू होने से पहले ही कई पदाधिकारियों और समर्थकों को उनके घरों में रोक दिए जाने की सूचना सामने आई है।

चंद्रशेखर ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

इस घटनाक्रम के बाद चंद्रशेखर आजाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने प्रशासन और सरकार के रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दिन पहले मुख्यमंत्री के दौरे के समय यात्रा को रोकने के निर्देश दिए गए थे। चंद्रशेखर ने कहा कि यदि उन्हें अपने समर्थकों और लोगों के बीच जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो वह इस पूरे मामले पर बड़ा निर्णय ले सकते हैं।

## डीएम सैनिक बन्धु की बैठक 8 को

**अलीगढ़, 04 जून (तरुणमित्र)।** डीएम अविनाश कुमार की अध्यक्षता में 08 जून को अपरान्ह 01 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन किया जाएगा। विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान (अ०प्रा०) एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के समस्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि यदि उनकी कोई समस्याएं हैं तो अपनी समस्याओं से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के साथ बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्या को जिलाधिकारी से साझा करें ताकि समस्याओं का समाधान हो सके।

## पेज 1 का शेष...

### अफसरों की जवाबदेही...

अदालत ने कहा कि नियम और कानून इसी अनियंत्रित शक्ति को सीमित करने और नियम आधारित प्रशासनिक संस्कृति विकसित करने के लिए बनाए गए हैं। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि फैसले की प्रति सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाए ताकि वह न्यायालय की चिंताओं का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन कर सकें। साथ ही उच्च स्तरीय समिति की कार्यवाही समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मामले के गुण-दोषों पर विचार करते हुए अदालत ने याचिका स्वीकार कर क्षेत्रीय पासपोर्ट प्राधिकरण, बरेली को याचिकाकर्ता का पासपोर्ट नियमानुसार जारी अथवा नवीनीकृत करने का आदेश दिया।

### ट्रंप को झटका, ईरान...

कारण आर्थिक तथा मानवीय लागत बढ़ी है। मीक्स ने दावा किया कि युद्ध ने कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं को कमजोर किया है, जबकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी कोई ठोस सफलता नहीं मिली। उन्होंने बढ़ती ईंधन कीमतों और आम अमेरिकियों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ का भी उल्लेख किया। प्रतिनिधि प्रमिला जयपाल ने भारत में होने के कारण मतदान में भाग नहीं लेने पर अफसोस जताते हुए कहा कि यदि वह मौजूद होतीं तो प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करतीं। वहीं, प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में राष्ट्रपति और सेना के सर्वोच्च कमांडर के अधिकारों को सीमित करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। व्हाइट हाउस ने भी प्रस्ताव की आलोचना करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग जारी रखेंगे। अब यह प्रस्ताव आगे विचार के लिए सीनेट में भेजा जाएगा।

### मुजफ्फरपुर के अस्पताल...

जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। इससे आईसीयू वार्ड में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ और आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। घटना के बाद करीब 12 बड़ी-छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। अस्पताल को खाली कराया गया है। अस्पताल के मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के औराई निवासी शशांक कुमार, मोतीपुर निवासी गीता देवी, शिवहर जिले के तरियानी निवासी उदय कुमार, कृष्ण नंदन और चंचला कुमारी के रूप में हुई है। वहीं घटना में झुलसे कई लोगों का अभी भी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनके बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने से व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा घायलों के उपचार के लिए सदर अस्पतालों में समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। इस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। जिला प्रशासन को घायल मरीजों की सुरक्षा एवं उपचार के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। राहत के कार्य युद्धस्तर पर चलाने के आदेश भी दिये गए हैं। इस घटना की जांच होगी। जिम्मेदारी तय होगी।

### भारत-वेनेजुएला रिश्तों...

को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संवाद आर्थिक, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी को और गति देगा।विदेश मंत्रालय के अनुसार, रोड्रिगेज के साथ आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य ऊर्जा, दवा और ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े भारतीय प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। इसका उद्देश्य भारत की तकनीकी दक्षता, औद्योगिक क्षमता और निवेश संभावनाओं का अध्ययन करना है। साथ ही दोनों देशों के बीच संयुक्त परियोजनाओं और निवेश के अवसरों पर भी विचार किया जाएगा।

ऊर्जा क्षेत्र भारत और वेनेजुएला के संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण आधार रहा है। दुनिया के बड़े तेल उत्पादक देशों में शामिल वेनेजुएला के साथ भारत लंबे समय से ऊर्जा सहयोग बनाए हुए है। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों ने वहां के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश किया है और भविष्य में इन निवेशों के विस्तार की संभावनाएं भी तलाश रही हैं। माना जा रहा है कि मौजूदा वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों के बीच दोनों देशों की यह साझेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और वेनेजुएला के संबंध आपसी सम्मान, मित्रता और वैश्विक दक्षिण के साझा हितों पर आधारित हैं। दोनों देश बहुपक्षीय मंचों पर भी कई मुद्दों पर समान दृष्टिकोण रखते हैं। ऐसे में रोड्रिगेज की यह यात्रा केवल द्विपक्षीय सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज को और मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सरकार को उम्मीद है कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग को नई गति मिलेगी तथा भविष्य में संबंध और अधिक व्यापक एवं मजबूत बनेंगे।

### शादी के बाद भी बेटी...

इसलिए किसी भी कल्याणकारी योजना में बेटियों के साथ ऐसा भेदभाव स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस निर्णय का महत्व केवल एक राशन दुकान के आवंटन तक सीमित नहीं है। यह फैसला उन लाखों महिलाओं के लिए उम्मीद का संदेश है, जो वर्षों से विवाह के बाद अधिकारों के सवाल पर सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना करती रही हैं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पात्रता का निर्धारण वास्तविक निर्भरता और परिस्थितियों के आधार पर होगा, न कि केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर ।दरअसल, यह फैसला बदलते भारत की तस्वीर को स्वीकार करता है। परिवार अब केवल परंपरागत परिभाषाओं से नहीं चलता, बल्कि जिम्मेदारियों और रिश्तों से चलता है। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं और अपने माता-पिता की जिम्मेदारी भी उतनी ही निष्ठा से निभा रही हैं जितनी बेटे। सर्वोच्च न्यायालय ने कानून की भाषा में वही बात कही है जिसे समाज को बहुत पहले स्वीकार कर लेना चाहिए था कि बेटियां शादी के बाद पराई नहीं होतीं। उनका रिश्ता, उनका दायित्व और उनका अधिकार दोनों परिवारों के साथ बना रहता है। यही इस ऐतिहासिक फैसले का सबसे बड़ा मानवीय संदेश है।

### पर्यटन से मिलेगी सांस्कृतिक...

बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट, बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट, 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी होनी चाहिए जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे। भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े ज्ञान भारतम् मिशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह केवल अभिलेखीकरण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित नौसेना शौर्य वाटिका, निमार्णाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय, आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, नैमिषारण्य समग्र विकास परियोजना, मिजार्पुर-विंध्याचल इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान तथा चित्रकूट के प्राचीन सोमनाथ मंदिर संरक्षण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए और विकास कार्यों में ऐतिहासिक प्रामाणिकता, सांस्कृतिक विरासत तथा आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन बनाए रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की धरोहरों का संरक्षण और उनका प्रभावी प्रस्तुतीकरण नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

## डीएम ने पॉवर प्लांट के पास वेटलैंड भूमि का किया निरीक्षण

**एटा, 04 जून (तरुणमित्र)।** तहसील सदर क्षेत्र में मलावन पावर प्लांट के पास स्थित लगभग 21.665 हेक्टेयर वेटलैंड भूमि का जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इला मारन एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विपिन वर्मा के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेटलैंड के प्राकृतिक स्वरूप, पारिस्थितिकी तंत्र और संरक्षण की संभावनाओं का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वेटलैंड की जैविक विशेषताओं को संरक्षित रखते हुए इसे प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र बनाया जाए। उन्होंने सघन वृक्षारोपण के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आदेश दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हो। उन्होंने कहा कि वेटलैंड भूमि जैव विविधता, भू-जल संवर्धन और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को क्षेत्र की संरक्षा और रखरखाव की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## पूनम मित्तल हत्याकांड का खुलासा, पड़ोसी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर, 04 जून (तरुणमित्र)।** चर्चित पूनम मित्तल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में नकुड़ पुलिस तथा स्वाट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया, जबकि दूसरे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान पुत्र सुलेमान तथा अंकुर गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 1 जून को अंबेहटा क्षेत्र में महिला पूनम मित्तल की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी तथा उनके कान का कुंडल भी लूट लिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना से संबंधित लूटा गया पीली धातु का कुंडल, एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।


**TENDER NOTICE**

A reputed organisation is looking for a warehouse of around 1-1.2 lakh sq. ft. in Dadri and Hapur area. Interested vendors can send their quotations to the below mentioned e-mail Id. jasvinderl973 @ gmail.com In case of any query, kindly contact below mentioned person: Anshu Sharma-+91 9903955019 The quotations-are to shared within 10 days of the advertisement date.



**आवश्यकता है**

श्री राधाकृष्ण महिला महाविद्यालय सुंदरपुर-गोविंदपुर गाजीपुर (उ.प्र.) को स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के विषयों भौतिकी, रसायन, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित में स्व वित्तपोषित योजना के अंतर्गत प्रवक्ताओं की। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं यूजीसी की परिनियमावली लागू। विज्ञापन के 21 दिन के अंदर संपर्क करें।

प्रबंधक
मो.नं.-9838803343



**उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0**
**विद्युत पारेषण खण्ड गोण्डा**

ई० निविदा सूचना दिनांक 04.06.2026

1. अति अल्पकालिक ई-निविदा संख्याः 03/वि०पा०ख०/गो०/2026-27: विद्युत पारेषण खण्ड गोण्डा के अधीन जनपद गोण्डा के अन्तर्गत आने वाले 220 एवं 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर वृक्षारोपण सम्बन्धी कार्य। प्रपत्र मूल्य रू0 590.00, धरोहर धनराशि रू0 2000.00, ई० निविदा की अन्तिम तिथि 12.06.2026 समय 12:00 बजे एंव खुलने की तिथि 12.06.2026 15:00 बजे।
2. अति अल्पकालिक ई-निविदा संख्याः 04/वि०पा०ख०/गो०/2026-27: विद्युत पारेषण खण्ड गोण्डा के अधीन जनपद बलरामपुर के अन्तर्गत आने वाले 220 एंव 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर वृक्षारोपण सम्बन्धी कार्य। प्रपत्र मूल्य रू0 590.00, धरोहर धनराशि रू0 2000.00, ई0 निविदा की अन्तिम तिथि 12.06.2026 समय 12:00 बजे एंव खुलने की तिथि 12.06.2026 15:00 बजे ।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट httpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
**अधिशासी अभियन्ता,** विद्युत पारेषण खण्ड गोण्डा
पत्रांक/N0.-604-वि.पा.ख./गोण्डा/E.T.D/G Dated: 04.06.2026

'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'



**कार्यालय : जिला पंचायत, शाहजहाँपुर**

पत्रांकः C-334 जि.पं. सम्पत्ति/2026-27 दिनांक 04/06/2026

**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर के स्वामित्वाधीन पुराना अस्पताल पुवायां में नवीन निर्माण प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में पुराना अस्पताल पुवायां शाहजहांपुर के ध्वस्त क्वाटर में उपलब्ध सामग्री/मलबा, 'जैसी स्थिति में है' के आधार पर नीलाम किया जाएगा। यह नीलामी दिनांक 11.06.2026 को समय प्रातः11:00 बजे कार्यालय, जिला पंचायत शाहजहांपुर में संपन्न की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीदाताओं को बोली लगाने से पूर्व जमानत धनराशि के रूप में 5,000/- जमा करना अनिवार्य होगा। सर्वोच्च बोलीदाता को स्वीकृति के उपरांत नीलामी की समस्त धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। नीलामी प्राप्त करने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी उपरांत भवन के मलबे को अपने व्यय पर एक सप्ताह के भीतर स्थल से हटाना अनिवार्य होगा। नीलामी की कार्यवाही के दौरान नीलाम समिति द्वारा दिए गए निर्देश सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होंगे। नीलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को नीलामी संपन्न नहीं हो पाती है, तो नीलामी की कार्यवाही प्रत्येक गुरूवार को निर्धारित समय एवं स्थान पर की जाएगी। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय, जिला पंचायत शाहजहांपुर में कार्य दिवसों में संपर्क किया जा सकता है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर


संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# खाली प्लाटों में पड़ा कूड़ा, जमीन मालिकों को नोटिस देने के निर्देश

## प्रभारी मंत्री और मेयर ने किया स्थलीय निरीक्षण, जमीन मालिकों को खाली प्लाट की बाउंड्री करवाना अनिवार्य

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**।गुरूवार प्रभारी मंत्री और प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम जोन-4 के चार वार्डों का निरीक्षण कर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान खाली प्लाटों में पड़ा कूड़ा देखकर भड़क गए। मेयर ने इस मामले में जमीन मालिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।





खरगापुर सरसवां वार्ड के सेक्टर-5 गोमती नगर एक्सटेंशन, गीतापुरी चौराहा और खरगापुर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। संकट मोचन द्वार के पास निमार्णाधीन नाले का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को 19 जून तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए। भरवारा-मल्हौर वार्ड में एसटीपी एमिटी रोड स्थित खाली प्लॉट का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में साफ-सफाई कराने के साथ ही प्लॉट मालिकों को नोटिस जारी कर बाउंड्री वॉल निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, ताकि कूड़ा डंपिंग और अतिक्रमण पर रोक लगाई जा सके। चिनहट प्रथम वार्ड में चिनहट चौराहा स्थित बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। यहां अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और व्यापारियों व नागरिकों की सुविधा के लिए बाजार के पास पार्किंग व्यवस्था विकसित करने को कहा गया। मिठाई वाला चौराहा स्थित पीसीटीएस का निरीक्षण किया गया।

यहां साफ-सफाई और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर प्रभारी मंत्री और महापौर ने अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, यातायात प्रबंधन और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात समेत नगर निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।



रोबोटिक सर्जरी में केजीएमयू ने रचा इतिहास। छाया: तरूणमित्र

## कुकरैल में सीएम योगी आज रोपेंगे वृहद हरियाली का बीज




**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे।

उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में पांच करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम्य विकास विभाग तीन करोड़ पौध लगाएगा, कृषि विभाग 75 लाख, वन विभाग 50 लाख, उद्यान विभाग 50 लाख, पंचायती राज विभाग 20 लाख, नगर विकास पांच लाख पौध रोपेगा।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान महापौर ने दी शुभकामनाएं



**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। गुरुवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम से दिनांक 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनके दीर्घकालीन, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस अवसर पर महापौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के विकास, जनसेवा और शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने वाले कर्मचारी संस्थान की अमूल्य पूंजी होते हैं तथा उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सम्मानित किए गए कर्मचारियों में महेन्द्र कुमार, राजू, अशोक कुमार, फारूक, आफताब हैदर, राम कुमार एवं राकेश शामिल रहे। सभी कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## हमें आज पानी दे दीजिए, 2047 के विकसित भारत के सपने का क्या करेंगे

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। गुरुवार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि चित्रकूट में पानी के लिए तरसते बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की दयनीय हालत देखकर भाजपा के विकास का दावा अंडरग्राउंड हो गया है। जनता कह रही है हमें आज पानी दे दीजिए, हम 2047 के विकसित भारत के सपने को लेकर क्या करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि जब तक भाजपा का महा-भ्रष्टाचारी शासन रहेगा तब तक जल जीवन मिशन की टंकियाँ गिरती रहेंगी और हर घर जल का नारा दीवारों पर ही लिखा मिलेगा। अब फिर कोई किसी स्वतंत्र को बंधक बनाएगा तो भाजपाई कहेंगे, ये ठीक नहीं किया। भाजपा जाए तो जल आए। हर प्यासा कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा।

## हज करके लौटे हाजियों से मिले समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। गुरुवार चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर हज करके लौटे हाजियों से समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया। उन्होंने हज का सफर पूरा करने वालों को मुबारकबाद दी।

मुलाकात के दौरान हाजियों से मिलकर खुशी जाहिर की। हाजियों ने आने वाले विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनने की दुआ की। हाजी साहिबान ने कहा कि अगर प्रदेश में समाजवादी सरकार होती तो आज उन्हे सफर में इतनी परेशानियों का सामना न करना पड़ता। सफर के दौरान



मौजूदा सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं में भारी लापरवाही देखने को मिली।

तमाम हाजियों का एयरपोर्ट पर सामान चोरी हो गया। जोकि बेहद ही शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उनकी फ्लाइट्स भी काफी देरी से पहुंच रही है, जिसमें कुछ फ्लाइट्स 36 घंटे से भी ज्यादा देरी से पहुँच रही है। इस बीच खाने-पीने की समुचित व्यवस्था न होने के चलते सफर में काफी दिक्कतें हो रहीं है।

सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं के दावे झूठे दिखाई दे रहें है। जिस पर हाजियों ने नाराजगी जताई है और कहा की समाजवादी सरकार में कभी ऐसा नहीं हुआ जो दुष्वारियां इस सरकार में हो रही हैं इस मौके पर शाह आलम प्रदेश उपाध्यक्ष, अतीक उर्फ मम्मू प्रदेश सचिव, अकील खान प्रदेश सचिव, शफीन कुरैशी प्रदेश सचिव, एड० बदरुल हसन प्रदेश सचिव, मो० मोहसिन प्रदेश सचिव, जुनेद अहमद प्रदेश सचिव, शकील अहमद विधानसभा महासचिव वगैरह काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।



जन भवन में कार्यरत समस्त आउटसोर्सिंग मानव शक्तियों तथा दैनिक श्रमिकों के लिए आयोजित निःशुल्क दो दिवसीय वाटर पार्क में मस्ती करते कर्मचारी। छाया: तरूणमित्र

## माध्यमिक शिक्षा में 20 फीसदी शिक्षकों के होंगे तबादले

### निदेशालय में तैयार हो रहा है जनपद वार ब्यौरा

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। माध्यमिक शिक्षा में इस शिक्षण सत्र में मात्र 20 प्रतिशत शिक्षकों के तबादले किये जायेंगे। इसमें राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षकों को शामिल किया गया है। लेकिन गभीर रोगों से ग्रस्त, 58 वर्ष से अधिक आयु, एवं नेशनल एवं स्टेट के पुरस्कार विजेताओं का तबादला न करने का भी निर्पाय लिया गया है। जिन कालेजों में सरप्लस शिक्षक है वहां भी तबादला किया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में इन दिनों चहलकदमी बढ़ गयी है। क्योंकि नयनियुक्त निदेशक प्रताप सिंह बघेल मातहतों के साथ विभाग का पूरा ब्यौरा तैयार कर रहे हैं। इसमे कालेजों में छात्रों व शिक्षकों की संख्या, समस्याएं, योजनाओं की वर्तमान स्थित तथा रिक्त पदों की अलग अलग रिपोर्ट तैयार की जा रही है। निदेशक ने बताया कि विभाग की समस्त जानकारी हासिल कर एक प्रारुप तैयार किया जायेगा जिसे शासन स्तर पर स्वीकृ कराके सुधर किया जायेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ शहरी क्षेत्र के स्कूलों में स्वीकृत से अधिक शिक्षक कार्यरत है जिनका तबादला किया जायेगा। इस बार जनपदीय एवं अर्तजनपदीय तबदला के लिए शिक्षकों से सुझाव मागे गये है उसी के आधार स्थानातंरण किया जायेगा। इस माह के अंत तक शिक्षकों का तबादला कर उनकी नयी तैनाती करा दी जायेगी जिससे जुलाई माह से शिक्षण कार्य सुचारु ढंग आरंभ हो सके। शासन द्वारा जो तबादला नीति है उसी के अनुसार शिक्षकों का स्थानातंरण किया जायेगा। रिक्त पदों का भी ब्यौरा जनपद वार तैयार किया जा रहा है जल्दही इस दिशा में प्रयास आरभं हो जायेंगे। बीते 9 वर्षो में 33 हजार से अधिक माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती की जा चुकी है।

## वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ प्रो. राजीव रंजन उपाध्याय का निधन

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कैंसर विशेषज्ञ एवं साहित्यकार प्रो.राजीव रंजन उपाध्याय का गुरुवार को 86 वर्ष की आयु में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से चिकित्सा, साहित्य और बौद्धिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को जमथरा घाट पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों,अधिवक्ताओं, साहित्यकारों तथा शुभचिंतकों ने पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। 4 मार्च 1942 को जन्मे प्रो. राजीव रंजन उपाध्याय ने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। वे ईरान, नॉर्वे और नीदरलैंड जैसे देशों में कैंसर विज्ञान कथा लेखन के प्रोफेसर रहे तथा चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंसर विज्ञान पर उन्होंने विभिन्न भाषाओं में अनेक पुस्तकों का लेखन किया, जिन्हें चिकित्सा जगत में व्यापक सराहना मिली। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रो. उपाध्याय अखिल भारतीय विज्ञान कथा लेखन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि थी। वे हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार बद्री नारायण उपाध्याय प्रेमधन के पौत्र थे। उनके निधन को चिकित्सा और साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला बाराबंकी के युवक का शव

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। गोमती नगर विस्तार इलाके में छात्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। छात्र घर से दवाई लेने के लिए निकला था। काफी देर नहीं लौटा, तब उसकी तलाश शुरू की गई। पुलिस से परिजनों को घटना की जानकारी मिली। शाहाबाद बाराबंकी निवासी कृपा शंकर तिवारी सरकारी वकील हैं। उनका बेटा सरील तिवारी (22) बीकॉम थर्ड ईयर का छात्र था। सरील बुधवार को घर से दवाई लेने जाने की बात कहकर निकला था। काफी देर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। काफी देर तक जब सरील का कुछ पता नहीं चला तो परिजन उसके डॉक्टर की क्लिनिक पर पहुंचे। मालूम हुआ की सरील वहां नहीं आया था। हालांकि, सीसीटीवी में बाइक से सीधे जाते हुए दिखाई दिया। देर शाम करीब 7:30 बजे पुलिस ने परिजनों को एक्सीडेंट होने की सूचना दी। परिवार लखनऊ पहुंच तब असल मामला पता चला। इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार गौरव वाजपेई का कहना है छात्र का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा लग रहा है।

## डीटीसी ने देवा रोड एआरटीओ कार्यालय के कार्यों को परखा

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। उप परिवहन आयुक्यत लखनऊ जोन, राधेश्याम ने गुरुवार को देवां रोड एआरटीओ कार्यालय विस्तार पटल का दौरा किया और वहां पर चल रही जनसुविधाओं और विभागीय कार्यप्रणाली को परखा और आवश्यक दिशानिर्देश दिये। डीटीसी लखनऊ जोन ने वहां परमिट अनुभाग, टीआर शाखा और सर्वर रूम की कुछ फाइलों को उठाया और उनके पन्ने पलटकर देखें। साथ ही वहां रखे अन्य जरूरी अभिलेखों और कार्यप्रणाली की गहनता से पड़ताल की। वहां पर पहले से ही मौजूद एआरटीओ हिमांशु जैन ने डीटीसी लखनऊ जोन को विभागीय कामकाज की विस्तार से जानकारी दी।



## प्रदेश में 206 पुलिस अफसरों का स्थानांतरण

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। उत्तर प्रदेश में गुरुवार को बड़े पैमाने में पुलिस विभाग में तबादला हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 206 पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। लखनऊ में तैनात तकरीबन 12 डिप्टी एसपी का भी तबादला हुआ है। तबादले के क्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार द्वितीय को शाहजहांपुर भेजा गया है।

महाराजगंज में तैनात अनुरूद्ध कुमार को महाराजगंज महोबा, अशोक कुमार मिश्रा द्वितीय को भदोही से सेना नायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, अभिषेक सिंह को कौशांबी से बलरामपुर, अजय कुमार श्रोतिया को झांसी से अमरोहा, पंकज पंत को शाहजहांपुर से रामपुर, उदय प्रता सिंह द्वितीय के गोरखपुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया है। लखनऊ में तैनात सतीश कुमार राय को मेरठ में पीएसी की छठवीं वाहिनी भेजा गया है। लखनऊ में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त अभय कुमार मल्ल को बलरामपुर, महोबा में तैनात गौरव उपाध्याय और अंबेडकरनगर में तैनात शुभम कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई है।

मुख्यमंत्री सुरक्षा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे गए राजेश कुमार सिंह को अब लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती मिली है। कासगंज में तैनात शाहिदा नसरीन को लखनऊ कमिश्नरेट, तो वहीं लखनऊ में तैनात शिप्रा पांडेय को डीजीपी मुख्यालय में आईजी कानून-व्यवस्था के कार्यालय में तैनात किया गया है। अनुष्का को लखनऊ से प्रयागराज स्थित पीएसी की चतुर्थ वाहिनी, सुरेंद्र शर्मा को लखनऊ से बरेली में पीएसी की 8वीं वाहिनी, वीरेंद्र विक्रम को लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया और अतुल कुमार पांडेय को रामपुर से लखनऊ कमिश्नरेट में नवीन तैनाती दी है। इसी तरह अन्य पुलिस अफसरों का स्थानांतरण हुआ है।

## रोबोटिक सर्जरी में केजीएमयू ने रचा इतिहास

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। केजीएमयू के डॉक्टरों ने रोबोटिक विधि से कोलेडोकल सिस्ट से पीड़ित मरीज का इलाज कर नया जीवनदान दिया। अब हालांकि पहले से बेहतर है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने लगातार रोबोटिक विधि से बड़े–बड़े ऑपरेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही केजीएमयू में अत्यन्त कम खर्च पर उपलब्ध बच्चों के लिए रोबोटिक सर्जरी की सुविधा के बारे में जानकारी दे रहा हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है कि,जहां मरीज गौरव पुत्र रवि उम्र ग्यारह वर्ष पडीलालपुर के कानपुर निवासी है। परिजनों के मुताबिक, उनके बच्चे को कोलेडोकल सिस्ट नामक बीमारी थी। मरीज के माता-पिता ने बताया कि उन्होंने बच्चे का इलाज कानपुर तथा लखनऊ के कई अस्पतालों में भी इलाज कराया लेकिन बच्चे की बीमारी के सम्बन्ध में सफलता नहीं मिली और अन्त में वे केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की इमरजेंसी में पिछले माह को भर्ती किया गया।

# दिल्ली अग्निकांड के बाद लखनऊ में फायर विभाग अलर्ट

## शहर के प्रमुख होटलों का डीजी फायर ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, 04 जून (तरुणमित्र)**। गुरुवार दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद फायर विभाग सतर्क हो गया है। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने गोमतीनगर स्थित होटल क्लासिको पहुंचकर फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीजी फायर ने होटल में मौजूद अग्निशमन उपकरणों, फायर अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले से ही आगजनी की घटनाओं को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दे चुके हैं। उनके निर्देशों के अनुसार प्रदेशभर में नियमित फायर ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी हाईराइज इमारतों, अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच और गहन परीक्षण कराया जाएगा। फायर विभाग के अनुसार प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि को रोका जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की चेतावनी भी दी गई है।

## निष्कासित छात्रों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**लखनऊ**। गुरुवार लविवि में तीन छात्रों के निष्कासन के खिलाफ छात्रों का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी है। गुरुवार को छात्रों के समर्थन में धरने में शामिल होने कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह भी पहुंचे। उन्होंने धरने पर बैठे छात्रों को खुलकर समर्थन दिया। इसके अलावा सपा नेता पूजा शुक्ला ने भी निष्काषित छात्रों को अपना समर्थन दिया। बीते मंगलवार से लविवि कैंपस में सरस्वती प्रतिमा के सामने छात्रों ने धरना शुरू किया था।

तब से लगातार उसी स्थल पर छात्रों का प्रदर्शन जारी है। बुधवार सुबह धरना दे रहे छात्रों से मिलने पूर्व छात्र नेता राम सिंह राणा भी पहुंचे थे। इसके बाद समाजवादी छात्रसभा के अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने भी कैंपस पहुंचकर उन्हें समर्थन दिया था। लविवि कैंपस में गेट नंबर एक पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे निष्कासित छात्र प्रिंस प्रकाश ने बताया कि मैं पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र हूं। मेरी फीस में धांधली थी। ब्रोशर में फीस 4120 लिखी था जबकि यूनिवर्सिटी हमसे 5120 रुपए फीस वसूल रही है। इसको लेकर जब मैं उनसे पूछने गया। मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैंने सीधे कुलपति से ये सवाल पूछ लिया। इसके कुलपति ने हमारे खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया और कहा कि ये लोग मुझे मारने आए है। सरकारी काम में बाधा डाल रहे है और फिर इसके बाद हमारा कैंपस से निष्कासन कर दिया गया। ऐसा लग रहा है कि विश्वविद्यालय में ये लोग राजशाही चला रहे हैं। जब तक कार्रवाई का आदेश वापस नहीं होगा तब तक यह धरना जारी रहेगा।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जहर देने का आरोप

**लखनऊ**। ठाकुरगंज इलाके में 21 साल की महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह अपने पति के साथ रहती थी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भाई ने पति पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। शामली हेड़ीकर्म निवासी खुशी (21) पति सावेज के साथ गऊघाट ठाकुरगंज में किराए के मकान में रहती थी। पति शावेज साइकिल सर्कस में काम करता है। मृतका के भाई अमन ने बताया करीब 3 साल पहले खुशी ने लव मैरिज की थी। इसके बाद शावेज उसे अपने साथ लखनऊ ले आया था। उनकी 8 माह की बेटी सनाया है। लखनऊ लाने के बाद खुशी का परिवार से कोई संपर्क नहीं था। उन लोगों के खुशी के यहां रहने की जानकारी भी नहीं थी।

